

महिला के रोने मात्र से दहेज उत्पीड़न का मामला नहीं बनता : दिल्ली हाईकोर्ट - 14



पेट्रोल पंप पर भूमिगत टैंक पूरी तरह हों सील - 14



वाशिंगटन में जेलेंस्की के साथ ट्रंप की बैठक में यूरोपीय नेता भी होंगे शामिल - 15



अपने अंतिम समय में भी मैक्सवेल जीत सकते हैं एक और विश्व कप - 16


आज का मौसम
37.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.42
सूर्यास्त 06.42

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद कृष्ण पक्ष दशमी 05:22 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 18 अगस्त 2025, वर्ष 4, अंक 6, पृष्ठ 16+4 ■ मूल्य 6 रुपये




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, **मेरी पसंदीदा तस्वीर कहानी जो दिल में बसती है** व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री आज के अंक के साथ संलग्न की जा रही है।

www.amritvichar.com

## वतन वापसी पर शुभांशु को ग्रैंड वेलकम, मोदी से करेंगे मुलाकात



दिल्ली एयरपोर्ट पर शुभांशु शुक्ला का स्वागत करते केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व अन्य।

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री, दिल्ली की मुख्यमंत्री और इसरो चीफ ने अंतरिक्ष यात्री का किया स्वागत
- एयरपोर्ट पर पत्नी और बेटा भी रहे मौजूद, भारत माता के जयकारों से गूंजा परिसर

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के बाद रविवार तड़के भारत लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। यहां हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में लोगों ने तिरंगा लहराते हुए और ढोल बजाते हुए शुक्ला का भव्य स्वागत किया। भारत माता के जयकारों से हवाई अड्डा परिसर गूंज उठा। शुक्ला का केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने स्वागत किया।

शुक्ला ने सिंह द्वारा हवाई अड्डे पर स्वागत करने के बाद पोस्ट किए गए एक संदेश के जवाब में एक्स पर लिखा, धन्यवाद महोदय। घर वापस आकर निश्चित रूप से अच्छा लग रहा है। शुक्ला की पत्नी कामना और बेटा कियाश भी अंतरिक्ष उड़ान के लिए अमेरिका में लगभग एक वर्ष तक प्रशिक्षण लेने के बाद उनके घर लौटने पर स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ शुक्ला का स्वागत करने के लिए इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तिरंगा लहराते हुए भारी भीड़ जमा हुई थी। सरकार ने शुक्ला की भारत वापसी के उपलक्ष्य में सोमवार को लोकसभा में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री - 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका विषय पर विशेष चर्चा का प्रस्ताव रखा है। शुभांशु शुक्ला 25 जून 2025 को एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरिक्ष में गए थे। वह अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिन रहे और 15 जुलाई को लौटे। तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों - पैगी व्हिटसन (अमेरिका), स्लावोज उज़्नान्स्की-विस्नीवस्की (पोलैंड) और टिबोर कापू (हंगरी) के साथ शुक्ला ने कई प्रयोग किए।

### राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में करेंगे शिरकत

शुक्ला के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने और उसके बाद अपने गृहनगर लखनऊ जाने की उम्मीद है। वह 22-23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में भाग लेने के लिए राजधानी लौटेंगे। केंद्रीय मंत्री सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत का अंतरिक्ष गौरव भारतीय धरती को छू रहा है। मां भारती के प्रतिष्ठित सपूत, गगनयात्री शुभांशु शुक्ला रविवार तड़के दिल्ली पहुंचे। उनके साथ ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर भी हैं, जो भारत के पहले मानव मिशन गगनयान के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं और आईएसएस के मिशन के लिए भारत के नामित अंतरिक्ष यात्री थे। शुक्ला और उनके न जा पाने की स्थिति में (यात्रा के लिए) प्रशांत नायर आरक्षित अंतरिक्ष यात्री थे।

## ब्रीफ न्यूज

### नोएडा की राज्यकर अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** शासन ने रविवार को पांच लाख के घूसखोरी के वीडियो सामने आने के मामले में नोएडा की राज्यकर अधिकारी रेनू पांडेय को निलंबित कर दिया है। उक्त महिला अधिकारी का वीडियो और पत्र सामने आने के बाद विभाग में तरह-तरह की चर्चाएं फैलीं हैं। मामला घूसखोरी के साथ राज्य कर में तैनात महिला अफसर को निलंबन का भय दिखाकर शोषण करने के आरोप से भी जुड़ा है। मामले की जांच की अपील की गई है।

### डॉ. धीमन को एम्स पटना का भी प्रभार

**लखनऊ।** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के निदेशक प्रो डॉ. राधा कृष्ण धीमन को पटना एम्स का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। धीमन को एम्स, पटना की इन्स्टीट्यूट बॉडी का सदस्य भी नियुक्त किया गया है। देश भर में पंजाब मॉडल को लागू कराने वाले डॉ. धीमन ने पंजाब में सार्वजनिक स्वास्थ्य स्तर पर हेपेटाइटिस सी के उपचार के लिए एक लागत-प्रभावी एल्गोरिदम तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### चार इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर गरियाबंद में सुरक्षा बलों को एक और बड़ी सफलता मिली है। जिले में दो महिला और दो पुरुष नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का ऐलान किया। इन चारों नक्सलियों पर कुल 19 लाख रुपये का इनाम घोषित था। आईजी अमरेश मिश्रा ने रविवार को यहां जानकारी दी। आत्मसमर्पण करने वालों में विनोद उर्फ भीमा मंडावी शामिल है।

## कठुआ में बादल फटने और भूस्खलन से 7 लोगों की मौत

### कई लोग घायल, मलबा आने से रास्ते हुए बंद, कई कच्चे घर धराशायी

- भारी बारिश के चलते निचले क्षेत्रों में जलभराव, बाढ़ का पानी घरों और दुकानों में घुसा
- जम्मू-पठानकोट रेल मार्ग पर यातायात बाधित, बचाव कार्य में हेलीकॉप्टर के साथ जुटी सेना

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार तड़के बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में पांच बच्चों समेत चार परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हैं। जिले में रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग के जोध घाटी गांव और और जंगलोट में यह आपदा आई जिससे जलाशयों का जलस्तर बढ़ गया और कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया है।

कठुआ में बादल फटने की घटना जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चिशोती गांव में 14 अगस्त को बादल फटने से आई अचानक बाढ़ के तीन दिन बाद हुई है। चिशोती में आई आपदा में 60 लोगों की जान चली गई थी और 100 से अधिक घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने से प्रभावित जोध घाटी में एक व्यक्ति और उसके दो नाबालिग बेटों समेत पांच लोगों की मौत हो गई और गांव तक पहुंचने का रास्ता बंद हो गया व कई कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा। वहीं, जंगलोट के बागरा गांव में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मां-बेटी की भी मौत हो गई। सेना ने जोध घाटी से छह घायलों को हेलीकॉप्टर से एयर लिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया।

कठुआ थाना क्षेत्र के बगड़ और चंगड़ा गांवों और लखनपुर थाना क्षेत्र के दिलवां-हुटली में भी भूस्खलन की घटनाएं हुई। भारी बारिश के कारण अधिकांश जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है और उझ नदी खतरे के निशान के पास बह रही है। बाढ़ का पानी घरों व दुकानों में घुस गया है। जम्मू-पठानकोट रेल मार्ग पर यातायात बाधित हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की और केंद्र से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।



कठुआ में बादल फटने और भूस्खलन होने से क्षतिग्रस्त सड़क।

### मुख्यमंत्री ने की सहायता राशि देने की घोषणा

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जानमाल की हानि पर चिंता व्यक्त करते हुए अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों दो-दो लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख रुपये और मामूली घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। पूरी तरह क्षतिग्रस्त घरों के लिए एक लाख रुपये, अत्यंत क्षतिग्रस्त घरों के लिए 50 हजार और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों के लिए 25 हजार रुपये की सहायता राशि भी स्वीकृत की।

**राहुल गांधी के वोट चोरी के दावों का चुनाव आयुक्त ने दिया जवाब**

## अपने आरोपों पर सात दिन में दें शपथपत्र या देश से मांगें माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मतदाता सूची में अनियमितताओं के अपने आरोपों पर सात दिन के भीतर शपथपत्र देना चाहिए, अन्यथा उनके वोट चोरी के दावे निराधार और अमान्य माने जाएंगे। उन्होंने कहा कि निराधार आरोप लगाने वालों को देश से माफी भी मांगनी चाहिए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है और शिकायत दर्ज कराना चाहता है तो वह केवल शपथ लेकर गवाह के रूप में ही ऐसा कर सकता है।

वोट चोरी का आरोप लगाते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 31 जुलाई को एक संवाददाता सम्मेलन में 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया था कि कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से अधिक वोट चोरी हुए थे। गांधी ने अन्य राज्यों में भी अनियमितताओं का आरोप लगाया था। कई राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने गांधी से अपने दावों पर शपथपत्र दाखिल करने को कहा था, लेकिन गांधी ने ऐसा करने से इनकार कर दिया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने रविवार को गांधी के आरोपों पर पूछे गए सवालों के जवाब में कहा कि क्या निर्वाचन आयोग को शिकायतकर्ता द्वारा शपथपत्र दिए बिना 1.5 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी करना चाहिए? उन्होंने कहा कि निराधार आरोप लगाने वालों को देश से माफी मांगनी चाहिए। इस बात पर जोर दिया कि न तो आयोग और न ही मतदाता दोहरे मतदान तथा वोट चोरी के निराधार आरोपों से डरते हैं।



### गलत सूचना फैला रहे हैं कुछ दल

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि कुछ दल एसआईआर के बारे में गलत सूचना फैला रहे हैं। आयोग के कंधे पर रखकर बंदूक चला रहे हैं। दोहरे मतदान और वोट चोरी के आरोपों को निराधार करार देते हुए कहा कि आयोग राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव नहीं कर सकता। कहा कि अगर चुनाव याचिकाएं 45 दिन में दायर नहीं की जातीं, लेकिन वोट चोरी के आरोप लगाए जाते हैं, तो यह संविधान का अपमान है।

### बिहार में वोट चोरी नहीं होंगे देंगे : राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बिहार में एसआईआर के जरिए चुनाव चोरी की साजिश की जा रही है, लेकिन विपक्ष ऐसा नहीं होने देगा। सासाराम से वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत से पहले कहा कि सबको पता चल गया है कि चुनाव आयोग वोट की चोरी कर रहा है।

## एनडीए ने राधाकृष्णन को बनाया उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नामित किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह घोषणा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में व्यापक विचार-विमर्श के बाद राधाकृष्णन के नाम पर फैसला किया गया। नड्डा ने उम्मीद जताई कि विपक्षी दल राजग उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राधाकृष्णन जी ने हमेशा सामुदायिक सेवा और हाशिए के लोगों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है, मुझे खुशी है कि राजग ने उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है।



- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में लिया फैसला

### 40 साल से राजनीति में सक्रिय

चन्द्रपुरम पोनुस्वामी राधाकृष्णन का जन्म 20 अक्टूबर 1957 को तिरुप्पुर, तमिलनाडु में हुआ था। आरएसएस और जनसंघ से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। राधाकृष्णन महाराष्ट्र में 31 जुलाई 2024 से राज्यपाल हैं। इससे पहले वो झारखंड में 18 फरवरी 2023 से 30 जुलाई 2024 तक राज्यपाल रह चुके हैं। साथ ही तेलंगाना में मार्च से जुलाई 2024 तक अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। वहीं, पुदुच्चेरी में अगस्त 2024 तक उपराज्यपाल (अतिरिक्त प्रभार) के रूप में काम किया।

## सेप्टिक टैंक में गिरे बच्चे को बचाने में 3 की मौत

संवाददाता, सकरन (सीतापुर)

- एक गंभीर, सकरन थाना क्षेत्र के सुकेठा गांव में हुआ हादसा
- डीएम ने की मृतक आश्रितों को चार-चार लाख देने की घोषणा

**अमृत विचार :** सेप्टिक टैंक में गिरे बच्चे को बचाने में तीन लोगों की जान चली गई जबकि एक व्यक्ति की हातल गंभीर है। मामला सकरन थाना क्षेत्र के सुकेठा गांव का है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौका मुआयना किया है।

सकरन थाना क्षेत्र का सुकेठा गांव निवासी विवेक (10) घर से बच्चों के साथ खेलने के लिए निकला था। बताते हैं कि विवेक खेलते हुए अनिल के घर के करीब पहुंचा, जहां सेप्टिक टैंक का होल खुला था जिसमें वह गिर गया। बच्चों ने परिजनों को जानकारी दी तो अनिल कुमार (40) टैंक में उतरे। उन्होंने बच्चे को तो बाहर निकाल लिया, लेकिन खुद डूबने लगे। अनिल को बचाने में राज कुमार (45) टैंक में उतरा। वह भी डूबने लगा तो रंगीलाल (45) टैंक में उतरा, लेकिन वह भी डूब गया। तीनों को डूबता देख दीपू (25) उन्हें बचाने उतरा। दीपू की भी हालत बिगड़ गई। लोगों ने किसी तरह सभी को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा ले जाया गया। जहां अनिल कुमार, राजकुमार और रंगीलाल को मृत घोषित कर दिया गया। दीपू की हालत गंभीर है जबकि विवेक सुरक्षित है। सूचना पर थानाध्यक्ष सकरन नवनीत और बिसवां तहसील के प्रशानिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि सेप्टिक टैंक के पानी में गैस भर गई हो, इसी कारण तीनों की मौत हो गई है। डीएम अभिषेक आनंद ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की।

## यूपी बनेगा लेदर व फुटवियर इंडस्ट्री हब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नई नीति से भूमि बैंक, त्वरित आवंटन, कौशल विकास और ग्लोबल विजिबिलिटी पर फोकस
- प्रदेश में औद्योगिक निवेश से लाखों युवाओं को मिलेगा रोजगार वैश्विक पहचान देगी ऊंचाई

**अमृत विचार :** यूपी लेदर और फुटवियर इंडस्ट्री का ग्लोबल हब बनेगा। नई नीति से भूमि बैंक, त्वरित आवंटन, कौशल विकास और ग्लोबल विजिबिलिटी पर फोकस तेज हो गया है। नई नीति का मकसद न सिर्फ़ उद्योगों को आसान सुविधाएं देना है, बल्कि लाखों युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराना और प्रदेश के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाना भी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर और नॉन लेदर विकास क्षेत्र नीति 2025 लागू कर दी है। लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में प्रदेश को भारत का ही नहीं बल्कि दुनिया का लेदर और फुटवियर इंडस्ट्री हब बनाया जाए। नई नीति से प्रदेश में औद्योगिक निवेश, रोजगार और वैश्विक पहचान को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। नीति के तहत सरकार बड़े भूखंडों को चिन्हित कर लैंड बैंक और समर्पित लेदर पार्क विकसित करेगी। इनमें प्लग-एंड-प्ले सुविधाएं, अपशिष्ट उपचार संयंत्र और आधुनिक बुनियादी ढांचे की व्यवस्था होगी। भूमि आवंटन की प्रक्रिया सिंगल विंडो सिस्टम से होगी, जिससे मेगा एंकर यूनिट्स और क्लस्टरों को प्राथमिकता के आधार पर ज़मीन मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि फुटवियर और लेदर डिज़ाइन, ऑटोमेशन और स्मार्ट टेक्नोलॉजी में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कम से कम 10 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और उत्पाद विकास केंद्र स्थापित करेगी। पेटेंट और बौद्धिक संपदा अधिकार हासिल करने के लिए भी उद्यमियों को मदद दी जाएगी।

### नीति के 7 स्तंभ

नई नीति के 7 प्रमुख स्तंभ है। इसमें भूमि बैंक और लेदर पार्क, त्वरित भूमि आवंटन, निर्माण और उपकरण उद्योग को प्रोत्साहन, कौशल विकास एवं रोजगार, आरएंडडी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, ग्लोबल विजिबिलिटी और सस्टेनेबिलिटी शामिल है। इसी के साथ ग्लोबल मार्केट पर नज़र है।

**यातायात में बेहतरी** | **प्रधानमंत्री ने दिल्ली में किया 11 हजार करोड़ की लागत वाले दो राजमार्गों का लोकार्पण**

## पहले सिर्फ फाइलों में, अब जमीन पर होता है काम : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में यातायात की भीड़भाड़ कम करने के उद्देश्य से लगभग 11,000 करोड़ रुपये की लागत से बने द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और शहरी विस्तार मार्ग-दो (यूईआर-दो) का उद्घाटन किया।

ये दोनों मार्ग राजधानी में यातायात की भीड़ कम करने की सरकार की व्यापक योजना के तहत बनाए गए हैं। इसका उद्देश्य दिल्ली व उसके आसपास के इलाकों में कनेक्टिविटी में सुधार, यात्रा समय में कटौती और यातायात के दबाव को कम करना है। इन मार्गों के पूरी तरह से चालू होने पर सोनीपत, रोहतक, बहादुरगढ़ और गुरुग्राम से आईजीआई हवाई अड्डे तक यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। इस मौके पर मोदी ने दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार की सराहना करते हुए कहा कि पहले काम केवल फाइलों में होता था अब जमीन पर होता है। मोदी ने उद्घाटन करने के बाद कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे और यूईआर-दो से दिल्ली-एनसीआर के लोगों को लाभ होगा...सरकार दिल्ली के लोगों की सभी परेशानियों को दूर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे और शहरी विस्तार मार्ग का निर्माण असाधारण रूप से अच्छा हुआ है। पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के विकास के बाद, शहरी विस्तार मार्ग अब दिल्ली को महत्वपूर्ण लाभ पहुंचाने के लिए तैयार है। मोदी ने बताया कि शहरी विस्तार मार्ग की ख़ासियत यह है कि इसने शहर में कचरे की बढ़ती समस्या के समाधान में अद्वितीय योगदान दिया है।



राजमार्गों के लोकार्पण के दौरान श्रमयोगियों से बात करते प्रधानमंत्री मोदी।

### जीएसटी सुधारों को लागू करें सभी राज्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का मसौदा राज्यों को दे दिया है और दिवाली से पहले प्रस्ताव को लागू करने के लिए उनका सहयोग मांगा गया है। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के साथ ही छोटे और बड़े व्यवसायों को भी लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र जीएसटी कानून को सरल बनाने और कर दरों में संशोधन करने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए सुधार का अर्थ सुशासन को आगे बढ़ाना है। आने वाले महीनों में हम कई बड़े सुधार करने जा रहे हैं, ताकि लोगों का जीवन और व्यवसाय करना आसान हो जाए। उन्होंने कहा कि इस दिवाली लोगों को जीएसटी सुधार से दोहरा बोनस मिलेगा।

# इलाज के लिए सुविधा और पैसे की कमी नहीं : योगी

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में रीजेंसी हॉस्पिटल का किया लोकार्पण, कहा- मरीजों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दिए 1100 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इलाज के लिए सुविधा और पैसे की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री राहत कोष से भी पिछले एक वर्ष में 1100 करोड़ रुपये इलाज के लिए दिए गए हैं। पहले यह सुविधाएं नहीं थीं और अगर कुछ सुविधाएं मिलती भी थीं तो 'पिक एण्ड चूज' के माध्यम से चेहरा देखकर मिलती थीं।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को गोरखपुर में निजी क्षेत्र के रीजेंसी हॉस्पिटल के लोकार्पण के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हॉस्पिटल का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा भी लिया। साथ ही, हॉस्पिटल के पेशेंट एप 'रीजेंसी माई केयर' को भी लांच किया। योगी ने कहा कि गोरखपुर में उच्च स्तरीय इलाज के लिए अब न तो स्पेशलिटी सुविधाओं की कमी है और न ही पैसे की। यहां सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं हैं और आम नागरिक को उसका लाभ दिलाने की प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान) भी है। यदि किसी के इलाज में आयुष्मान योजना की राशि कम पड़ेगी तो मुख्यमंत्री राहत कोष और जनप्रतिनिधियों की निधि से उसकी भरपूर मदद की जाएगी।


गोरखपुर में रीजेंसी हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के बाद उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेते मुख्यमंत्री योगी।

### दस वर्ष पहले बेहद खराब थीं स्वास्थ्य सुविधाएं

सीएम योगी ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज से दस वर्ष पहले स्वास्थ्य सुविधाओं की हालत बहुत खराब थी। सरकार उदासीन थी, जनता जैसे-तैसे अपना जीवनयापन करती थी। जनता को उत्तम स्वास्थ्य की सुविधा देने की प्रतिबद्धता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब कार्य शुरू किया तो देश में स्वास्थ्य सुविधाओं में बेहतरीन वृद्धि देखने को मिली। आज से दस वर्ष पूर्व, पूर्वी यूपी में बीआरडी मेडिकल कॉलेज ही एक मात्र बड़ा स्वास्थ्य केंद्र था, जो खुद ही बीमार था। शासन की प्रतिबद्धता से आज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। गोरखपुर में एम्स भी संचालित हो गया है, दर्जनों अन्य अस्पताल भी खुल गए हैं। यही हाल अन्य जिलों का भी है।

### यूपी के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का लोकार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के खानिमपुर में टोरेंट समूह के ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का लोकार्पण किया। यह ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट उत्तर प्रदेश का पहला और पूरे देश का दूसरा प्लांट है। इस अवसर पर योगी ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में हरित ऊर्जा तथा विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए यह प्लांट बड़ी भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्थापित यह प्लांट प्रदूषण से मुक्त उर्जा प्राप्ति की दिशा में एक नया प्रयास है।

# सभी जिलों में विकसित होंगी बड़े मॉडल की गोशालाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सभी जिलों में अब बड़े मॉडल की गोशालाएं विकसित होंगी। खुले शेड व बाड़ बनेंगे। प्रत्येक जिले से 2 से लेकर 10 गोशालाएं चयनित होंगी। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग ने हाल ही पतंजलि योगपीठ के साथ साझा बैठक में यह फैसला लिया है। फैसले के तहत अब जल्द ही कार्ययोजना तैयार की जाएगी। आयोग के सूत्रों के अनुसार, गो अभयारण्य व गोशाला विकास के तहत आयोग जल्द ही संबंधित जिलों की सूची तैयार करेगा। इससे गांवों में छुट्टा घूम रहे गोवंश से जहां किसानों को निजात मिल सकेगी।




# विजन 2047 को लेकर अहम साबित हो सकते हैं विपक्षी दलों के सुझाव

- विधानसभा मानसून सत्र में नेताओं ने सरकार को सलाह देने में दिखाई लोकतांत्रिक ईमानदारी
- सत्तापक्ष और विपक्ष ने इस विषय पर भी एक दूसरे को नीचा दिखाने में कसर न रखी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य विधानसभा में भविष्य के उत्तर प्रदेश पर की गई 24 घंटे की विशेष चर्चा सही मायने में एक लंबे वक्त के बाद स्वस्थ परंपरा की नयी शुरुआत है। एक वक्त था जबकि जनहित में स्वस्थ चर्चाएं आनन-फानन में निपटीं विधायी कार्यवाही और सदन की अल्प समयावधि की भेंट नहीं चढ़तीं थीं। इस बार मानसून सत्र के दौरान जिस तरह विजन डॉक्यूमेंट 2047 को पेश करने से पूर्व चर्चा की गई उसे एक अर्से बाद बनी नजीर ही कहेंगे।

हालांकि राज्य सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश के विकास की तस्वीर विजन डॉक्यूमेंट के माध्यम से दिखायी गई लेकिन विपक्ष की ओर से भी मिले साकारात्मक सुझाव एक स्वस्थ परंपरा और लोकतांत्रिक ईमानदारी का संकेत हैं। उदाहरण के तौर पर कांग्रेस विधानमंडल की नेता अराधना मिश्र मोना और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने 24 घंटे चर्चा को भी कम बताया और इस समयावधि को बढ़ाने की सलाह दी। वैसे, सत्तापक्ष और विपक्ष ने इस विषय पर भी एक दूसरे को नीचा दिखाने में कसर न रखी।

बहरहाल, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस चर्चा से पहले अपना तर्क रखा कि महत्वपूर्ण विषय यह है कि भविष्य के लिए सोचकर दीर्घकालीन योजनाएं बनाई जानी चाहिए। कभी-कभी शॉर्ट टर्म योजनाएं बनाई जाती हैं जिसका तत्कालिक लाभ तो होता है लेकिन उसका दीर्घकालीन लाभ नहीं मिलता। सपा नेता शिवपाल यादव ने विजन डॉक्यूमेंट पर सरकार को सुझाव दिया कि स्कूलों को अपग्रेड करने के साथ वहां शिक्षकों, किताबों, ड्रेस, बिजली की भी सुनिश्चतता होनी चाहिए।



चर्चा के दौरान पूर्व सपा विधायक पूजा पाल ने अपनी लंबित शिकायतों के समाधान और अतीक अहमद जैसे माफिया तत्वों के खिलाफ कार्रवाई का हवाला देते हुए अपराध के प्रति मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के लिए उनका धन्यवाद किया। उनका भी सुझाव रहा कि अपराध को लेकर आगे भी यही नीति सख्ती से लागू रहे। सपा के ही सदस्य मोहम्मद जियाउद्दीन रिज़वी ने कहा हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ईमानदार हैं, कर्मठ हैं, लेकिन अधिकारी किसी की सुनने ही नहीं है। दरअसल, स्थानीय व्यवस्था के खिलाफ मंत्रियों के धरना देने और सत्तासीन पार्टी के नेताओं की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उन्होंने सरकार को कार्रवाई करने का सुझाव दिया।

विजन डॉक्यूमेंट पर विधायक पल्लवी पटेल ने कहा कि वैज्ञानिक सोच से देश आगे बढ़ेगा। आखिरी व्यक्ति तक विकास पहुंचना जरूरी है। बसपा विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि यूपी को विकसित बनाने के लिए 20 साल इंतजार क्यों करें। अगर मंत्री अपनी जिम्मेदारियां निभाएं तो विकास अभी संभव है। उन्होंने नदियों को जोड़ने, नहरों को पक्का करने, हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने और स्टेट हाईवे को अपने संसाधनों से फोरलेन बनाने का सुझाव दिया।

## छापे में मिले डिजिटल साक्ष्य

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को रोहतास प्राजेक्ट लि. के प्रमोटरों परेश रस्तोगी, पीयूष रस्तोगी, पंकज रस्तोगी और दीपक रस्तोगी के लखनऊ व दिल्ली के 9 ठिकानों पर छापा मारा था। इस दौरान कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य मिले। ईडी की जांच में सामने आया कि कंपनी निवेशकों के 487 करोड़ रुपये हड़पे हैं। इस निवेश पर 150 प्रतिशत मुनाफा देने का वादा किया था। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, कंपनी ने सुल्तानपुर रोड प्रोजेक्ट व रायबरेल रोड प्रोजेक्ट के नाम से दो टाउनशिप की योजनाएं शुरू कीं। दोनों में प्लॉट व भूखंड बुक कराये। बुकिंग के 30 महीने बाद कब्जा देने का वादा किया। साथ ही यह ऑफर दिया कि भूमि न लेने वालों को 150 प्रतिशत रकम एकमुश्त दी जाएगी। न परियोजना का विकास किया गया और न ही निवेशकों के रुपये वापस किये गये। इस मामले में 48 एफआईआर दर्ज हुई थी। जिसके आधार पर ईडी ने जांच शुरू किया। जांच में सारे आरोप सही पाये गये। इस पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। जब मामले की जांच आगे बढ़ी तो सामने आया कि रोहतास ग्रुप कंपनीज के खिलाफ कुल 83 मामले दर्ज हैं। निवेशकों के रुपये हड़पकर प्रमोटर फरार हो गये। यहीं नहीं जांच में सामने आया कि एनसीएलटी ने मेसर्स रोहतास प्रोजेक्ट्स लि. व मेसर्स एंडीज टाउन प्लानर प्रा. लि. के खिलाफ कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू की है।




# सीडी रेशियो में कई जिलों ने किया सुधार

### ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में बढ़ा बैंकों का विस्तार

2014 की तुलना में अब अधिक जिलों में बैंकिंग गतिविधियां विस्तृत हुई हैं। 60% से 80% के बीच सीडी रेशियो वाले जिलों की संख्या 21 तक पहुंच गई है। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में भी बैंकिंग सेवाओं का जाल फैला है और स्थानीय क्रेडिट जरूरतों की पूर्ति हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह बदलाव केवल सरकारी प्रयासों और बैंकिंग संस्थानों के मजबूत समन्वय से संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, स्टार्टअप इंडिया से वित्तीय सहयोग, ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) अभियान और डिजिटलीकरण की पहल ने बैंकिंग प्रणाली को मजबूती दी है।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की बैंकिंग व्यवस्था में लगातार सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। वित्तीय समावेशन की नीति और सरकारी योजनाओं को बैंकों से जोड़ने की रणनीति ने आमजन का विश्वास बैंकिंग व्यवस्था पर और मजबूत किया है। इसके चलते शहरों के साथ कस्बों और गांवों तक बैंकों का नेटवर्क मजबूत हुआ है। बैंकों का सीडी रेशियो भी बेहतर हुआ है।

जून 2025 तक राज्य में बैंकों की जमा राशि 1.86 लाख करोड़ वृद्धि के साथ 19.39 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। जून 2024 की तुलना में यह 10.60% की वार्षिक वृद्धि रही। वहीं, ऋण वितरण के आंकड़े में 0.93 लाख करोड़ (8.79%) की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई है। जून 2025 में यह कुल 11.45 लाख करोड़ रुपये रहा। यह इस बात का प्रमाण है कि राज्य में निवेश और क्रेडिट का माहौल लगातार बेहतर हो रहा है।

प्रदेश का सीडी रेशियो मार्च 2025 में 59.04% था, जो जून 2025 में मामूली बढ़त के साथ 59.05% पर स्थिर रहा। यह स्थिरता संतुलित बैंकिंग व्यवस्था का संकेत देती है। वहीं, जिलावार आंकड़े दर्शाते हैं कि कई जिलों में सीडी रेशियो में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 80% से अधिक सीडी रेशियो वाले जिलों की संख्या बढ़ रही है, जबकि 40% से कम सीडी रेशियो वाले जिलों की संख्या घटकर केवल 6 रह गई है।

# गुमराह करने के लिए चुनाव आयोग पर हमला: स्वतंत्र देव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सपा पर पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव लोकतंत्र के मसीहा नहीं, सपा के गुंडा-राज के वारिस हैं। हार से बौखलाए कुर्सी खो चुके सपनों के सौदागर अब जनता को गुमराह करने के लिए चुनाव आयोग पर हमला कर रहे हैं। उन्हें लोकतंत्र की चिंता नहीं, कुर्सी की चिंता ज्यादा है।

स्वतंत्र देव ने कहा कि जनता सब जानती है कि सपा का मतलब गुंडा-राज और भाजपा का मतलब सुशासन। हताश राजकुमार अब आयोग पर उंगली उठाकर अपनी डूबती नैया बचाना चाहते हैं। चुनाव आयोग पर अपनी हार का ठीकरा फोड़ के वह यह दिखाना चाहते हैं कि वह जनता के नेता हैं, जबकि असलियत यह है कि वह जनता का भरोसा कब का खो चुके हैं। स्वतंत्र देव ने कहा कि सपा का इतिहास बूथ कैप्चरिंग, मतदाता सूची में हेरफेर और चुनावी हिंसा से भरा पड़ा है। 2012 से 2017 तक यूपी में लोकतंत्र नहीं, बल्कि गुंडा-राज चला। 2009 में मैनपुरी चुनाव के दौरान एक बड़े सपा नेता की मौजूदगी में बूथ पर पुलिस पर हमला हुआ, लेकिन एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई।

# सपा ने उठाए चुनाव आयोग पर सवाल, दिए सुझाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलने वालों के साथ जनता और जनविश्वास स्वयं चलने लगता है। चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। सबको अंतरात्मा की आवाज़ सुननी चाहिए।

सपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर जारी पोस्ट में कहा कि चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। उन्होंने कहा कि माना आयोग में अधिकारियों के ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि सपा ने वोट की डकैती के 18 हजार शपथ पत्र इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) को दिए लेकिन कार्रवाई जीरो है।



## न्यूज ब्रीफ

### मवेशी से टकराकर पिता पुत्र घायल

**खरगूपुर (गोंडा)।** सांड़ से टकराकर बाइक सवार पिता पुत्र घायल गये। जानकीनगर के सुशील पाण्डेय ने बताया कि परसिया बहोरीपुर के रामबोध (80) अपने बेटे उमेश (45) के साथ बाइक से जयप्रभा ग्राम से घर लौट रहे थे। गोंडा बलरामपुर मार्ग पर संझवल के पास बाइक सांड़ से टकरा गई। दोनों सड़क पर गिरकर घायल गये।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**कटरा बाजार।** पहाड़ापुर गांव में रविवार सुबह एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक शिवम शुक्ल (25) अपने ही घर के दरवाजे पर मृत अवस्था में मिले। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को मृतक के परिजनों ने दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता लल्लू शुक्ला व मां ममता शुक्ला लुधियाना में रहकर जीवन यापन करते हैं।मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। छोटे भाइयों के नाम सुभाष और शुभम हैं।अपराध निरीक्षक रमाशंकर राय ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।जांच की जा रही है।

### बाइकों की टक्कर में पति की मौत, पत्नी घायल

**खरगूपुर, गोंडा।** खरगूपुर आर्य नगर मार्ग पर बाइक सवार को दूसरे बाइक चालक ने टक्कर मार दी जिसमें पति-पत्नी घायल हो गए। इलाज के दौरान पति की मौत हो गई। खरगूपुर आर्य नगर मार्ग पर अकबरपुर के पास केस ई पुरवा निवासी असगर अली (45) बाइक से अपने पत्नी के साथ आर्य नगर से खरगूपुर की ओर आ रहा था। अकबरपुर गांव के पास एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे असगर अली तथा उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कर गया जहां इलाज के दौरान अकबर अली की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। दूसरा अज्ञात बाइक चालक भी घायल बताया जाता है।

### ग्राम प्रधान का आकस्मिक निधन, शोक की लहर

**इटियाथोक :** महिला ग्राम प्रधान की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। विकासखंड इटियाथोक के ग्राम करूवापारा की ग्राम प्रधान गुड़िया मिश्रा का रविवार देर रात आकस्मिक निधन हो गया। परिजनों के अनुसार देर रात अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई, उन्हें इलाज के लिए एक प्राइवेट अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उनकी सांसें थम गईं। ग्राम प्रधान के निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के कपिलेश्वर शुक्ला, सत्यव्रत ओझा, राहुल ओझा, पवन द्विवेदी, संतोष चौरसिया, ओमप्रकाश तिवारी, धीरेंद्र तिवारी उर्फ पप्पू, सुरेश, कुलदीप, राजेश ओझा, अवधेश तिवारी, बजरंगी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### पौराणिक कुएं विवाद का हुआ समाधान

**करनैलगंज :** नगर के कसगरान मोहल्ला स्थित श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के सामने वर्षों से विवादित पौराणिक कुआं आखिरकार विवाद मुक्त हो गया। दो समुदायों के बीच इस कुएं को लेकर लंबे समय से तनाव की स्थिति बनी रहती थी। शादी-विवाह व अन्य धार्मिक आयोजनों में इस कुएं पर पूजा की परंपरा रही है, मगर जर्जर स्थिति में पहुंच चुके कुएं पर धीरे-धीरे अतिक्रमण शुरू हो गया था। नगर के कुछ समाजसेवियों व धार्मिक कमेटी के लोगों ने आगे बढ़कर इसके जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया।रविवार को पुलिस चौकी पर दोनों समुदायों की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से समझौता किया गया। तय हुआ कि कुएं के चारों ओर सात फीट ऊंची रेलिंग और गेट लगाया जाएगा तथा शेष भूमि पर कोई अतिक्रमण नहीं किया जाएगा। इस मौके पर प्रथम पक्ष से नसीर अहमद, मुजीब, मुख्तार अब्बासी, रेहान मौजूद रहे, जबकि दूसरे पक्ष से विकास शुक्ला, कन्हैया लाल वर्मा, आशीष गिरि, शिव शंकर शिवा भट्ट, अरविन्द गिरि, सचिन गुप्ता व संजीव मोदनवाल सहित धार्मिक समितियों के सदस्य शामिल हुए।

### डॉ. विष्णु पांडेय ने पास किया एमसीआई परीक्षा

**बेलसर (गोंडा)।** विकासखंड बेलसर के डिडीसिया कला के विष्णु पांडेय ने एमसीआई की परीक्षा पास करके मान बढ़ाया है। हाईस्कूल बेलसर के अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज, इंटर एलबीएस कॉलेज बादलपुर, बीएससी राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से पास किया। विष्णु पांडेय ने एमबीबीएस कि पढ़ाई किर्गिस्तान के ओश स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से पास किया। इसके बाद उन्होंने भारत में आयोजित एमसीआई परीक्षा पास किया है। पिता कामता प्रसाद पांडेय दवा व्यवसाई हैं।

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

## मंदिरों में गूंजे जयकारे

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण अंचलों में शनिवार की रात भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया। ठीक मध्यरात्रि 12 बजे श्रीराम जानकी मंदिर हरिदास नाका, हलवाई समाज मंदिर बालूगंज, राधा-कृष्ण मंदिर गुड़ाही बाजार, श्रीबालाजी शक्तिधाम मंदिर ठठराही बाजार समेत नगर के प्रमुख मंदिरों में भगवान का प्राकट्य कराया गया। हाथी-घोड़े, पालकी और "नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठे। आतिशबाजी से पूरा नगर रोशनी और पटाखों की आवाज से गूंज उठा। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



जन्माष्टमी पर पुलिस लाइन में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

नगर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने अपने घरों में जन्माष्टमी के कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धा अर्पित की। देर रात तक बाजारों में चहल-पहल बनी रही। इधर, बिजली आपूर्ति ठप होने से कई स्थानों पर अंधेरा छाया रहा। इससे श्रद्धालुओं में नाराजगी देखी गई। गोंडा नगर के पुलिस लाइन, पीएसी लाइन सहित सभी मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्योत्सव मनाया गया। रात 12 बजे जन्म होते ही घंटे घरियार बजने लगे। आरती और नृत्य होने लगे। इसके बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जन्मोत्सव पर झूले पर विराजमान लड्डू गोपाल। अमृत विचार



कृष्ण के रूप में सजा बच्चा। अमृत विचार

# गलत इंजेक्शन लगाने से महिला की मौत का आरोप

**गोंडा, अमृत विचार :** इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

शनिवार देर रात मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित जनता मेडिकल स्टोर में संचालित क्लीनिक में इलाज के दौरान देर रात महिला की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों ने जमकर हंगामा किया और मेडिकल स्टोर के सामने प्रदर्शन शुरू कर दिया। कोतवाली देहात अंतर्गत मलारी गांव की 25 वर्षीय रोली को तेज बुखार होने पर परिजन इलाज के लिए डॉक्टर शौएब इकबाल के पास पहुंचे। आरोप है कि डॉक्टर शौएब मेडिकल स्टोर के पीछे अवैध क्लीनिक संचालित कर रहे थे। उन्होंने मरीज को बुखार के लिए इंजेक्शन लगाया, जिसके बाद अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे संभालने का प्रयास करते रहे, लेकिन देर रात मौत हो गई। महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने दो घंटे तक हंगामा किया। उनका कहना है कि अवैध रूप से चल रहे इस क्लीनिक में लापरवाही बरती गई। गुस्साए परिजनों ने मेडिकल स्टोर के बाहर नारेबाजी करते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

मौके पर पुलिस पहुंची और हालात पर काबू पाने का प्रयास किया। महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों ने डॉक्टर पर कठोर कार्रवाई की मांग उठाई है। नगर कोतवाली के सीनियर इंस्पेक्टर ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

# क्षत्रिय विधायकों के कुटुंब परिवार पर बृजभूषण ने उठाया सवाल

## पूर्व सांसद बोले - कितने टुकड़े करोगे इस देश के

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गत दिवस एक पांच सितारा होटल में हुई क्षत्रिय विधायकों की बैठक और उसके औचित्य पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सवाल खड़ा किया और कहा कि कितने टुकड़े करोगे इस देश के। उन्होंने कहा कि अच्छा होता कि इस बैठक में कुछ अन्य समाज के विधायक भी शामिल होते।



बृजभूषण शरण सिंह पूर्व सांसद, भाजपा।

इस बैठक के औचित्य को लेकर पूछे गए सवाल पर पूर्व सांसद ने कहा कि भगवान राम से बड़ा क्षत्रिय कोई नहीं है लेकिन जब वह वन को गए तो उनके साथ एक भी क्षत्रिय नहीं था। उनके साथ निषाद, केवट, शबरी, हनुमानजी आदि सब दूसरी जाति के थे। तो अगर आप राम को मानते हो तो सबको लेकर चलो। आप उनको लेकर चलो जिनको राम वनवास जाते समय लेकर चले थे। आज महाराणा प्रताप का नाम लिया जाता है। तो क्या युद्ध के समय महाराजा प्रताप अपना भाला खुद बनाते थे? अपना टेंट स्वयं लगाते थे? अपने घोड़े को चारा खुद खिलाते थे? उन्होंने सवाल किया कि कितने टुकड़े करोगे इस देश के। हिंदुस्तान की राजनीति में हिंदू को गाली देकर राजनीति नहीं कर सकते। पूर्व सांसद ने कहा कि अच्छा होता कि इस बैठक में अन्य वर्ग के विधायक भी शामिल होते। बैठक में आमंत्रित किए जाने के सवाल पर उन्होने कहा कि मुझे बुलाया जायेगा तो जरूर जाऊंगा लेकिन अपनी बात वहां जरूर रखूंगा।

### राहुल गांधी को बताया बच्चा, कहा अपनी कब्र खोद रही कांग्रेस

**अमृत विचार :** लाल किले की प्राचीर से आरएसएस की तारीफ करने पर पीएम मोदी की आलोचना करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने आड़े हाथ लिया। कहा कि उन्हें कोई जिम्मेदारी से नहीं लेता। एक नागरिक होने के नाते मुझे राहुल गांधी पर तरस आता है। पूर्व सांसद ने कहा कि देश का संविधान कहता है कि विपक्ष मजबूत और बुद्धिमान होना चाहिए, लेकिन विपक्ष आज बच्चों की तरह हरकत कर रहा है। राहुल गांधी को बच्चा बताते हुए बोले कि विपक्षी पार्टियां बच्चे के पीछे घूम रही हैं।

# पासी गैंग का सफाया करने वाले हुए सम्मानित

**गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा समेत आसपास के जनपदों में आतंक का पर्याय रहे कुख्यात पासी गैंग का सफाया करने में अपनी महती भूमिका निभाने वाले जिले के पांच पुलिस कर्मियों को डीजीपी की तरफ से सम्मानित किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस कर्मियों को सेवा चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं 30 वीं वाहिनी के दल नायक समेत 16 सिपाहियों को भी उनकी सेवाओं के लिए प्रशंसा चिन्ह व उत्कृष्ट सेवा पदक देकर सम्मानित किया गया।



पुलिस टीम को सम्मानित करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

● पीएसी के 16 जवानों को भी मिला सम्मान

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पुलिस लाइन में आयेजित समारोह में एसओजी में तैनात हेड कांस्टेबल अमित पाठक को शौर्य अभिलेख व सेवा अभिलेख के आधार पर सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया गया। पासी गैंग के सफाई में शामिल उमरीबेगमगंज थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप राय, खोडारे थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार व तत्कालीन एसओजी प्रभारी तथा वर्तमान में परसपुर के थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी को शौर्य के आधार पर प्रशंसा चिन्ह सिल्वर से सम्मानित किया गया है। मुख्य आरक्षी गऊचरन को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया गया। इन सभी पुलिस कर्मियों को एसपी विनीत जायसवाल ने प्रशस्ति पत्र देकर, मेडल लगाकर व सराहनीय प्रशंसा चिन्ह देकर के सम्मानित किया और उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा यह सभी वह पुलिसकर्मी है जिन्होंने समाज से अपराधियों के सफाया करने का काम किया है।

इसी तरह सेवा अभिलेख के आधार पर प्रशंसा चिन्ह सिल्वर से 30वीं वाहिनी पीएसी के दलनायक मुशीर अहमद को सम्मानित किया गया। सेवा अभिलेख के आधार पर ही भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह को अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया। 30वीं वाहिनी पीएसी में तैनात मुशीर अहमद को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, कमलेश कुशवाहा, राजेश कुमार, दिनेश राय व रामानंद राय को अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। हेड कांस्टेबल राजकरण यादव को भी अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। पीएसी में ही तैनात विनोद कुमार, सुनील साहनी, देवेंद्र नाथ गौतम, मनोज कुमार सिंह, संतोष, अंगद सिंह, सत्येंद्र राय, प्रदीप कुमार और अखिलेश कुमार को भी उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

# अधिवक्ता पति के निधन के बाद पत्नी की मौत

● पति के निधन का सदमा बर्दाश्त न कर सकीं

**गोंडा, अमृत विचार :** घटना इटियाथोक के हरैयाझूमन गांव की है। 55 वर्षीय अधिवक्ता अनिरुद्ध त्रिवेदी करीब 20 वर्षों से जिला मुख्यालय पर प्रैक्टिस कर रहे थे। वे मधुमेह की बीमारी से ग्रसित थे। शुक्रवार दोपहर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और परिजन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी इटियाथोक ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शाम को उनका अंतिम संस्कार सरयू नदी के तट पर कर दिया गया। रात करीब आठ बजे परिवार के लोग घर लौटे ही थे कि अचानक उनकी पत्नी उर्मिला दूबे की तबीयत बिगड़ गई। शनिवार तड़के वे मृत अवस्था में बिस्तर पर मिलीं। परिजनों का कहना है कि पति की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकीं।



अनिरुद्ध द्विवेदी।



उर्मिला।

# संदिग्ध हालत में मिला टॉवर मैकेनिक का शव

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार:** मोबाइल टावर पर काम करने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव उसके कमरे में बेड पर पड़ा पाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली देहात के संदेशवा पंडरी कृपाल गांव निवासी अभिषेक तिवारी (22) पुत्र जनार्दन तिवारी जिओ टावर के टेक्नीशियन धानेपुर निवासी जफर अहमद अंसारी के साथ रहकर टावर रिपेयरिंग का काम करता था। वह खरगूपुर नगर पंचायत के भगवानदीन पुरवा के रहने वाले प्रयागदत्त पाण्डेय के घर किराये पर मकान लेकर रहता था। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार की देर रात तक वह किसी से मोबाइल पर बात कर रहा था। इसके बाद वह अपने कमरे में सो गया। सुबह जब वह देर तक सोकर नहीं उठा तो लोगों को शंका हुई। रवि नाम के युवक ने उसके मोबाइल पर फोन भी किया लेकिन फोन नहीं रिसीवर हुआ। इसके बाद वह अभिषेक के कमरे पर पहुंचा तो देखा कि बेड पर उसका शव पड़ा हुआ था।

तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गयी तो स्थानीय पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच पड़ताल की और साक्ष्य संकलन किया।थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। मोबाइल कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### अभिषेक की मौत से परिजन बेहाल

अभिषेक की मौत की खबर से उसके परिजन अवाक हैं। मृतक अभिषेक तिवारी तीन भाईयों में दूसरे नंबर था। बड़ा भाई अनुपम तिवारी व छोटा अभय तिवारी हैं। मां नीलम तिवारी सहित परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है।

# इंटर कॉलेज के प्रबंधक की करंट लगने से मौत

**परसपुर, अमृत विचार :** परसपुर के ग्राम छतौनी डेहरास के रहने वाले श्रवण कुमार सिंह (62) की खेत में करंट लगने से मौत हो गई। वह कृषक समाज इंटर कॉलेज छतौनी के प्रबंधक थे। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

श्रवण कुमार सिंह अपने खेत में जानवरों के चारे के लिए चरी काटने गए थे। इसी दौरान वह खेत में गिरे एलटी लाइन के केबल में उतरे करंट की चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र राकेश कुमार सिंह की सूचना पर पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव का पंचायतनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। श्रवण कुमार सिंह क्षेत्र में एक शिक्षाविद् और समाजसेवी के रूप में जाने जाते थे। उनकी असामयिक मौत पर डॉ जे पी सिंह डायरेक्टर धन्वंतरि फार्मेसी अमृतसर, डॉ ए के सिंह विकास मंच, वासुदेव सिंह, अजय सिंह राष्ट्रीय महासचिव भारतीय किसान यूनियन सहित दर्जनों लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है और विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग की है।

# सर्पदंश से किसान की मौत

● सरकार देगी चार लाख की सहायता

**गोंडा, अमृत विचार:** धानेपुर के बल्दूपुरवा बनगाई गांव के रहने वाले किसान समयदीन को शुक्रवार की रात एक जहरीले सांप से डस लिया। परिवार के लोग उसे लेकर जिला अस्पताल गए जहां शनिवार को उसकी मौत बो गयी। परिजनों के मुताबिक समयदीन रात में अपने मड़हे में सो रहे थे इसी बीच एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। परिवार के लोगों ने उसे जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया जहां शनिवार को इलाज के दौरान समयदीन की मौत हो गयी। समयदीन की मौत से उलके परिवार में कोहराम मचा है। क्षेत्रीय लेखपाल गौरव कुमार के मुताबिक किसान समयदीन की मौत सर्पदंश से हुई है। रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी गयी है। जल्द ही उनके परिजनों को अहेतुक सहायता के तौर पर चार लाख रुपये की धनराशि दिलाई जायेगी।

# रंजिश में चली गोली, महिला समेत दो लोग घायल

**परसपुर।** करनैलगंज के अखरेड़ा निहालपुरवा निवासी मकसूद व उनकी पत्नी नाजरीन अपने रिश्तेदारी में बालपुर बाजार गये थे। लौटते समय जब वे परसपुर के गुरेटी गांव के प्रायमरी स्कूल के पास पहुंचे, तभी विपक्षी लोगों ने लाठी-डंडों से लैस होकर हमला बोल दिए। इस दौरान एक हमलावर ने गोली चला दी, जो नाजरीन को लग गई। पुलिस मौके ने घायलों को सीएचसी परसपुर भिजवाया, जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया दिया। प्रभारी निरीक्षक अनुज त्रिपाठी ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है।

# धारदार हथियार से युवक पर हमला

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के सुक्खापुरवा निवासी युवक पर शनिवार रात कुछ हमलावरों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। घायल दानिश पुत्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात करीब साढ़े आठ बजे वह घंटाघर सामान लेने जा रहा था। तभी स्टेशन के सामने सरफराजगंज गली के पास इमरान उर्फ डॉक्टर, नईम, दिलशाद उर्फ कृष, इमरान उर्फ बादशाह समेत कई अज्ञात युवकों ने घेरकर धारदार हथियार से हमला किया और फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने लहूलुहान दानिश को सीएचसी करनैलगंज पहुंचाया। डॉ. मोहम्मद मुद्दस्सिर ने हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीठ, पेट, हाथ व चेहरे पर गंभीर चोटें पाई गई हैं। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि चार नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद अन्य धाराएं तरमीम की जाएंगी।



घायल युवक।

**हर्षोल्लास** | सरकारी दफ्तरों, विद्यालयों व प्रतिष्ठानों पर फहराया गया तिरंगा

# जिले में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस पूरे जिले मे धूमधाम से मनाया गया। सरकारी कार्यालय, विद्यालयों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया गया। विभिन्न स्कूलों और संस्थानों में भी तिरंगा फहराया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले के विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा और प्रभात फेरी निकाली गयी। स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

गौरा चौकी अंतर्गत विकास खंड बभनजोत स्थित उर्मिला देवी एजुकेशन एकेडमी कुक नगर ग्राट में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सपा नेता हफ़ीज़ मलिक ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और राष्ट्रगान गाया। छात्रों ने देश के वीर शहीदों को याद किया। विद्यालय परिसर से आजाद नगर चौराहे तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में छात्रों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और भाषण दिए।मुख्य अतिथि ने छात्रों को कॉपी, पेन और पेंसिल वितरित किए। विशिष्ट अतिथि मोहनलाल यादव ने छात्रों को 15 अगस्त 1947 को मिली आजादी के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को बुराई से दूर रहने और अच्छे कार्यों से देश का नाम रोशन करने की सीख दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक शिव शंकर शर्मा, छोटू शर्मा, रवि श्रीवास्तव, मोहहमद चौधरी, गब्बर चौधरी और शशांक यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।



ध्वजारोहण करते कलाम मलिक। अमृत विचार

# बुजुर्ग का मिला शव हत्या की आशंका

**गोंडा :** महादेवा ग्राम निवासी 65 वर्षीय वकील पुत्र मल्लू शुक्रवार की सुबह रोजाना की तरह घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटे। जब परिजनों ने तलाश की तो उनका शव गांव के बाहर झारखंडी के पास पीपल के पेड़ के नीचे पड़ा मिला। मृतक के पुत्र साहिल ने बताया कि उनके पिता की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, लेकिन कुछ दिन पूर्व स्कूल में बच्चों से विवाद हो गया था। इसी को लेकर उसकी बहन की पिटाई भी हुई थी। घटना के बाद विरोधी पक्ष ने उसकी मां को भी जान से मारने की धमकी दी थी। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच शुरू कर दी गई है।

# रक्तदान कर अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस पर जनपद की सामाजिक संस्था रुद्र फाउंडेशन एवं रोटरेक्ट क्लब गोनार्द गौरव ने शहीदों को नमन करने का अनोखा तरीका अपनाया। संस्था के पदाधिकारियों व युवाओं ने रक्तदान कर समाजहित में नई मिसाल पेश की।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब से डॉ. आलोक अग्रवाल, गोपाल मित्तल, पीयूष मित्तल, चेतन अग्रवाल व अशोक त्रिपाठी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. ओ.एन. पाण्डेय ने कहा कि युवाओं की पहल सराहनीय है। वहीं, डॉ. आलोक अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्र के नाम इससे बड़ी श्रद्धांजलि और कुछ नहीं हो सकती। संस्था के अध्यक्ष शिवम मिश्रा व रोटरेक्ट क्लब अध्यक्ष शिवम तिवारी के नेतृत्व में राहुल तिवारी, प्रभाकर पाठक, आकाश शुक्ला, निशांत श्रीवास्तव, बद्री तिवारी, अजय कसौधन, तुषार मिश्रा, आकाश दुबे, धीरेन्द्र सिंह, बद्री मिश्रा सहित कई युवाओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भैरव पाण्डेय, दुर्गेश गुप्ता, रत्नाकर, अभिषेक, राहुल व हिमांशु सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।





आप सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
यासर शाह, पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश
मारिया शाह
समाजवादी पार्टी - बहराइच

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**सुरेश कुमार**
प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत दुविधापुर, विकास खण्ड नवाबगंज, जनपद बहराइच

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**विनीता देवी**
ग्रामप्रधान, ग्राम पंचायत गोपालपुर, विकास खण्ड नवाबगंज, जनपद बहराइच

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉक्टर सुरेश गुप्ता**
आयुष चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाबागंज, जनपद बहराइच

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**जय प्रकाश सिंह**
ब्लॉक प्रमुख, नवाबगंज, जनपद बहराईच

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉक्टर मोहम्मद उमर**
प्रबंधक, जनता हॉस्पिटल बाबागंज, जनपद बहराइच

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**फौजदार वर्मा**
ग्रामप्रधान सोरहिया, विकास खण्ड नवाबगंज, जनपद बहराइच

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**डिकर्ब सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी, विकास खण्ड नवाबगंज जनपद बहराइच

क्षेत्र के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
**रंग बहादुर सिंह**
अधिशासी अधिकारी, आदर्श नगर पालिका परिषद, नानपारा

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**राहुल पाण्डेय**
खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड नवाबगंज, जनपद बहराइच

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**निशा सिंह**
ग्राम प्रधान जैतापुर, विकास खण्ड नवाबगंज, जनपद बहराइच

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉ महेश चंद्र विश्वकर्मा**
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा प्रभारी नवाबगंज, जनपद बहराइच

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**शशिभूषण वर्मा**
प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सिसैया, विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**अंसार बाबू अंसारी**
ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत बरगदहा– चिलबिला, विकास खण्ड नवाबगंज जनपद बहराइच

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**राधेश्याम वर्मा**
खण्ड शिक्षाधिकारी, विकास खण्ड नवाबगंज, जनपद बहराइच

क्षेत्र के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
**रामकिशुन सोनकर**
ग्राम प्रधान बसंतपुर ऊदल, विकास खण्ड नवाबगंज, जनपद बहराइच

क्षेत्र के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
**हाजी मोहम्मद अनवर**
प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत जमुना बाबागंज, विकासखंड नवाबगंज, जनपद बहराइच

क्षेत्र के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
**राजेश सोनकर**
प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत लखिया, विकासखंड नवाबगंज, जनपद बहराइच

क्षेत्र के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
**मोहम्मद रिजवान**
ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत गढ़रहवा, विकास खण्ड नवाबगंज, जनपद बहराइच

क्षेत्र के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
**मुकेश वर्मा**
ग्राम पंचायत अधिकारी, विकास खण्ड नवाबगंज, जनपद बहराइच

क्षेत्र के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
**संदीप त्रिपाठी**
ग्राम पंचायत अधिकारी, विकास खण्ड नवाबगंज, जनपद बहराइच

क्षेत्र के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
**प्रवीण कुमार**
ग्राम पंचायत अधिकारी, विकास खण्ड विशेश्वरगंज, जनपद बहराइच

क्षेत्र के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
**महेश प्रताप सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी, विकास खण्ड विशेश्वरगंज, जनपद बहराइच

# गैर संप्रदाय के युवक ने छात्रा से किया दुष्कर्म

## अपहरण कर किशोरी के साथ छह दिन तक करता रहा घिनौना कृत्य, पीड़िता बरामद , आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार** कोतवाली क्षेत्र की एक गांव की कक्षा 10 की छात्रा का गैर संप्रदाय के युवक द्वारा भगा ले जाया गया और छह दिनों तक किशोरी के साथ दुष्कर्म करता रहा। रविवार को अपहरण कर्ता किशोरी के साथ जनपद के टांडा कस्बे से संदिग्ध रूप से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दिया है। यही नहीं पीड़िता नाबालिग है।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला युवक शटरिंग के काम के सिलसिले में कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में परिचित के यहां आता-जाता था। वहीं पर उसने एक किशोरी को बहला-फुसला कर अपने जाल में फंसाया उसने छात्रा को तरह-तरह के सपने दिखाए। पुलिस ने सर्विलांस के आधार पर आरोपी की उपस्थिति जनपद के टांडा कस्बे में मिली। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने किशोरी को बरामद करते हुए अपहरण कर्ता को हिरासत में ले लिया है। किशोरी का मेडिकल परीक्षण और बयान दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से मुकदमा पंजीकृत है। आरोपी बालिग है या नाबालिग, इसकी भी जांच की जा रही है।

### ब्लैकमेल कर युवती के साथ करता रहा दुष्कर्म

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर लगातार सात वर्षों से युवती दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मामला बसखारी थाना क्षेत्र के एक कस्बे का बताया जा रहा है। मामला उस वक्त प्रकाश में आया जब आरोपी की धमकियों से आजिज आकर युवती ने आत्महत्या का प्रयास किया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवती की जान तो बच गई। उसने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में युवती ने आरोप लगाया कि जब वह कक्षा सात में पढ़ती थी तो चांद कुरैशी ने बहलाकर उसकी अश्लील फोटो खींच ली। चांद अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर पीडि़ता से संबंध बनाता रहा। आरोपी ने कई बार पीड़िता से रुपए और जेवर भी लिये। पीड़िता बालिग होने पर आरोपी से शादी करने का दबाव बनाने लगी तो आरोपी ने पीड़िता ककी छोटी बहन को बुलाने की शर्त रख दी। इससे परेशान होकर उसने फिनायल पी लिया। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पीड़िता ने बसखारी पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# सम्मानित किये जाएंगे मेधावी

**जहांगीगरंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** एकेडमिक रिसर्च सोसायटी ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने और छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की है।

संस्था के निदेशक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि रामशब्द स्मृति पीजी कॉलेज बिशुनपुर बजदहा में प्रतिभा अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागियों को 30 अगस्त तक आवेदन फार्म संस्था में जमा करना होगा।

# 10 लाख से अधिक के निर्माण पर जमा करना होगा लेबर टैक्स

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में अब दस लाख रुपए से अधिक लागत से मकान या व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाने वालों पर श्रम विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभागीय नियम के अनुसार ऐसी स्थिति में भवन स्वामी को निर्माण लागत का एक प्रतिशत लेबर टैक्स अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। टैक्स अदा न करने पर भवन स्वामियों के खिलाफ आरसी रिकवरी सर्टिफिकेट जारी की जाएगी।

श्रम विभाग ने वर्ष 2009 के बाद बने भवनों की विशेष तौर पर निगरानी शुरू कर दी है। अब तक जनपद में 50 से अधिक भवन स्वामियों को नोटिस जारी करते हुए टैक्स जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय टीमों का दावा है कि यह वसूली सीधे निर्माण श्रमिकों के कल्याण और आर्थिक योजनाओं के संचालन में उपयोग की जाएगी। नियम के दायरे में मकान मालिकों के साथ-साथ होटल संचालक, स्कूल-कॉलेज, अस्पताल और बड़े बिल्डर्स भी आ रहे हैं।

# पचपेड़वा में यूरिया संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा

संवाददाता, पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जिले में यूरिया खाद की किल्लत ने किसानों को सड़क पर उतरने पर मजबूर कर दिया। रविवार सुबह पचपेड़वा क्षेत्र के नई बाजार में सैकड़ों किसानों ने प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। करीब 500 किसानों की भीड़ अचानक सड़क पर बैठ गई, जिससे पचपेड़वा-बलरामपुर नेशनल हाईवे पर ढाई से तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

किसानों का कहना है कि वे पिछले पांच-छह दिनों से खाद केंद्रों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन यूरिया उपलब्ध नहीं हो रही। कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन और केंद्र संचालकों ने ध्यान नहीं दिया। किसानों ने साफ चेतावनी दी कि जब तक उन्हें खाद नहीं मिलेगी, तब तक सड़क जाम जारी रहेगा। जाम से यात्री घंटों फंसे रहे। एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन भी प्रभावित हुए। लोगों ने बताया कि आधे घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे किसानों का आक्रोश और बढ़ गया और उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। किसानों ने आरोप लगाया कि खाद न मिलने से उनकी फसलें खराब होने की कगार पर पहुंच गई हैं। समय पर खाद न मिलने से उनकी मेहनत और आमदनी दोनों पर असर पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो आंदोलन और उग्र होगा।

### 14 उर्वरक दुकानों के लाइसेंस निरस्त

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिले में यूरिया खाद की कृत्रिम कमी पैदा करने वाले खुदरा विक्रेताओं पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की सख्त निगरानी और समीक्षा के बाद 14 खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि 16 अगस्त को आईएफएमएस पोर्टल पर विक्रेतावार उपलब्धता और वितरण के आंकड़ों के मिलान में पाया गया कि पिछले 10 दिनों से कई विक्रेताओं ने यूरिया का वितरण ही नहीं किया, जबकि उनके पास पर्याप्त भण्डारण मौजूद था।






# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने मोह लिया मन

**गोंडा, अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस पर पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कुतुबगंज में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने देशप्रेम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

ध्वजारोहण मे मुख्य अतिथि सीओ मनकापुर उदित नारायण पालीवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि बीईओ मुजेहना उपेंद्र त्रिपाठी थे।स्वागताकांक्षी में सुनील कुमार सिंह इंचार्ज प्रधानाध्यापक, विनोद कुमार प्रजापति विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष, आफताब खान ग्राम प्रधान पूरे तेंदुआ, राजकुमार सिंह प्रधान प्रतिनिधि रेतवागाड़ा, मसीह उद्दीन खान प्रधान उज्जैनी कला, राजेंद्र कुमार प्रधान त्रिभुवन नगर ग्रांट एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। सहयोगियों में अनूप कुमार प्रजापति, जिशान खान, स्वराज कुमार व अभिभावक गण उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन संकुल शिक्षक श्री कुलदीप शुक्ला द्वारा किया गया। बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सईबिन, अफसाना, सानिया, शिवानी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। उमा देवी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।



छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।


**आवश्यकता है**

**घर के कार्य हेतु काम वाले चाहिए:**
**लिंग:** महिला
**उम्र :** 35 के भीतर
**जाति:** सामान्य / पिछड़ा
**कार्य:** घर की समस्त देखरेख / खाना / साफ सफाई / बर्तन / मंदिर में पूजा इत्यादि
**पगार :** योग्यता अनुसार
**नोट:** पति पत्नी भी चलेंगे ( घर के अंदर और बाहर कार्य हेतु )
**फोन करने का समय –** शाम को 5 बजे से 7 बजे तक
**आवास स्थान : "किरन बसेरा"**
चंद्रभान सिंह पुत्र इंदर सिंह (Advocate)
**निवासी–** ग्राम–खजूरी– पोस्ट/ तहसील/ थाना तरबगंज ,जनपद – गोंडा उत्तर प्रदेश – 271403, संपर्क सूत्र – 8460077712

**कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच**

पत्रांक : 83/जि0प0बह/भवन– मानचित्र / 2025–26 दिनांक:13 अगस्त 2025

**प्लाटिंग नक्शा/भवन मानचित्र सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद बहराइच के ग्रामीण क्षेत्रों में प्लाटिंग की जमीन कय करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि प्लाटिंग का नक्शा / मानचित्र जिला पंचायत बहराइच से स्वीकृत है या नहीं। उक्त की जानकारी प्राप्त करके ही प्लाटिंग की जमीन / भूमि का क्रय करना सुनिश्चित करे अन्यथा की स्थिति में उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अवैध माना जायेगा और ऐसी स्थिति उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 के सुसंगत प्राविधानों एवं जिला पंचायत बहराइच में दिनांक 09 मई 2020 से प्रभावी मानचित्र उपविधि के अनुक्रम में प्रतिकूल कार्यवाही की जायेगी।

मानचित्र उपविधि के अनुसार कोई व्यक्ति / फर्म जनपद बहराइच के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत जिला बहराइच से 300 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल के भवनों के निर्माण से पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना न तो कोई नया निर्माण कर सकता है एवं न ही पुराने भवन में फेरबदल कर सकता है तथा न ही किसी प्रकार के खण्ड की प्लाटिंग तथा भवनों का आवंटन कर सकता है।

| रवीन्द्र सिंह | डा0वीरेन्द्र बहादुर | मंजू सिंह |
| --- | --- | --- |
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत, बहराइच | जिला पंचायत, बहराइच | जिला पंचायत, बहराइच |

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर**

पत्रांक: मेमो / न0पा0परि0सुल0 /2025–26 दिनांक: 13 अगस्त, 2025

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

**हर मन तिरंगा, हर घर तिरंगा**

स्वतन्त्रता दिवस 2025 के अवसर पर नगर के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**अपील**

1– इस स्वतन्त्रता दिवस के पावन पर्व पर प्रत्येक नागरिक अपने–अपने घर पर दिनांक 13 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 तक राष्ट्रभावना से तिरंगा अवश्य फहरायें।
2– नगर क्षेत्र में यातायात में जाम की समस्या न हो, इसके लिए अपने आवास एवं दुकानों के सामने मार्गों की पटरियों पर दुकान की सामग्री न लगायेंगे तथा किसी भी पथ विक्रेता को ठेला, गुमटी इत्यादि न खड़ा होने दें, उन्हें वेन्डिंग जोन में ही पथ विक्रय कार्य करने हेतु प्रेरित करें।
3– प्रतिबन्धित पॉलीथीन एवं थर्माकोल के उत्पादों का उपयोग दण्डनीय है, एकल उपयोग की प्लास्टिक का प्रयोग कदापि न करें, बाजार जाते समय थैला लेकर अवश्य जायें।
4– नगर में नाले नालियों से अवैध अतिक्रमण स्वयं हटा लें, ताकि नालियों की सफाई में असुविधा न हो ।
5– घरो एवं दुकानों से दैनिक निकलने वाले कूड़े को रोड व नाली में न फेकें बल्कि समय से पालिका के कूड़ा गाड़ी वाहन के पहुंचने पर गीला एवं सूखा कूड़ा वाहन में अलग–अलग डाले।
6– डेंगू एवं अन्य संक्रामक रोगों से बचाव हेतु अपने कूलर, घर की छत अथवा परिसर में तथा आस–पास कहीं पर भी पानी जमा न होने दें, न ही कूड़ा करकट, गन्दगी इत्यादि ही इकट्ठा होने दें, बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क करें।
7– घरों के सेप्टिक टैंक प्रत्येक तीन वर्ष के अन्दर सुरक्षित तरीके से अवश्य साफ करायें, सेप्टिक टैंक का स्लज नाले अथवा खुले स्थान पर कदापि न डालें, तत्सम्बन्धी किसी समस्या के लिए टोल फ्री नम्बर – 14420 पर अवश्य सम्पर्क करें।
8– हाथ से मैला ढोना अथवा ढोने के लिए प्रेरित करना निषिद्ध है, ऐसा कदापि न करें एवं न ही करायें। यदि ऐसा होता पाया जाय, तो पालिका को सूचित करें ।
9– खुले में शौच अथवा पेशाब न करें, शौचालय एवं पेशाबघर का प्रयोग करें।
10– अपने शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें तथा स्वच्छ सर्वेक्षण – 2025 में अपने फीडबैक द्वारा शहर को नम्बर–01 बनायें।
11– जल ही जीवन है, अतः इसे बर्बाद होने से बचायें ।
12– पालिका की सेवाओं से सम्बन्धित किसी भी समस्या के निस्तारण के लिए टोल फ्री नम्बर 1533 पर शिकायत दर्ज करायें।

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर "सुन्दर स्वच्छ सुलतानपुर" बनाने हेतु सदैव संकल्पित ।

| ( लाल चन्द्र सरोज ) | | ( प्रवीन कुमार अग्रवाल ) |
| --- | --- | --- |
| अधिशासी अधिकारी | समस्त सभासदगण | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर | नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर | नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर |

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच**

दिनांक: 15 अगस्त, 2025

नगरपालिका परिषद, बहराइच स्वतन्त्रता दिवस (15 अगस्त, 2025) के शुभ अवसर पर अपने नगर वा का हार्दिक अभिनन्दन करती है तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है, साथ ही नगरवासियों से आ करती है कि–

1–घर–घर कचरा संग्रहण की प्रकिया में जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर में सूखा–गीला कर अलग–अलग करके सूखा कचरा नीले व गीला कचरा हरे पात्र में ही डाले।
2–जल ही जीवन है, उसे बर्बाद एवं दूषित न करें, नलों को खुला न छोडे।
3–जन्म–मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
4–पालिका/सार्वजनिक / सरकारी भूमि / सम्पत्ति पर स्थाई / अस्थाई अतिक्रमण/कब्जा न करें।
5–सफाई कर्मी के आने से पूर्व ही अपने घरों का कूडा आदि निर्धारित स्थान पर ही डालें, ताकि सफाई का में सहयोग मिल सके। सड़कों, नालियों एवं रास्तों पर कूड़ा–करकट न डालें।
6– भवन निर्माण से पूर्व भवन के मानचित्र की एन0ओ0सी0 कराना सुनिश्चित करें।
7–शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक / पालीथिन का उपयोग प्रतिबंधित है। जनहित में इसका उपयोग नगर में निर्मित: सामुदायिक शौचालयों, सार्वजनिक शौचालयों/यूरिनल निर्मित पिंक शौचालय का सदैव प्रयोग करे।
9–गृहकर व जलकर 31 मार्च, 2025 से पूर्व जमा करें।
10– पर्यावरण को स्वच्छ रखने के दृष्टिगत एक पेड़ माँ के नाम से पौधा रोपित करें।

| प्रमिता सिंह | (सुधा देवी) |
| --- | --- |
| अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगरपालिका परिषद बहराइच । | नगरपालिका परिषद बहराइच । |


## वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जरवलरोड लखनऊ बहराइच मार्ग झुकिया अंडर पास के निकट अज्ञात वाहन की ठोकर से अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार अधेड़ की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। बीते गुरुवार की देर रात्रि एक युवक मृत अवस्था में हाइवे किनारे पाया गया।


**एजेण्डा**

ग्राम पंचायत रेतवागाड़ा ब्लाक मुजेहना के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदय गोण्डा के आदेश दिनांक 12 अगस्त 2025 के क्रम में ग्राम पंचायत रेतवागाड़ा की एक खुली बैठक दिनांक 19.08.2025 को उचित दर दुकान के चयन हेतु बुलायी गयी है। बैठक दिन 12 बजे स्थान पंचायत भवन रेतवागाड़ा पर

**आवश्यकता है**

दूधनाथ स्मारक पीजी कालेज अल्देमऊ नूरपुर कादीपुर सुल्तानपुर में प्राचार्य एक पद, कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 में हिन्दी, संस्कृत, गृह विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, अर्थ शास्त्र, मध्यकालीन इतिहास में एक–एक प्रवक्ता तथा विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बी0एस0सी0 में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान में एक – एक प्रवक्ता एवं एम0 ए0 भूगोल, समाजशास्त्र में दो– दो प्रवक्ता की आवश्यकता है।
**योग्यता–** प्राचार्य के लिए – पी0एच डी0/नेट के साथ 15 वर्ष का अनुभव
**प्रवक्ता के लिए –** पी0एच0डी0/नेट
**वेतनमान यूजीसी या विश्वविद्यालय के नियमानुसार**
नोट – विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रपत्रों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित हो या पंजीकृत डाक से आवेदन उपरोक्त पते पर कर सकते है।

**प्रबंधक- पुष्पेंद्र बहादुर सिंह**
मो0–9455479161

**आवश्यकता है**

**राम कुमार यादव महाविद्यालय खैरहा, मोतिगरपुर, सुल्तानपुर**
**में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है**
परास्नातक कला संकाय (एम.ए.) पाठ्यक्रम हेतु हिन्दी, गृहविज्ञान, एवं समाजशास्त्र विषयों में 02–02 पद प्रवक्ताओं की।
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू.जी.सी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 7 कार्यदिवस के अंदर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करें।

**भवदीय- प्रबन्धक**

**कार्यालय नगर पंचायत पयागपुर, बहराइच**

दिनांक: 14 अगस्त 2025

15 अगस्त 2025 के अवसर पर नगर पंचायत पयागपुर अपने नगर निवासियों का हार्दिक अभिनन्दन करती है, साथ ही नगरवासियों से अपेक्षा करती है कि

1– घर–घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एंव घर में सूखा – गीला कचरा अलग–अलग करके सूखा कचरा नीले व गीला कचरा हरे पात्र में ही डाले ।
2– जल ही जीवन है, उसे बर्बाद एंव दूषित न करें, नलों को खुला न छोडे ।
3– जन्म – मृत्यु का पंजीकरण निर्धारित समय में अवश्य करायें ।
4– पंचायत/सार्वजनिक/सरकारी भूमि / सम्पत्ति पर स्थाई / अस्थाई अतिक्रमण / कब्जा न करें ।
5–सफाई कर्मी के आने से पूर्व ही अपने घरों का कूड़ा आदि निर्धारित स्थान पर ही डालें, ताकि सफाई कार्य में सहयोग मिल सके। सडकों, नालियों एंव रास्तों पर कूड़ा–करकट न डालें।
6–शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक / पालीथिन का उपयोग प्रतिबंधित है। जनहित में इसका उपयोग न करें ।
7– नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालयों, सार्वजनिक शौचालयों/यूरिनल निर्मित पिंक शौचालय का सदैव प्रयोग करें।

| ( प्रमिता सिंह ) | बालेन्द्र प्रताप |
| --- | --- |
| अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पंचायत पयागपुर बहराइच | नगर पंचायत पयागपुर, बहराइच । |

**नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, अम्बेडकरनगर**

पत्रांक: 103/न0पं0कि0/विज्ञापन/ 2025–26 दिनांक–14–7–2025

नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ–साथ समावेशी विकास का संकल्प

स्वच्छ भारत स्वच्छ अशरफपुर किछौछा

नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, अम्बेडकरनगर को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

**अपील**

1. समस्त करों का भुगतान समय से करें।
2. नगर पंचायत की सम्पत्ति को क्षति न पहुंचाए।
3. दरगाह क्षेत्र में स्थित खानकाह मालिकों से अनुरोध है कि बिना पहचान सम्बन्धी दस्तावेज लिए किसी को न ठहराएं।
4. पालीथीन का प्रयोग कदापि न करें।
5. जन्म व मृत्यु का अंकन नगर पंचायत में समय से करायें।
6. नगर पंचायत परिक्षेत्र में सड़क पटरी को अतिक्रमण मुक्त रखें।

**समस्त सदस्यगण:–** श्री मयाराम, श्री निरंजन, श्री विनोद कुमार, श्रीमती मीरा रानी, श्री रामजी, श्री प्रदीप कुमार, श्रीमती ज्योति गुप्ता, श्री सुभाष निषाद, श्री लालमन, श्रीमती सफरूनिशां, श्री मो० शरीफ, श्री मोनू निषाद, श्रीमती रिजवाना निशां, श्री सूर्यलाल, श्रीमती हसीना परवीन, श्रीमती सुनीता देवी, श्री अमन गुप्ता।

| अधिशासी अधिकारी | (ओमकार गुप्ता) |
| --- | --- |
| | अध्यक्ष |
| नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर। | नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर। |

## न्यूज ब्रीफ

### सीमा पर 70 बोरी उर्वरक के साथ चार गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार :** कृषि विभाग की सूचना पर नेपाल सीमा पर पुलिस व एसएसबी संयुक्त टीम ने लौकाही क्षेत्र में गश्त के दौरान चार आटो रिक्शा पर लदी 70 बोरी उर्वरक बरामद की। इसके साथ ही चारो ऑटो रिक्शा के चालकों को गिरफ्तार कर लिया। उर्वरक लखीमपुर खीरी से बहराइच के जरिए नेपाल भेजी जा रही थी। चारों आटो ड्राइवर लखीमपुर खीरी के रहने वाले हैं। यह जानकारी जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने दी।

### सीएचसी के सामने अधेड़ का शव मिला

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** दो दिनों से अस्पताल के निकट घूम रहा अधेड़ गेट नंबर 2 के पास मृत मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की पहचान नहीं हो पाई। शुक्रवार देर शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्ताफ़ाबाद गेट नंबर दो के सामने एक अधेड़ अचेत अवस्था में देखा गया था। जरवलरोड थाने के एसआई रोशन सिंह ने बताया कि उसके हाथ में संत राम गुदा हुआ है।

### गोदाम में लगी आग

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** मोहल्ला पड़ाव में रविवार सुबह करीब 6:30 बजे टीएफसी गारमेंट के गोदाम में आग लग गई। मोहल्ले के निवासी भोलू ने सबसे पहले आग देखी और लोगों को सूचित किया। मालिक सोनू ने दमकल विभाग को सूचना दी। आग तीन मंजिला इमारत में फैल गई, जहां मकान मालिक ने गोदाम बना रखा था। दमकल की टीम ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बीच में दमकल का पानी खत्म हो गया। टीम को दोबारा पानी भरकर आना पड़ा। आसपास के लोगों ने भी आग बुझाने में मदद की। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

# धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

## रिजर्व पुलिस लाइंस, थानों में सजायी गयीं आकर्षक झांकियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए आयोजित

**आस्था**

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन में धूमधाम के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनायी गयी। मंदिरों में भी पूजन किया गया और सजावट की गयी।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा महामंडलेश्वर श्री सिद्धनाथ मंदिर स्वामी रवि गिरी जी महाराज की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ भगवान श्रीकृष्ण के पूजन एवं आरती से हुआ। इसके उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चे, पुलिसकर्मियों, उनके परिवार एवं अन्य लोगों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इसके अतिरिक्त ही, जनपद के समस्त थानों पर भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व विधिवत रूप व हर्षोउल्लास से मनाया गया। जनपद के प्रत्येक थाने में पुलिसकर्मियों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान किए गये और स्थानीय जन समुदाय के साथ मिलकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। प्रत्येक थाने में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष पूजा, भजन-कीर्तन, और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शांतिपूर्ण और उल्लासमय वातावरण में संपन्न हुआ। पुलिस बल ने सुरक्षा की दृष्टि से पूरे जिले में चाक-चौबंद व्यवस्था बनाए रखी गयी, जिससे कि जनपदवासी इस पर्व को सुरक्षित और सुखद तरीके से मना सकें।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधिकारीगण व अन्य गणमान्य व्यक्ति अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन में सजायी गयी मनमोहक झांकी। ● अमृत विचार


राधा-कृष्ण के विग्रह का किया गया श्रृंगार।


राधा-कृष्ण की सजी झांकी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी रही कान्हा के जन्म की धूम

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और आस्था के साथ मनाया गया। वहीं थाना नवाबगंज परिसर में भी जन्माष्टमी का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर नृत्य कलाकारों के द्वारा विभिन्न प्रकार की झांकी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही भोजन भंडारा का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नवाबगंज क्षेत्र के तेजा फाटा मनसुख गांव जमुनहा, बेलवा भारी, आदि तमाम गांवों में भगवान कृष्ण के जन्म उत्सव पर धूमधाम के साथ विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए। श्री कृष्ण भगवान की पालकी सजाई गई। वहीं थाना नवाबगंज परिसर में भी राधे कृष्ण की मंदिर में जन्मोत्सव की झांकी सजाई गयी जहां प्रभारी निरीक्षक रामाशंकर यादव ने पूजा अर्चना की।

### मंदिरों पर उमड़े भक्त

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। भूपगंज बाजार के पंचायती मंदिर में राधा रानी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही वही त्रिदेव मंदिर में सजा बाबा खाटू श्याम का दरबार, रानी सती दादी माँ का दरबार एवं बाला जी का दरबार बहुत ही आकर्षक रहा क्षेत्र के अमरनाथ मंदिर, पीपल तिराहा, कोट बाजार के संतोषी माता मंदिर और थाना परिसर, में झांकियां सजाई गईं।

इस मौके पर प्रसाद का वितरण तथा भंडारा का भी आयोजन किया गया जन्माष्टमी महोत्सव पर मनमोहक झांकी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। मुख्य अतिथि नानपारा क्षेत्राधिकारी प्रदुम्न कुमार सिंह थे।



### अब श्री सिद्धनाथ महादेव पुलिस चौकी के नाम से जानी जायेगी कानूगोपुरा चौकी

**बहराइच, अमृत विचार :** जन्माष्टमी पर डीएम अक्षय त्रिपाठी व एसपी रामनयन सिंह की उपस्थिति में नवनिर्मित थाना मटेरा के प्रशासनिक भवन में कार्य प्रारम्भ किया गया। साथ ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा महामंडलेश्वर श्री सिद्धनाथ मंदिर स्वामी रवि गिरी की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित जीर्णोद्धारित पुलिस चौकी कानूनगोपुरा का उद्घाटन करते हुए चौकी का नामकरण श्री सिद्धनाथ महादेव पुलिस चौकी के रूप में किया गया।

# मल्लावां चौकी प्रभारी के बर्ताव से लोगों का फूटा गुस्सा, प्रदर्शन

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** पयागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मल्लावां चौकी प्रभारी अमरनाथ मिश्रा पर ग्रामीणों द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मिश्रा अवैध वसूली में लिप्त हैं और शिकायत करने पर मारपीट करते हैं। इसी को लेकर बीते दिन क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया।

सूत्रों के अनुसार, अमरनाथ मिश्रा पर आरोप है कि वह चौकी के नाम पर क्षेत्रीय दुकानदारों, वाहन चालकों और ग्रामीणों से पैसे वसूलते थे। जब कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ अभद्रता और मारपीट की गई। इससे आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने चौकी के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और इकौना पयागपुर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। पयागपुर के विधायक सुभाष त्रिपाठी ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों में काफी समय से चौकी प्रभारी के व्यवहार को लेकर नाराजगी थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चौकी प्रभारी अवैध वसूली कर रहे थे। जब कोई विरोध करता, तो धमकी मिलती थी या फर्जी मुकदमे में फंसाने की बात होती थी।

मामले में विधायक सुभाष त्रिपाठी द्वारा समय रहते हस्तक्षेप कर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया।


चौकी प्रभारी के खिलाफ धरना देते लोग। ● अमृत विचार

### चौकी प्रभारी लाइनहाजिर

जिला प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी अमरनाथ मिश्रा को तत्काल प्रभाव से लाइनहाजिर कर दिया है और जांच के आदेश दे दिए हैं। बताया जा रहा है कि जांच की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी गई है, जो आगामी दिनों में पीड़ित ग्रामीणों के बयान दर्ज करेंगे और आवश्यक साक्ष्य एकत्र करेंगे।

# सेनानियों के परिजन सम्मानित

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** पयागपुर के तहसील सभागार में स्वतंत्रता दिवस पर विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने की। तहसीलदार रविकांत द्विवेदी और नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे।

एसडीएम और तहसीलदार ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को अंगवस्त्र पहनाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। सभागार को तिरंगे के रंगों से सजाया गया था और गुब्बारों से की गई सजावट आकर्षण का केंद्र रही। एसडीएम अश्वनी पांडेय ने कहा कि आज की स्वतंत्रता और सुरक्षा स्वतंत्रता सेनानियों के साहस और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता एक जिम्मेदारी है। इसे निभाने के लिए सबको एकजुट होकर काम करना होगा।

कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने सेनानियों के बलिदान को याद किया। उन्होंने सेनानियों के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नायब तहसीलदार हरिशंकर पटेल और शैलेश अवस्थी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। स्वतंत्रता सेनानी के परिजन अनिल उपाध्याय ने एसडीएम को स्वतंत्रता से जुड़ी एक पुस्तक भी भेंट की।

**नवाबगंज :** क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सभी सरकारी अर्ध सहकारी संस्थाओं पर तिरंगा झंडा फहराया गया। थाना नवाबगंज प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक रामाशंकर यादव द्वारा झंडारोहण किया गया तथा इस मौके पर मिष्ठान्न का वितरण किया गया।

क्षेत्र में सभी सरकारी और प्राइवेट विद्यालयों के साथ ही बैंकों के प्रबंधकों द्वारा झंडारोहण किया गया। इसके अलावा कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में हर घर पर तिरंगा फहराकर आजादी का जश्न मनाया गया।

### चीनी मिल में प्रबंधक ने किया झंडारोहण

**जरवल रोड, बहराइच, अमृत विचार :** आईपीएल चीनी मिल जरवल रोड में मिल प्रबंधक टीएस राना, प्राथमिक आरपीएस इंटर कॉलेज प्रबंधक रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव गायत्री विद्यालय जरवल रोड में पूर्व प्रवक्ता किसान इंटर कॉलेज सुरेंद्र श्रीवास्तव, किसान इंटर कॉलेज जरवल रोड में प्रबंधक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने झंडा रोहण किया भारत पब्लिक मोंटेसरी विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश पाल ने झंडा रोहण किया तथा समस्त विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए भारतीय स्टेट बैंक आर्यावर्त बैंक एचडीएफसी बैंक पंजाब नेशनल बैंक रेलवे स्टेशन पंचायत भवन पर भी झंडा रोहण हुआ।

# धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक भवनों सहित विभिन्न संस्थानों पर ध्वजारोहण के साथ विविध प्रकार के आयोजनों की धूम रही।

शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पर उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने तहसीलदार शशिकांत द्विवेदी व तहसील सहित राजस्व कर्मियों और अधिवक्ताओं की मौजूदगी में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर लोगों को मिष्ठान्न वितरित कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। इसी क्रम में नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष बालेन्द्र श्रीवास्तव, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पयागपुर में विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, ब्लाक मुख्यालय पर प्रमुख गीता देवी, सीएचसी पयागपुर में विधायक सुभाष त्रिपाठी, थाना पयागपुर में थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय, संविलियन विद्यालय भूपगंज में सभासद बजरंग बहादुर शर्मा, पीएमश्री झाला तरहर में प्रधान प्रतिनिधि कामेश सिंह, मामराज इंटर कॉलेज में वर्षा पटेल, केवीइंटर कॉलेज में राजा जयेंद्र विक्रम सिंह ने ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस पर क्षेत्र में उल्लास का माहौल रहा। इस अवसर पर बीडीओ दीपेंद्र पाण्डेय, बीईओ डाली मिश्रा, सदस्य जिला पंचायत समय प्रसाद मिश्रा, शिक्षक गोपालजी शुक्ला, प्रदीप पाण्डेय, नपं लिपिक सत्यपाल यादव, कौशल त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


रामगांव के थानाध्यक्ष को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

### एसओ रामगांव सम्मानित

**मटेरा/बहराइच, अमृत विचार :** उत्कृष्ट कार्य करने व थाने पर आने वाले फरियादियों से सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं को सुनकर मामले का निस्तारण करने पर चर्चा में आये थानाध्यक्ष रामगांव राजकुमार पांडेय को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पुलिस लाइन परिसर में एसपी राम नयन सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# श्रद्धा व उल्लास से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जिलेभर में शनिवार मध्य रात्रि जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई और देर रात तक पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा।

हनुमानगढ़ी, देवीपाटन शक्तिपीठ, राधा कृष्ण मंदिर भगवतीगंज समेत प्रमुख मंदिरों सहित सभी पुलिस थानों को सजाया गया था। रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विशेष पूजा-अर्चना हुई और भजनों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने नगर के विभिन्न मंदिरों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंदिर परिसरों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में भी जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। मोहनदास बाबा मंदिर ललिया सहित कई जगह झांकियां और दही-हांडी के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।


श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** उतरौला तहसील क्षेत्र में बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या अब उपभोक्ताओं के लिए असहनीय बन चुकी है। कभी फेस कटने तो कभी घंटों तक गुल रहने वाली बिजली ने जनता का जीना मुहाल कर दिया है। हालात यह हैं कि रजिस्ट्री ऑफिस के पास ट्रांसफॉर्मर खराब होने पर उपभोक्ताओं ने दर्जनों बार जेई पवन कुमार और संविदा लाइनमैन कन्हैया लाल को फोन किया, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नही की। एक उपभोक्ता ने बताया कि उसने 20 से अधिक बार फोन मिलाया, मगर जेई व लाइनमैन दोनों ने ही उपेक्षा की। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि बिजली का कोई समय-निर्धारण नहीं है। विभाग मनमर्जी से काम करता है।

# बलरामपुर में शान से लहराया तिरंगा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जिलेभर में 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित हुआ, जहां जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पुलिस लाइन में भी परेड का आयोजन हुआ, जिसमें पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने ध्वजारोहण कर बल का अभिवादन स्वीकार किया। इसी प्रकार सभी तहसीलों और विकास खंड मुख्यालयों पर भी तिरंगा फहराया गया।

जिले के अर्द्धसरकारी कार्यालयों, बैंकों और निगमों में कर्मचारियों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया। वहीं नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रभात फेरी, भाषण और देशभक्ति गीतों से माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा।


कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण करते जिला अधिकारी व मौजूद लोग।

**श्रद्धांजलि सभा** पुण्यतिथि पर याद किए गए भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी

# अटलजी के सिद्धांतों से लेनी चाहिए प्रेरणा : बृजभूषण

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर रविवार को एमएलके पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह और भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम की संयोजक व अटलजी की पौत्री अंजली मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष अटलजी का जन्म शताब्दी वर्ष है, ऐसे में उनके विचारों और मूल्यों की पुनर्स्थापना आवश्यक है। उन्होंने भावुक होकर कहा कि बाबा की कर्मभूमि बलरामपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित करना गर्व और भावनाओं का क्षण है। उनके सपनों को पूरा करने का प्रयास जारी रहेगा।

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अटलजी के योगदान को याद करते हुए कहा कि बलरामपुर का अस्तित्व अटलजी की देन है। उन्होंने कहा कि अटल जी के सिद्धांतों और कार्यों से प्रेरणा लेकर इस श्रद्धांजलि सभा को हर वर्ष और बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाना चाहिए। वहीं भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि अटल जी जैसा राष्ट्र पुरुष अब नहीं मिलेगा। उनके लिए प्रधानमंत्री रहते हुए भी राष्ट्र सर्वोपरि था। श्रद्धांजलि सभा में सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश शुक्ला, भाजपा प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**बाबा रामदेव को लेकर एक बार फिर बिगड़े पूर्व सांसद के बोल :** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक बार फिर पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह के बोल बाबा रामदेव के प्रति अमर्यादित दिखे।


अटल जी की पुण्यतिथि पर दीप प्रज्ज्वलित करते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह।

### जनपद में उर्वरक संकट गहराया

**गैंसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** जिले में इन दिनों यूरिया खाद का संकट गहराता जा रहा है। पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सहकारी समितियों में 100 से 250 बोरी खाद का आवंटन किया जा रहा है, जबकि प्रतिदिन 500 से 1000 किसान लाइन में लगते हैं। इस कारण अधिकांश किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही और प्राइवेट डीलरों के दबाव के चलते वितरण कार्य प्रभावित हो रहा है। कई स्थानों पर अफसरों की पूछताछ और दबाव से भी वितरण बाधित हो रहा है।

# नाले में डूबने से किशोर व चचेरे बाबा की मौत

संवाददाता, बलरामपुर

**हादसा**

- गैंड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के मझौव्वा कुर्थुवा की घटना

**अमृत विचार :** गैंड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के मझौव्वा कुर्थुवा गांव में शनिवार देर शाम हादसा हो गया। गहरे नाले में डूबने से 14 वर्षीय किशोर और उसके चचेरे बाबा की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार अहान सैनी (14) पुत्र मंगल घास काटने गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नाले में जा गिरा। उसे बचाने के लिए बगल में घास काट रहे उसके चचेरे बाबा भरथरी सैनी (65) पुत्र सुक्खा भी नाले में उतर गए, लेकिन वह भी गहरे पानी में डूब गए। जब तक ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली, दोनों की मौत हो चुकी थी।

इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव मिश्र ने बताया कि परिजनों और ग्रामीणों की सहमति से दोनों शवों का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। गांव में इस घटना से शोक की लहर दौड़ गई है।

न्यूज ब्रीफ

### सांसद ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोकसभा डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने आज एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यकर्ताओं के हौसले से सांसद पाल काफी गदगद दिखे। खुद तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते हुए तिरंगे को अपने हाथों में लहराते हुए सांसद पाल ने इस रैली की शुरुआत डुमरियागंज राम कुमार चिंकू यादव के कार्यालय से की। रैली में मोटरसाइकिलों पर सवार सभी कार्यकर्ताओं संग भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जगदंबिक पाल जिंदाबाद के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा का समापन तीर्थ सागर भारत भारी पर हुआ।

### धनगढ़िया जाने वाली सड़क हुई जर्जर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** तहसील शोहरतगढ़ अंतर्गत विकास खण्ड जोगिया के रेहरवा चौराहे के धनगढ़िया जाने वाली सड़क काफी दिनों से दयनीय है। बता दें कि रेहरवा चौराहे के धनगढ़िया जाने वाली सड़क बहुत ही जर्जर के जगह-जगह जलभराव भी हो गया है। बरसात के मौसम में राहगीरों, ग्रामीणों सहित स्कूली बच्चों की हालत बहुत ही परेशानी वाली है। कभी कभार स्कूली छोटे बच्चे जलभराव में फिसल कर गिरते हैं और अपना ड्रेस गंदा कर लेते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार सड़क मरम्मत की मांग उच्चाधिकारियों से की गयी लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा जिससे परेशानी बढ़ती जा रही है। क्षेत्रीय ग्रामीण विवेक पाण्डेय, अतुल पाण्डेय, सूरज कुमार, आदित्य, पंकज, दिनेश, राजेश, बबलू, अमन सहित दर्जनों लोग का कहना है कि यह सड़क काफी दिनों से खराब है और बारिश के मौसम में बहुत ज्यादा दिक्कत हो रही है और आने जाने वाले लोग सब गिर जा रहे हैं।

# जिले में धूमधाम से मनाई गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण के साथ थानो से लेकर लोगों ने अपने घरों में धूमधाम से मनाया। गोरखनाथ मंदिर पुलिस लाइन गीता वाटिका बाला जी मंदिर जीडीए चिलूवाताल थाना कैंट कोतवाली शाहपुर सहित अन्य थानों में सांस्कृतिक आयोजनों के बीच मध्य रात्रि का इंतजार हुआ। जैसे ही रात के 12 बजे, बधाई और मंगल गीतों से शहर गूंज उठा। समवेत स्वर में गूंजे बधाई गीत ''नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की'' ने समूचे माहौल में भक्तिभाव में घोल दिया। पूरे दिन के उपवास के बाद प्रसाद वितरण के साथ भक्ति, उत्साह और उत्सव की जो त्रिवेणी वही उसका सिलसिला देर रात तक चलता रहा। शनिवार की सुबह से ही जगह-जगह झांकियों को सजाने का काम चलता रहा। शाम होते ही रंग-बिरंगी झालरों से तमाम जगहों पर सजी झांकियां चमक उठीं। जलकल भवन में शाम से ही सुंदर सजी झांकियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया। श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेडिंग की गई थी। जिससे वे विधि-विधान के साथ भगवान की पूजा करते व्रत का पारण कर सकें। गीता वाटिका के राधा-कृष्ण मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था। मंदिर के बाहर मेले जैसा माहौल रहा। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर के बाहर लगी दुकानों पर चाट-पकौड़ों का जायका लिया।


श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सजाई गयी झांकी। अमृत विचार



कलाकारों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी: महिलाओं ने गाए मंगलगीत

**कुशीनगर, अमृत विचार।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों व घरों में भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई। सुबह से लोग व्रत रह कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारी में जुटे रहे। पूरे दिन भजन कीर्तन की गूंज रही।आधी रात को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही हाथी-घोडा पालकी जय कन्हैया लाल की जयघोष से पुरा माहौल भक्तिमय हो गया। महिलाओं की टोलियां ने मंगल गीत व सोहर गाकर खुशियां मनाई। भद्रपद के कृष्ण पक्ष के अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है। शनिवार को सुबह मंदिरों व घरों में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा रखकर विभिन्न लाइट व झालर के माध्यम से झांकी सजाई गई। सुबह से भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों ने पूरा दिन व्रत रखा। श्रद्धालु मंदिरों व घरों में आधी रात तक भजन कीर्तन करते रहे। 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होने पर महिलाएं मंगल गीत व सोहर गीत गायी। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे से समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पडरौना नगर सुभाष चौक, तिलक चौक, बेलवा चुंगी, धर्मशाला रोड, गुदरी बाजार, कठकुइयां मोड सहित हाटा, कसया, रामकोला, कप्तानगंज, तमकुही, सेवरही आदि क्षेत्रों में सजाई गई।

# युवकों से पुलिस की मारपीट पर भड़के लोग

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत बढ़नी बाजार में शनिवार की रात जन्माष्टमी की आरती के बाद पुलिसिया रवैये को लेकर माहौल गरमा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वार्ड पांच के दो युवक पानी पीने के लिए बस स्टॉप तिराहे पर रुके थे तभी ड्यूटी पर तैनात सिपाहियों ने बिना किसी पूछताछ के उन्हें रोक लिया और कॉलर पकड़कर अभद्रता करने लगे।

आरोप है कि सिपाहियों ने युवकों को 'स्मैकर' और 'मोबाइल चोर' कहते हुए थाने ले जाने की धमकी दी। वहीं स्थानीय निवासी विवेक ने जब पुलिसकर्मियों के इस व्यवहार का विरोध किया, तो उसे भी किनारे ले जाकर बेरहमी से पीटा गया। मारपीट की घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गये और पुलिसकर्मियों के रवैये का विरोध करने लगे। मामले की गम्भीरता को देखते हुए नगर पंचायत बढ़नी के अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने पुलिस अधीक्षक को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी।

आरोप लगाया पुलिस असली तस्करों पर कार्रवाई करने के बजाय निर्दोष युवकों को प्रताड़ित कर रही है। चेयरमैन ने कहा कुछ दिन पहले एक स्मैकर और उसकी मां ने दो सिपाहियों के साथ हाथापाई की थी मगर आज तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके उलटे जन्माष्टमी जैसे शुभ दिन पर हिन्दू परिवार के युवकों को परेशान किया गया। वहीं स्थानीय नागरिकों ने कहा है कि पिछले कुछ महीनों में बढ़नी बाजार में करीब 20 चोरी की घटनाएं हुई हैं।

# खाद संकट से किसान परेशान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच खाद संकट को लेकर पूरे जिले हाहाकार मचा हुआ है । विकास खण्ड बढ़नी के ढेबरुआ स्थित सहकारी समिति पर खाद वितरण में व्याप्त अव्यवस्था का आलम यह है कि अपनी बारी का इंतजार करते किसान सड़क पर हुजूम बनकर खड़े हैं। लगभग 500 से अधिक पुरुष और महिलाएं सुबह से ही एक-एक बोरी खाद के लिए संघर्ष करते दिखे, जबकि मुख्य सड़क पर लगे इस जनसैलाब से यातायात भी बाधित हो रहा है। किसानों ने अधिकारियों और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सरकारी केन्द्र में वितरण का कोई सुव्यवस्थित तरीका नहीं है।

### गड्ढा युक्त सड़कों से राहगीर हो रहे परेशान

**गोरखपुर, अमृत विचार।** सड़कों की खराब हालत से राहगीर परेशान हैं और उनके समझ में नहीं आ रहा है कि अपनी शिकायत किससे कहें। क्योंकि नागरिक कहते-कहते परेशान है कि सड़कों को सही करा दिया जाए लेकिन कोई सुधि लेने वाला नहीं है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम KM RUKSHI SIDDIQUE से बदलकर RUKSHI SIDDIQUI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-ARSHAD KHAN ADD-556KA 7/A SUJANPURA ALAMBAGH DIST-LUCKNOW-226005 (U.P.)

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सुशील गुप्ता पुत्र स्व0 जगन्नाथ गुप्ता निवासी 58/23, नाई वाली गली, हुसैनगंज, लखनऊ उ0प्र0 पिन कोड-226001** मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश उसका नाम BHAARGAVI GUPTA अंकित हो गया है जो कि गलत है जबकि उसका सही व वास्तविक नाम ANYAA GUPTA है जो कि उसके आधार कार्ड में अंकित है। यहकी उसका सही व वास्तविक नाम ANYAA GUPTA अंकित कर संशोधित कर दिया जाये व भविष्य में उसे ANYAA GUPTA के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHD DILSHAD से बदलकर DILSHAD AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-JAMAL AHMAD ADD-MAHRANIGANJ PURANI TAKIIYA DIST-GONDA-271002 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम KM ABIYA से बदलकर AASIYA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-DILSHAD AHMAD ADD-MAHRANIGANJ, PURANI TAKIYA, BARGAWAN DIST-GONDA-271002 (U.P.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **विशाल बलोंत्रा पुत्र आर0सी0 बलोंत्रा निवासी- बी 5 मालवीय नगर ऐशबाग लखनऊ** का रहने वाला हूँ। मेरा 30-03-2010 आवास विकास परिषद द्वारा वृंदावन योजना भवन संख्या 6C/696 का मूल आवंटन पत्र वास्तव में कहीं गुम हो गया है जोकि काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिल पा रहा है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रियाज अहमद पुत्र अब्दुल खालिक निवासी- 591 टी आर ए /1124 रमजान नगर खरिका वार्ड तेलीबाग, लखनऊ, वृन्दावन कालोनी, लखनऊ उ0प्र0** , मेरा पुत्र तौसीफ रियाज मेरी कोई बात नहीं मानता है और सदैव लड़ाई झगड़ा करता रहता है। उसकी इन हरकतों से तंग आकर सभी प्रकार का सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। अब उसके किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए मै वं मेरे परिवार की किसी प्रकार से जिम्मेदारी नहीं होगी। उपरोक्त पुत्र को अपनी समस्त चल व अचल समपत्ति से बेदखल करता हूँ भविष्य में किसी भी चल अथवा अचल सम्पत्ति में हिस्सा पाने का हकदार नहीं होगा।

**सूचना**

मैंने अपना नाम KM ANNANYA से बदलकर ANNANYA SAKAL RAM रख लिया अब इसी से जाना व पहचाना जाये। D/O-RAM SAKAL RAM, VILLAGE-CHIRAWAL, POST-TIKAPUR, DISTRICT-AZAMGARH-276208 (U.P.)

**सूचना**

मेरी बीमा पॉलिसी संख्या 215136278 मे मेरा नाम गंगासागर पुत्र देव्पराद (GANGA SAGAR S/O DEV PRAD ) लिखा है। जबकि आधार कार्ड तथा बैंक पासबुक में मेरा नाम रामसागर पुत्र देव्पताग (RAM SAGAR S/O DEV PTAG ) है। यह दोनों पुत्र व पिता के नाम एक ही हैं हमें दोनों नाम से जाना पहचाना जाए। **रामसागर पुत्र देव्पताग ग्राम देवरिया अर्जुन पोस्ट परसौना तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर**

**PUBLIC NOTICE**

I, Ashish Kumar, son of Premchand, a permanent resident of Village Kusuru Khurd, District Sant Kabir Nagar, hereby state that in the educational records, my daughter's name has been incorrectly recorded as Ku. Palak Shukla instead of Palak Shukla.It is necessary and justified that her name be recorded as Palak Shukla.Ashish KumarS/o PremchandVillage Kusuru Khurd District Sant Kabir Nagar

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरा मूल बैनामा दिनांकित 21/06/1988 पंजीकृत दिनांक 29-06-1989 जो कि सपत्ति सं- 1133,1127 व 1129 स्थित ग्राम अमराई, तहसील सदर जिला लखनऊ से संबंधित है,उक्त मूल बैनामा दिनांक 16/07/2025 को गुम हो गया है जिसकी सूचना सम्बंधित थाना वजीरगंज लखनऊ में दर्ज है। जिस किसी को भी उपरोक्त मूल बैनामा मिलता है तो उसे मुझे वकील आयु लगभग 25 वर्ष पुत्र स्व.सुमेर पासवान, निवासी मकान संख्या 89, गगउपुर, जनपद मऊ, उ.प्र. मो- 8188854788 पर उपलब्ध करवाने का कष्ट करें उचित इनाम दिया जायेगा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद उतरौला – बलरामपुर**

पत्रांक 565 / न0पा0 परि0 उत0 / जन्म – मृत्यु / 2025–26 दिनांक–14–08–2025

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राबिया खातून पुत्री श्री हबीब निवासी मोहल्ला–रफीनगर उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है ।

| क्र.सं. | नाम | पिता/पति का नाम | जन्म तिथि | जन्म का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राबिया खातून | श्री हबीब | 01–01–1983 | मोहल्ला– रफीनगर उतरौला–बलरामपुर |

उपरोक्त जन्म प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को इनके जन्म से सम्बन्धित आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर अपना आपत्ति पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी भी प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, उतरौला – बलरामपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद उतरौला – बलरामपुर**

पत्रांक 530 / न0पा0 परि0 उत0 / जन्म – मृत्यु / 2025–26 दिनांक–07–08–2025

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मन्जू देवी पत्नी श्री रामबाबू निवासी मोहल्ला–सुभाषनगर उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है ।

| क्र.सं. | नाम | पिता/पति का नाम | जन्म तिथि | जन्म का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कृष्णा | रामबाबू | 01–01–2003 | मोहल्ला–सुभाषनगर उतरौला–बलरामपुर |

उपरोक्त जन्म प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को इनके जन्म से सम्बन्धित आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर अपना आपत्ति पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी भी प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, उतरौला – बलरामपुर**

# डीएम ने किया कार्यों का निरीक्षण समय से काम पूरा कराने के निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने अलग-अलग स्थानों का निरीक्षण कर वहां हो रहे कार्यों को सही समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिये। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान इटवा के अवशेष निर्माण कार्य का जिलाधकारी डा. राजा गणपति आर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन भवन को देखा गया। जिलाधिकारी ने उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लि., प्रखण्ड बस्ती के संबंधित जेई को समय से एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। रमवापुर कली से बेलवा-धोबहा मार्ग के सीसी रोड का जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्टीमेट एवं एमबी का मिलान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सड़क को खोदवाकर देखा गया। गुणवत्ता ठीक पाया गया। बीटीआईबी एमडीआर-30 पर भिटिया के पंचमोहनी-देवभरिया-बहादुरपुर मार्ग सड़क निर्माण कार्य का जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्टीमेट एवं एमबी का मिलान किया गया। इसी क्रम में कोहडौरा से सोहना-निवासी-चिताही मार्ग निर्माण कार्य का द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्टीमेट एवं एमबी का मिलान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सड़क को खोदवाकर देखा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माणकार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि सहन नहीं की जीएगी। काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर।

### महाविद्यालयों की बीएड मौखिक परीक्षा 18 से

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विवि कपिलवस्तु के संबद्ध महाविद्यालयों में बीएड प्रथम वर्ष की मौखिक परीक्षा 18 अगस्त से कराई जाएगी। 29 अगस्त तक आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए महाविद्यालय में केंद्र भी बना दिए गए हैं। इसमें अनुदानित महाविद्यालयों पर 18 अगस्त को, बस्ती के महाविद्यालयों का 19, 20, 21 को बस्ती, श्रावस्ती व बलरामपुर में 22 अगस्त को, संतकबीरनगर में 23, 25 व 26 अगस्त को, महराजगंज में 27 व 28 को, जबकि सिद्धार्थनगर में 29 अगस्त को परीक्षा करवाने की तिथि निर्धारित की गई है। सभी परीक्षा महाविद्यालय पर ही आयोजित होंगी। परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव ने बताया कि परीक्षा करवाने के लिए परीक्षक की भी ड्यूटी निर्धारित कर दी गई हैं।
















मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि आपके जीवन में एक ऐसा क्षण आता है, जब आपको स्वयं के लिए बोलने का निर्णय लेना होता है। कोई और आपके लिए नहीं बोल सकता।
**-मार्टिन लूथर किंग जूनियर**, अमेरिकी विचारक

## पीएम के आह्वान का अर्थ

प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश समृद्धिशाली हो, इसके लिए आत्मनिर्भरता आवश्यक है। निस्संदेह यह वाक्य देश के विकास, आत्मसम्मान और संप्रभुता की गुरु किल्ली है। प्रधानमंत्री इससे पहले भी आत्मनिर्भरता का आह्वान कर चुके हैं, पर इस बार इसे दोहराने का अलग महत्व है। एक तो यह स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से देश को संबोधित करते हुए कहा गया और दूसरा तब, जब अमेरिका ने हमारे ऊपर बेजा तरीके से 50 प्रतिशत टैरिफ थोप दिया है। बेशक, कोई भी देश अपनी सभी आवश्यकताओं के मामले में शत-प्रतिशत आत्मनिर्भर हो, यह लगभग असंभव है, परंतु अधिकांश मामलों में आत्मनिर्भरता संभव है और कुछ आवश्यकताओं के लिए आंशिक तौर पर आयात पर निर्भरता रह सकती है। दूसरों पर यह निर्भरता व्यक्ति और राष्ट्र की स्वतंत्रता को बाधित करती है। कई बार जनता के पास स्वदेशी उत्पाद या तकनीक के चयन का विकल्प ही नहीं रहता, तो बहुधा सरकार को सम्मान का सौदा कर जनता के लिए आयात करना पड़ता है। शुक्र है कि भारत बहुत से क्षेत्रों में आत्मनिर्भर है और सरकार की नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन के चलते तमाम क्षेत्रों में हम आत्मनिर्भर होने की ओर अग्रसर हैं। इसके विपरीत कठोर सत्य यह भी है कि आज भी हम तमाम छोटी-बड़ी वस्तुओं, सेवाओं और बेहतर-सस्ते उत्पादों के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। प्रधानमंत्री का कहना है कि जब विकसित देशों का आर्थिक स्वार्थ दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, तब समय की मांग है कि हम संकटों का रोना रोने की बजाए एकजुट होकर आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की ओर बढ़ें। इसके बाद कोई भी अपने आर्थिक स्वार्थ के चंगुल में हमें नहीं फंसा सकेगा। निस्संदेह उनका कहना उचित है। बाज़ार की जंग में हम आत्मनिर्भरता की शक्ति के बिना नहीं लड़ सकते। इस युद्ध में आत्मनिर्भर देश ही अपनी संप्रभुता तथा आत्मसम्मान की रक्षा कर सकेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जेट इंजन और सेमीकंडक्टर चिप के निर्माण से लेकर परमाणु ऊर्जा के दस गुना विस्तार तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का जो लक्ष्य रखा, उससे साफ होता है कि उनकी सोच कितनी ऊंची और दूरदर्शिता-पूर्ण है। 2047 तक विकसित भारत के जो खाके की परिकल्पना है, उसमें रंग भरने के लिए यह सब आवश्यक है और प्रधानमंत्री इस दिशा में अग्रसर हैं। आत्मनिर्भरता राष्ट्र को समृद्धिशाली बनाकर महाशक्तियों के संरक्षणवाद से बचाएगी- यह उचित है। आत्मनिर्भरता के लिए आमजन को उत्साहित करना भी श्रेयस्कर है, परंतु आत्मनिर्भरता कैसे हासिल हो, इसके लिए सर्वाधिक प्रयास तो केंद्र और राज्य सरकारों को ही करने होंगे। आज सरकार के पास कई ज्वलंत उदाहरण मौजूद हैं कि उनकी नीतियों और प्रयासों से कुछ क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य हासिल हुआ है, जबकि कुछ उसके निकट हैं, परंतु तेल, गैस, सेमीकंडक्टर, दवाओं के एपीआई, विशिष्ट चिकित्सा उपकरण ही नहीं, बल्कि दलहन-तिलहन जैसे बहुतेरे क्षेत्र हैं, जहां इस दिशा में सरकार और जनता को मिलकर अभी लंबा रास्ता तय करना है।

### प्रसंगवश

## 'ड्रोन लुटेरों' से फैलती दहशत की हकीकत

'ड्रोन गिरोह' की अफवाहों ने शांति-व्यवस्था में खलबली मचा रखी है। विशेषकर ग्रामीणों में, जहां दहशत की स्थिति बनी हुई है। ड्रोन चारों के भय से लोग सारी-सारी रात जगे रहते हैं। प्रभावित दो-तीन राज्यों में महीने भर से ड्रोन चोरों से लोग इतने भयभीत हैं कि वह रातों में जाग-जाग कर अपने घरों और परिजनों की पहरेदारी कर रहे हैं। डरे हुए लोग 'ड्रोन चोरों' को 'आसमानी चोर' कहने लगे हैं। देखा जाए तो देहात क्षेत्रों में ड्रोन चोरों की अफवाहों का बाजार काफी समय से गर्म है। बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस महकमा भी अलर्ट मोड़ पर है। अफवाह लोगों की नासमझी से ज्यादा फैल रही है। ड्रोन दिखाई पड़ने पर वह पुलिस से संपर्क करने के बजाय सोशल मीडिया पर अनापशनाप गलत सूचनाएं फैला देते हैं, जिससे स्थिति और पैनिक हो रही है।

ड्रोन की घटनाएं हकीकत हैं या अफवाह? ये अनसुलझी पहेली जैसा है। पिछले दो सालों से 'स्वामित्व योजना' के तहत केंद्र सरकार ग्रामीण भूमि का सर्वेक्षण भी ड्रोनों से करवा रही है। योजना मार्च-2026 तक पूरी होनी है। करीब तीन लाख 44 हजार गांवों का सर्वेक्षण होना है। इसके पीछे सरकार का मकसद ग्रामीण संपत्ति के मालिकों को उनकी संपत्ति का मास्टर कार्ड वितरण करना है। 92 फीसदी कार्य 'ड्रोन मैपिंग' से पूरा हो चुका है, जिसमें 31 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। सवाल ये भी उठता है कि क्या इस वक्त जो ड्रोन उड़ रहे हैं, वो इसी योजना का हिस्सा हैं? अभी तक कोई तथ्यात्मक सच्चाई मुकम्मल तौर से बाहर नहीं निकल पाई। जबकि, प्रथम दृष्टया प्रशासन ने ड्रोन की घटनाओं को अफवाह ही माना है। ड्रोन की घटनाओं के पीछे कोई ऐसी हकीकत तो नहीं छिपी, जिसे शासन-प्रशासन और सुरक्षा महकमा सार्वजनिक न करना चाहता हो? राष्ट्र सुरक्षा से जुड़ा तो कोई मसला नही? हालांकि ऐसे नाना-प्रकार के कयासों की मंडियां सजी हुई हैं। सच्चाई के असल नतीजों तक अभी कोई नहीं पहुंच पाया है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कई जिलों में इस समय ड्रोन लुटेरों की चर्चाएं हैं।



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

धीरे-धीरे ये दहशत अब अन्य राज्यों में भी फैलती जा रही है। हरियाणा, पंजाब, बिहार, मध्य प्रदेश में भी आधुनिक चोरों से जुड़ी अजीबो-गरीब अफवाहें फैल गई हैं। बिहार के सासाराम और मध्य प्रदेश के गुना जिले में भी ड्रोन उड़ते देखे गए हैं। अफवाहें हैं कि चोर रात में घरों का ड्रोन से सर्वेक्षण करते हैं और फिर अगली रात धावा बोलते हैं। एकाध घटनाएं घटी भी हैं, लेकिन उन घटनाओं से कोई हकीकत सिद्ध नहीं हुई। प्रशासनिक स्तर पर ड्रोन की घटनाओं को बेशक अफवाह बताया जा रहा हो, पर ग्रामीण मानने को राजी नहीं हैं? बीते मात्र तीन हफ्तों में उत्तर प्रदेश में 365 और उत्तराखंड में 245 कथित तौर पर ऐसी घटनाएं घटी हैं। अफवाहों के गर्भ से निकली ड्रोन चोरी की ये घटनाएं अब हिंसा में बदलने लगी हैं। चोर समझकर अंधेरे में चलने वाले राहगीरों के साथ मारपीट की घटनाएं भी बढ़ी हैं। शराबियों की तो शामत ही आई हुई है। बिलावजह हादसे का शिकार न हो जाएं, इसलिए रात्रि पाली में काम करने वाले कर्मचारी भी घरों से बाहर नहीं निकल रहे। ऐसी भी घटनाएं खूब सामने आ रही हैं, जहां ड्रोन चोरों की आड़ में लोग अपनी पुरानी दुश्मनी निकाल रहे हैं। माहौल जैसे-जैसे बिगड़ना तेज हुआ, तो राज्य सरकार का ध्यान एकाएक उस ओर गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल आपातकाल बैठक बुलाई। शासन ने निर्णय लिया है कि ड्रोन के जरिए डर पैदा करने या गलत सूचना फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट और एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी। चेतावनी के बाद भी ड्रोन का उड़ना लगातार जारी है। दो दिन पहले भी मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में एक और उच्च-स्तरीय कानून-व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर बैठक हुई, जिसमें बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश पारित हुआ है।

# रहस्य के आवरण में छुपी नेताजी की गुमशुदगी





अरविंद जयतिलक
लेखक

भारतीय समाज और राष्ट्र के जीवन में नवीन प्राणों का संचार करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज पुण्यतिथि है। आज देश उन्हें नमन-वंदन कर रहा है। नेताजी का जीवन जितना अधिक रोमांचकारी रहा है, उतना ही अधिक रहस्यमयी भी। विडंबना है कि उस महान देशभक्त की मृत्यु से जुड़ी गुत्थियां अभी तक सुलझी नहीं हैं। कुछ वर्ष पहले ब्रिटेन की एक वेबसाइट द्वारा खुलासा किया गया कि टोक्यो जाते समय नेताजी की मौत 18 अगस्त 1945 में ताईवान के निकट एक विमान दुर्घटना में हुई और उसके पास उनके अंतिम संस्कार से जुड़े साक्ष्य मौजूद हैं।

वेबसाइट में कहा गया कि नेताजी की मौत के उपरांत ताईवान के एक अधिकारी तान तीती ने ताइपे में उनके अंतिम संस्कार के लिए अनुमति पत्र जारी किया और उनके शव के साथ जापानी सेना का एक अधिकारी भी मौजूद था। वेबसाइट का यह भी दावा था कि नेताजी के अंतिम संस्कार के बाद उसके साक्ष्य ताईवान की पुलिस ने ब्रिटिश मंत्रालय को भेजे थे और जुलाई, 1956 में दिल्ली के ब्रिटिश उच्चायोग ने ये सबूत तत्कालीन भारत सरकार को उपलब्ध कराए थे। रिपोर्ट के मुताबिक नेताजी का अंतिम संस्कार 22 अगस्त, 1945 को किया गया। तथ्य यह भी कि सुभाष चंद्र बोस के अति विश्वासपात्र हबीबुर्रहमान, जो उनके साथ विमान में सवार थे, ने पाकिस्तान से आकर शाहनवाज समिति के सामने गवाही दी थी कि नेताजी उस विमान दुर्घटना में मारे गए थे और उनके सामने ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। वेबसाइट और हबीबुर्रहमान का यह खुलासा अंतिम सच नहीं है।

देश का एक बड़ा वर्ग, जिसमें लेखक और चिंतक भी शामिल हैं, का मानना है कि नेताजी विमान दुर्घटना से बच निकले थे और रूस चले गए थे। नेताजी की मौत पर 'इंडियाज बिगेस्ट कवर-अप' के लेखक अनुज धर की मानें तो उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय से सुभाष चंद्र बोस की मौत से जुड़े दस्तावेज की मांग की थी, लेकिन प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह कह कर देने से इंकार कर दिया था कि इससे विदेशी ताकतों से हमारे संबंधों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

नेताजी के प्रपौत्र और 'हिज मैजेस्टिज अपोनेंट' के लेखक सौगत बोस का कहना है कि विदेश से संबंध खराब होने की बात गले नहीं उतरती। उन्होंने अपने शोध के जरिए दावा किया है कि विंस्टल चर्चिल ने 1942 में नेताजी की हत्या के आदेश दिए थे, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं हुआ कि इस मुद्दे पर भारत आज ब्रिटेन से अपने रिश्ते खराब कर ले। सौगत बोस ने यह भी आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के कार्यकाल में इंटेलिजेंस ब्यूरो उनके पिता, चाचा और सुभाष चंद्र बोस की पत्नी एमिली की चिट्ठियां पढ़ता रहा और उसकी प्रतियां बनाता रहा। ऐसे में सवाल लाजिमी है कि क्या सुभाष चंद्र बोस के परिवार पर हो रही जासूसी की जानकारी प्रधानमंत्री नेहरू को थी? स्वतंत्रता के पश्चात भारत सरकार ने नेताजी की मौत की घटना की जांच के लिए 1956 और 1977 में दो बार आयोग नियुक्त किया। दोनों बार यह नतीजा निकला कि नेताजी का निधन उस विमान दुर्घटना में ही हुआ था।

आश्चर्यजनक यह कि जिस ताईवान की भूमि पर यह दुर्घटना होने की खबर थी, उस ताईवान देश की सरकार से इन दोनों आयोगों ने कोई बात नहीं की। 1999 में जस्टिस मनोज कमार मुखर्जी के नेतृत्व में तीसरा आयोग बनाया गया। 2005 में ताईवान की सरकार ने मुखर्जी आयोग को जानकारी दी कि 1945 में ताईवान की भूमि पर कोई भी हवाई जहाज दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ। 2005 में मुखर्जी आयोग ने भारत सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कहा गया कि नेताजी की मृत्यु उस विमान दुर्घटना में होने का कोई सबूत नहीं है, लेकिन सरकार ने मुखर्जी आयोग की रिपोर्ट को खारिज कर दिया। यहां आश्चर्य इस बात पर है कि एक ओर ताईवान की सरकार ने 1945 में अपनी भूमि पर किसी भी हवाई दुर्घटना न होने की बात कही और वहीं दूसरी ओर ब्रिटेन की वेबसाइट की ओर से दावा किया गया कि ताईवान की सरकार ने उसे नेताजी की मौत से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराए हैं? क्या यह अपने आप में विरोधाभास नहीं है? क्या यह नेताजी की मौत को लेकर भ्रम पैदा नहीं करता है? अगर नेताजी के जिंदा होने की आशंका सतह पर उभरती रही है तो यह अचरजपूर्ण नहीं है।

यहां गौर करने वाली बात यह कि जस्टिस मुखर्जी ने फैजाबाद स्थित उस गुमनामी बाबा, जिनकी शक्ल सुभाष चंद्र बोस से मिलती थी, की भी जांच की। एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता से बात करते हुए उन्होंने शक जताया कि गुमनामी बाबा सुभाष चंद्र बोस हो सकते थे। गुमनामी बाबा को करीब से देखने वालों का भी कहना है कि उनकी बहुत सी चीजें नेताजी सुभाष चंद्र बोस से मिलती थीं। मसलन वे नेताजी की ही तरह छः फुट के थे। उन्हीं की तरह चश्मा लगाते थे। गुमनामी बाबा की जन्मतिथि 23 जनवरी 1897 ही पाई गई जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की है। गुमनामी बाबा का निधन 18 सितंबर 1985 को हुआ और उनकी समाधि सरयू नदी के किनारे गुप्तार घाट पर है। यहां सवाल यह खड़ा होता है कि अगर गुमनामी बाबा ही सुभाष चंद्र बोस थे, तो फिर वे गुपचुप तरीके से यहां क्यों रहते थे? भला एक महान देशभक्त जो ब्रिटिश हुकुमत के आगे झुका नहीं, वह गुमनामी की जिंदगी क्यों गुजारेंगे? पर मौजू सवाल यह है कि एक महान देशभक्त की रहस्यमयी मौत से अभी तक परदा क्यों नहीं हटा?

> अगर माना जाए कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में हुए प्लेन हादसे में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का निधन हो गया था, तो आज उनकी पुण्य तिथि है। उनको गुजरे कई दशक बीत गए हैं, लेकिन उनके निधन को लेकर रहस्य अब भी बरकरार है।

### आमने सामने



यह संविधान को बचाने की लड़ाई है। पूरे देश में बीजेपी-आरएसएस संविधान को मिटाने पर तुले हैं। जहां भी चुनाव होता है यह जीतते हैं। बिहार की जनता वोटों की चोरी नहीं करने देगी, क्योंकि गरीब कमजोर लोगों के पास सिर्फ वोट का हक है।
**-राहुल गांधी**
नेता, प्रतिपक्ष

राहुल गांधी की यात्रा कुछ और नहीं बल्कि 'बदनाम यात्रा' है। डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को अलोकतांत्रिक और छलपूर्ण तरीके से डराने-धमकाने की राहुल गांधी की जानबूझकर और बार-बार की गई कोशिशें बुरी तरह नाकाम होंगी।
**- सीआर केसवन**
भाजपा नेता



# राष्ट्र प्रथम का दृष्टिकोण एवं राजनीतिक सुधार



अमित त्यागी
स्तंभकार एवं राष्ट्रवादी विचारक

भारत का वर्तमान विपक्ष, सत्ता का विरोध करते-करते अकसर राष्ट्र विरोधी दिखने लगता है। राष्ट्र के भाव को समझने के लिए विपक्ष को पहले राष्ट्र और नेशन का अंतर समझना होगा। राष्ट्र एक भू सांस्कृतिक संकल्पना है, जबकि नेशन भू राजनीतिक संकल्पना है। इजराएल जैसे छोटे देश से हमें राष्ट्र के संदर्भ में सीख लेनी चाहिए। वहां के नागरिकों में राष्ट्र प्रथम का भाव, चारों तरफ दुश्मनों से घिरा होने के बावजूद उनके अस्तित्व को अक्षुण्य रखता है। भारत के राजनीतिक क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम का भाव न होने के कई कारण हैं। हमारे यहां वंशवाद, परिवारवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद जैसे अनेक विषय राष्ट्र के भाव को कमजोर करते हैं। कई प्रादेशिक दल परिवारवाद और वंशवाद के आसपास घूम रहे हैं। परिवार के बाहर का व्यक्ति इन दलों में शीर्ष पर जाने की सोच भी नहीं सकता है।

वंशवाद और परिवारवाद में डूबे दल राष्ट्र प्रथम के स्थान पर जातिवाद को बढ़ावा देते हैं। जातियों में बंटे समाज को अपने साथ जोड़ना आसान होता है। वोट बैंक के इस खेल में बाहर से आए बंगलादेशी और रोहिग्या को भी ये दल मताधिकार का उपयोग दिलवाने से पीछे नहीं हटते। इसका उद्धरण तब सामने आया जब बिहार में चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की। इस पर विपक्षी दलों द्वारा तकरार शुरू हुई। इस तकरार में एक मुद्दा नागरिकता एवं मताधिकार का भी है।

भारत के संविधान के अनुसार 25 वर्ष से अधिक आयु का भारत का कोई भी नागरिक विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बन सकता है। यानी, भारतीय संविधान के अनुसार जो भारत का नागरिक है, वही मतदान भी कर सकता है। अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को निर्वाचक नामावली में रख रखाव की शक्ति देता है। अनुच्छेद 326 प्रावधान करता है, लोकसभा और प्रत्येक राज्य की विधान सभा के निर्वाचक व्यस्क मताधिकार के आधार पर होंगे।

नागरिकता का यही संदर्भ जनप्रतिनिधि अधिनियम 1950 की धारा 16 में है। जो व्यक्ति भारत का नागरिक नहीं, वह मताधिकार का भी पात्र नहीं। अब बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची पर किया जा रहा कार्य यदि राष्ट्र प्रथम की दृष्टि से देखें तो श्रेष्ठ कार्य है। इसमें अड़चन लगाने वाले देश भक्त तो नहीं कहे जा सकते हैं। किसी बाहर के व्यक्ति को मतदान का अधिकार देकर हम संपूर्ण राष्ट्र को खतरे में डालते हैं। राष्ट्रप्रथम के भाव से देखने पर जितना आवश्यक राजनीतिक सुधार दिखता है, उतना ही आवश्यक एक देश एक चुनाव का विषय है। अभी देश में कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं। इसमें एक बड़ा तंत्र हर समय व्यस्त रहता है। तंत्र के साथ-साथ देश का युवा भी चुनावों में व्यस्त रहता है।

जो समय युवा अपने शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा, रोजगार एवं राष्ट्र चिंतन में उपयोग कर सकता है, वह समय चुनाव में व्यर्थ होता है। यदि पांच साल में एक साथ चुनाव हों तो उसके बाद तंत्र एवं युवा अपना बाकी समय अपने स्वहित एवं राष्ट्रहित में उपयोग कर सकेंगे। इससे व्यक्तिगत व्यक्तित्व निखरेगा और रोजगार सृजन बढ़ेगा। हम व्यक्ति से लेकर सामाजिक मूल्यों के स्तर पर मजबूत बनेंगे।

डॉ हेडगेवार का कहना था, 'हमको जोड़ने वाली धारा यह मूल्य आधारित संस्कृति है। जब-जब हमारे मूल्यों का पतन हुआ, हमारे समाज में न्याय का अंतर्ध्यान होकर अन्याय आ गया। हम दुर्बल हो गए। हमारी अपनी दुर्व्यवस्था के कारण अंग्रेजों और मुगलों का आक्रमण हुआ, इसलिए कब तक मुसलमानों को दोष देते रहोगे। यह कैसे हुआ कि हजारों मील दूर से मुट्ठी भर आक्रामक आए और सोने की चिड़िया कहलाने वाले भारत के सूरमाओं के देखते-देखते उन्होंने जीत लिया।' भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम कहा करते थे, 'भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाना है। ऐसा भारत जिसकी जड़ें हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में होंगी।'

अब डॉ. कलाम के विकसित भारत बनने के लिए हमें सिर्फ आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक और बौद्धिक धरातल पर भी प्रयास करने होंगे। हमें अपने मध्य के उन लोगों को भी चिन्हित करना होगा, जो भारतीय मूल्यों को नहीं समझते हैं, जिनके स्वार्थ औए आस्थाएं भारत के बाहर की संस्कृति से जुड़ती हैं। इसके लिए हमें अंधानुकरण करना बंद करना होगा। उद्धरण के लिए अरब एवं खाड़ी देश भारत के पश्चिम में स्थित हैं। हम पश्चिम की धारणा के अनुसार इनको मिडिल ईस्ट कहते हैं। सऊदी अरब, यूएई, कुवैत, ओमान आदि खाड़ी देश यूरोप से देखने पर मिडिल ईस्ट हैं, भारत के अनुसार नहीं।

ऐसा ही हम शब्दों के उच्चारण में करते हैं। अंग्रेजों के गलत उच्चारण की नकल करके हम अशोक को अशोका, राम को रामा, योग को योगा कहने लगे। जबकि हम संस्कृत जैसी भाषा के देश हैं, जिसमें स्व का भाव है। अब एक बात तो स्पष्ट है कि जो भी भारत में रहने वाले इस तरह के शब्दों के उच्चारण, मिडिल ईस्ट के दृष्टिकोण एवं अन्य आस्थाओं को प्राथमिकता देते हों वे कैसे भारत के राष्ट्र प्रथम के भाव को समझेंगे। मूल्य आधारित राजनीति उनको कैसे रास आएगी? जिसके लिए निजी हित राष्ट्रहित पर सर्वोपरि हों, ऐसे लोगों, दलों और परिवारों से हमें देश की रक्षा करनी है।

> बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची पर किया जा रहा कार्य यदि राष्ट्र प्रथम की दृष्टि से देखें तो श्रेष्ठ कार्य है। किसी बाहर के व्यक्ति को मतदान का अधिकार देकर हम संपूर्ण राष्ट्र को खतरे में डालते हैं।

### सामयिकी

## अहम है चुनाव आयोग की विश्वसनीयता बनी रहे

बिहार के सासाराम से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'वोटर अधिकार यात्रा' शुरू कर दी है। उन्होंने सासाराम में रैली को भी संबोधित किया। उन्होंने एक बार फिर 'चुनाव चोरी' का आरोप लगाते हुए इलेक्शन कमीशन को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की। इस बीच चुनाव आयोग ने भी प्रेस कान्फ्रेंस करके साफ किया कि उसके लिए न तो कोई पक्ष है और न कोई विपक्ष। उसके लिए सभी समकक्ष हैं। कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने एक प्रेस कांफ्रेंस करके चुनाव आयोग पर भाजपा के पक्ष में वोट चोरी करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग का यह काम पूर्ण रूप से लोकतंत्र विरोधी है और सभी दलों के लिए समान अवसरों की उपलब्धता को सीमित करता है। इसके विपरीत चुनाव आयोग ने प्रेस कान्फ्रेंस करके राहुल गांधी के आरोपों का जवाब दिया। नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में राहुल गांधी का बिना नाम लिए बिना चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने कहा कि प्रजंटेशन में दिखाया डेटा हमारा नहीं है। वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या फिर देश से माफी मांगे। सात दिन में हलफनामा नहीं मिलता है तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा। उन्होंने 'वोट चोरी' शब्द को गलत बताया और कहा कि यह लोकतंत्र का अपमान है।



प्रो. यशपाल सिंह
रुहेलखंड यूनिवर्सिटी बरेली

राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दिन ही चुनाव आयोग के प्रेस कान्फ्रेंस करने के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि आयोग ने जानबूझकर यह दिन इसलिए चुना है, ताकि यात्रा के असर को कम किया जा सके। तर्क दिया जा रहा है कि आयोग आमतौर पर ऐसी प्रेस कान्फ्रेंस नहीं करता है। हाल के वर्षों में चुनाव आयोग ने सिर्फ चुनावों की घोषणा करने के लिए ही प्रेस कान्फ्रेंस की है। एक अहम मामला यह भी रहा कि प्रेस कान्फ्रेंस से ठीक पहले सपा मुखिया अखिलेश यादव ने तीन ट्वीट (एक्स) किए। पहले ट्वीट में उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर लिखा है, चुनाव आयोग को चुनौती देता एक भाजपाई का यह वीडियो चुनावी धांधली करने वालों द्वारा दिया गया, एक जीता जागता एफिडेविट है, CEC इसका जवाब तो दे। उन्होंने दूसरे ट्वीट में एक ग्राफिक्स पोस्ट किया है। इसमें लिखा गया है, समाजवादी पार्टी ने वोट डकैती के 18000 शपथ पत्र ECI को दिए, कार्रवाई 0। तीसरे ट्वीट में उन्होंने आयोग को सही राह पर चलने का ताकीद की है।

बिहार में इसी वर्ष चुनाव होने हैं। वहां विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) चलाया जा रहा है। इस के तहत वहां के लगभग 65 लाख वोटरों के नाम काट दिए गए हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि चुन-चुन कर भाजपा के विरोधियों के वोट काट दिए गए हैं। जिंदा लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है, बहुतों को पलायन करने वाला अर्थात अपने पते पर अनुपलब्ध घोषित कर दिया है। इसके विरोध में कई व्यक्ति, दल और एनजीओ सुप्रीम कोर्ट में गए हैं, जहां उन्हें कुछ राहत तो मिली है, किंतु एसआईआर को रोका नहीं गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था का संदेह से परे होना अनिवार्य है और उसे ऐसा नजर भी आना चाहिए।

### सोशल फोरम

## 50 बरस में पहली बार बंद हुई मारियो की बेकरी



इटली के टस्कनी के एक छोटे से गांव में एक बेकरी है, जो हर सुबह 4:30 बजे खुल जाती है। किसी को नहीं पता कि ये बेकरी कितने सालों से वहां है। ताज़े बने हुए ब्रेड की खुशबू अंधेरे में डूबी गलियों में फैल जाती है और कभी-कभी कोई राहगीर रुक कर गरम लोफ खरीद लेता है, काम पर जाने से पहले। उस बेकरी का मालिक है मारियो। वह 74 साल का है। पिछले 51 सालों से हर एक दिन बिना किसी छुट्टी के वह अकेले ही आटा गूंथता है। ब्रेड बेक करता है और उन्हें काउंटर पर सजाता है।

जब लोग उससे पूछते हैं कि वह रिटायर क्यों नहीं होता, तो वह बस इतना कहता है, "जब तक किसी को सुबह गरम ब्रेड की ज़रूरत होगी, मैं यहीं रहूंगा।" असल बात वो है जो वह हर शनिवार करता है, बिना कभी किसी को बताए। हर शुक्रवार सुबह 6 बजे, मारियो पांच थैलियां ब्रेड और फोकाचिया से भरकर उस छोटे से स्थानीय प्रीस्कूल के दरवाजे पर रख आता है। एक पुरानी इमारत, जिसकी दीवारों पर बच्चों की ड्राइंग्स बनी होती हैं। कोई उसे आते नहीं देखता, लेकिन अध्यापकों को अब पता है। सालों पहले उन्होंने सिक्योरिटी कैमरों की जांच करके जाना कि ये अनाम तोहफा कौन छोड़ जाता है।



राजन शर्मा
ब्लॉगर

एक बार उन्होंने मारियो को धन्यवाद देना चाहा, लेकिन उसने सिर्फ इतना कहा, "ये ब्रेड उनके लिए है जो बढ़ रहे हैं। मैंने अपना बेटा पांच साल की उम्र में खो दिया था। यही तरीका है मेरा उसकी याद को ज़िंदा रखने का।" तब से, हर शुक्रवार, बच्चों को उनका 'जादुई ब्रेड' दरवाज़े पर मिल जाती है और शिक्षक उन्हें मारियो की कहानी सुनाते हैं। एक महीने पहले, मारियो बीमार हो गया। पचास सालों में पहली बार बेकरी बंद रही। यह बात पूरे गांव में फैल गई और उस रविवार, 200 से ज्यादा लोग उसकी बेकरी के बाहर इकट्ठा हो गए। हर किसी के हाथ में एक घर में बना हुआ ब्रेड रोल था। सब खामोशी से खड़े रहे। उस रोशनी का इंतज़ार करते हुए जो हर सुबह बेकरी में जलती थी। थोड़ी देर बाद, मारियो बाहर आया। उसकी एप्रन पर आटे के दाग थे और आंखों में आंसू। उसने बस एक बात कही, "मैंने सोचा था इतने सालों बाद कोई मुझे याद नहीं रखेगा, लेकिन तुम सब ही तो मेरी गरम ब्रेड हो।"

**-फेसबुक वाल से**


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



## क्लच से आजादी, गियर बदले बिना रफ्तार

# ऑटोमेटिक कार स्टार्ट...

नई कार खरीदते समय कंपनी और मॉडल चुन लेने के बाद अक्सर ट्रांसमिशन को लेकर लोग फैसला लेने में अटक जाते हैं कि कार मैन्युअल खरीदें या ऑटोमेटिक। हालांकि यह सवाल पूरी तरह से कार खरीदने वाले की पसंद, जीवन शैली और ड्राइविंग की आदत से जुड़ा हुआ है। लेकिन बात सुविधा की आती है, तो ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन वाली कारें ही बेहतर मानी जाती हैं, इसे इस बात से भी समझा जा सकता है कि अमेरिका में कुल पंजीकृत कारों में 96 फीसदी से ज्यादा ऑटोमेटिक ही हैं। साफ है कि अगर आप ज्यादातर समय ट्रैफिक में ड्राइव करते हैं। रोज कार से ऑफिस जाते हैं और भारी भीड़भाड़ या जाम का सामना करते हैं, अथवा ड्राइविंग में नए हैं तो ऑटोमेटिक कार बेहतर विकल्प हो सकती है।



*ट्रैफिक जाम में आराम लगातार बढ़ा रही है डिमांड*

*सड़कों पर बढ़ रहा ऑटोमेटिक कारों का काफिला*

### क्लच पेडल दबाने या गियर बदलने की जरूरत नहीं

- मैनुअल ट्रांसमिशन वाली कार में ड्राइवर को गियर बदलने, क्लच पेडल को छोड़ने और दबाने तथा वाहन की गति नियंत्रित करने के लिए लगातार समन्वय बनाए रखना पड़ता है। इसके मुकाबले ऑटोमेटिक कार में क्लच की जगह टॉर्क कन्वर्टर और फ्लूइड कपलिंग का इस्तेमाल होता है। इससे गियर बदलने की गति तेज होती है और कार खुद नियंत्रित होती है। चालक को कार सिर्फ ड्राइव मोड में डालकर चलानी होती है। क्लच पेडल दबाने या गियर बदलने की जरूरत नहीं पड़ती है।

### गियर चेंज प्रक्रिया को आसान बना देता

- ऑटोमेटिक कार में गियर और क्लच की झंझट नहीं होने से गाड़ी केवल एक्सेलेरेटर और ब्रेक से कंट्रोल होती है। इस कारण भारी ट्रैफिक में भी कार चलाना काफी आसान हो जाता है। आम भाषा में समझें तो इसमें एक प्रकार का गियर बॉक्स होता है जो गियर चेंज प्रक्रिया को आसान बना देता है। गियर बदलने का काम कार के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम द्वारा ऑटोमेटिक तरीके से किया जाता है। अगर नुकसान की बात करें तो ऑटोमेटिक कार में संभव है कि माइलेज थोड़ी कम हो सकती है। रखरखाव थोड़ा ज्यादा खर्चीला हो सकता है।

### सहूलियत और सुविधा

#### कम थकान

- बड़े शहरों या भारी ट्रैफिक वाले इलाकों में ऑटोमेटिक कार चलाना कम थकाऊ होता है क्योंकि बार-बार गियर नहीं बदलना पड़ता है।

#### स्मूथ राइड

- ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन कार के गियर को अपने आप बदलता है, जिससे ड्राइव ज्यादा आरामदायक महसूस होती है।

#### सीखने में आसान

- नए ड्राइवर के लिए ऑटोमेटिक कार चलाना मैनुअल के मुकाबले आसान होती है।

#### पहाड़ों पर आसानी

- पर्वतीय इलाकों में ऑटोमेटिक कार चलाना और नियंत्रण बनाना आसान होता है।

### 15 लाख कीमत से नीचे लोकप्रिय ऑटोमिटक मॉडल

- ऑटोमेटिक कारों में मारुति की सेलेरियो सबसे सस्ती आती है। इसका एक्स शोरूम प्राइज 7 लाख रुपये है। मारुति स्विफ्ट, डिजायर और फ्रांक्स ऑटोमेटिक की ऑन रोड कीमत क्रमश: 9 लाख, 9 .5 लाख तथा 10 .5 लाख तथा ब्रेजा की कीमत लगभग 13 लाख है। टाटा नेक्सान का ऑटोमेटिक मॉडल 11 .2 लाख, पंच 9 लाख में ऑन रोड उपलब्ध है। रेनॉल्ट ट्रिबर ऑटोमेटिक की कीमत 10 .50 लाख है। महेंद्रा एक्सयूवी3एक्स0 12 .5 लाख, स्कोडा क्याल्क ऑटोमेटिक करीब 13 लाख में मिल रही है।

### चार मोड्स के साथ स्पोर्ट विकल्प



- ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन में एक या अधिक गियर रेंज और कंट्रोल विकल्प होते हैं जो आपको विभिन्न गति में गाड़ी चलाने में मदद करते हैं। आमतौर पर ऑटोमेटिक कार के लीवर में चार मोड्स दिए जाते हैं, जिसमें (पी) पार्किंग, (आर) रिवर्स, (एन) न्यूट्रल और (डी) ड्राइव शामिल होते हैं। कुछ कारों में (एस) स्पोर्ट मोड जैसा विकल्प भी मिलता है। जब आप ट्रांसमिशन लीवर को (डी) ड्राइव मोड में डालते हैं तो इसका सिस्टम गाड़ी की स्पीड और ड्राइविंग कंडीशन के आधार पर गियर चेंज करता है और बार-बार गियर बदलने की जरूर नहीं होती है।



### यह होता है मैकेनिज्म

- ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन गियरबॉक्स में टोर्क कनवर्टर होता है, जो इंजन के पावर को ट्रांसमिशन तक पहुंचाता है। इस गियर बॉक्स में एक सीरीज ऑफ प्लेट्स और क्लचेज होते हैं जो गियर्स को बदलते रहते हैं। इन्हें हाइड्रोलिक प्रणाली से कंट्रोल किया जाता है।

---

**काम की बात**

## जेब ढीली होने से बचाएगा वार्षिक फास्टैग पास




15 अगस्त के दिन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने वार्षिक फास्टैग पास लांच किया। तीन हजार रुपये कीमत वाला यह पास एक वर्ष के लिए वैध होगा और इससे 200 बार टोल प्लाजा को पार किया जा सकेगा। एक टोल प्लाजा से एक बार गुजरने पर लगभग 15 रुपये खर्च आएगा। यह पास न सिर्फ महंगे टोल टैक्स से आपकी जेब ढीली होने से बचाएगा बल्कि प्लाजा पर आपके समय को बर्बाद भी नहीं होने देगा।

- **वार्षिक पास यहां से खरीदें :** वार्षिक पास खरीदने के लिए राजमार्ग यात्रा मोबाइल एप डाउनलोड कर सकते हैं या फिर एनएचएआई की वेबसाइट https//www.nhai.gov.in पर जाना होगा।
- **यह प्रक्रिया पूरी करें :** इसके बाद अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से लॉग इन कर वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर और फास्टैग आईडी दर्ज कर दें। यहां आपको पता चल जाएगा कि आपका फास्टैग एक्टिव है या काली सूची में डाल दिया गया है। इसके बाद तीन हजार रुपये का ऑनलाइन भुगतान करें। भुगतान के दो घंटे बाद आपको एसएमएस आएगा जो यह बताएगा कि आपने वार्षिक पास ले लिया है और आपका फास्टैग सक्रिय हो गया है।

## 360 डिग्री कैमरा, सब कुछ ड्राइवर की नजर में



- 360 डिग्री कैमरा नई गाड़ियों में मिलने वाला बेहतरीन सुरक्षा फीचर है। पहले प्रीमियम वाहनों वाला यह फीचर अब अधिकतर कंपनियां अपनी मिड रेंज वाली कारों के टॉप मॉडल में उपलब्ध करा रही हैं। यह एक ऐसा कैमरा सिस्टम होता है, जो कार के चारों ओर चार या इससे ज्यादा छोटे कैमरों को जोड़कर बना होता है। इसमें कार के फ्रंट और रियर के अलावा आउटसाइड रियर व्यू मिरर्स पर भी कैमरे लगे होते हैं। सभी कैमरे मिलकर कार के चारों ओर का 360 डिग्री व्यू दिखाते हैं। इस टेक्नोलॉजी की मदद से ड्राइवर गाड़ी के चारों ओर का व्यू स्क्रीन पर देख सकता है। इससे संकरी जगहों पर गाड़ी पार्क करना या तंग सड़कों पर ड्राइव करना आसान हो जाता है। आप इसे अपनी कार में अलग से भी लगवा सकते हैं।

## लुभावने फीचर, नए किफायती स्कूटर



### 125cc में 85 हजार का स्कूटर लेकर आया यामाहा

- यामाहा मोटर इंडिया ने अपने स्कूटर ने नई RayZR 125 Fi Hybrid पेश की है। इसमें कई जोरदार नए फीचर्स और कलर ऑप्शन जोड़े गए हैं। इसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 85 हजार रुपये है। इस कीमत के कारण यह अपने वैरिएंट में देश के सबसे किफायती 125cc स्कूटरों में से एक है।

### ओडिसी सन लॉन्च, एक्स शोरूम कीमत 81 हजार



- इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी ओडिसी ने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर ओडिसी सन को चार कलर ऑप्शन में बिक्री के लिए लॉन्च कर दिया है। इसकी विशेषता सिंगल चार्ज 130 किमी रेंज है। शानदार लुक और दमदार बैटरी वाले इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की शुरूआती एक्स शो रूम कीमत 81 हजार है। कंपनी का दावा है कि स्कूटर आरामदायक सवारी के साथ स्पोर्टी लुक प्रदान करता है।

### 60 हजार में जेलो इलेक्ट्रिक का स्कूटर knight+



- जेलो इलेक्ट्रिक ने अपना नया स्कूटर knight+ लॉन्च किया है। इसकी एक्स शो रूम कीमत 60 हजार रुपये है। कंपनी का दावा है कि स्कूटर की बैटरी तीन घंटे के सिंगल चार्ज में 100 किमी की दूरी तय कराती है। knight+ मैट फिनिश छह रंगों में उपलब्ध है। अधिकतम स्पीड 55 किमी प्रतिघंटा है। स्कूटर में क्रूज कंट्रोल और पार्किंग के बाद कुछ देर तक जलने वाली लाइट की सुविधा भी दी गई है। स्कूटर की डिलीवरी अगस्त के अंतिम सप्ताह से की जाएगी।



## बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज कारें डेढ़ लाख तक होंगी महंगी

बीएमडब्ल्यू ने नए मॉडल के डिजाइन के साथ सुरक्षित खेल खेला है। बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज एक कॉम्पैक्ट लग्जरी कार है, जो कूपे और ग्रैन कूपे बॉडी स्टाइल में उपलब्ध है। हालांकि ग्रैन कूपे पेट्रोल इंजन का आकार छोटा कर दिया गया है। यह फ्रंट व्हील ड्राइव प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इसी के साथ बीएमडब्ल्यू ने कम से कम अभी के लिए डीजल इंजन का इस्तेमाल बंद कर दिया है। बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रैन कूपे 218 एम स्पोर्ट की एक्स शो रूम कीमत करीब 47 लाख और 218 एम स्पोर्ट प्रो के दाम करीब 49 लाख हैं। बीएमडब्ल्यू अपनी कारों की कीमत में एक सितंबर से तीन फीसदी की बढ़ोतरी करने जा रही है।

## ई20 नए वाहनों के लिए सुरक्षित, पुरानी गाड़ियों के लिए बढ़ी चिंता

देश में ई 20 (20 फीसदी इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) पेट्रोल को बढ़ावा देने का उद्देश्य सरकार की कच्चे तेल के आयात में कटौती और वाहनों से होने वाले कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करने की योजना का हिस्सा है। सरकार इस बात से खुश है कि यह बड़ा बदलाव 2030 की तय समय-सीमा से पांच साल पहले ही हो गया है। लेकिन ई20 को लेकर पुराने वाहनों के मालिक ज्यादा परेशान हैं, क्योंकि उनके वाहन इसके लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। उनकी सबसे बड़ी चिंता यह है कि ई20 पेट्रोल से गाड़ियों के इंजन और परफॉर्मेंस पर बुरा असर पड़ेगा। ऐसी खबरें भी हैं कि ई20 से माइलेज कम होने के साथ इंजन का रखरखाव खर्च बढ़ जाएगा। इसी कारण ज्यादातर वाहन मालिक ई20 पेट्रोल के इस्तेमाल से हिचकिचा रहे हैं, किंतु सरकार के दावों और कुछ वाहन निर्माताओं के अनुसार ई20 नए वाहनों के लिए पूरी तरह सुरक्षित और पर्यावरण के लिए काफी फायदे का सौदा है।




### ई20 पेट्रोल भराया और कार नहीं चलाई तो बढ़ेगी परेशानी

ईंधन टैंक में ई20 पेट्रोल के साथ लंबे समय तक बिना इस्तेमाल की गई कारें समस्याएं पैदा कर सकती है। इसका कारण यह है कि इथेनॉल मिश्रित ईंधन लंबे समय तक बिना इस्तेमाल के रहने पर पानी, इथेनॉल और ईंधन की अलग-अलग परतों में विभाजित हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार इससे ईंधन प्रणाली के लिए जटिल समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इससे बचाव के लिए अपने वाहन के ईंधन टैंक को जितना हो सके उतना ऊपर तक भरकर रखें, इससे टैंक के अंदर हवा की मात्रा कम हो जाएगी, जिससे इथेनॉल और पेट्रोल के अलग-अलग होने की संभावना कम हो जाएगी।

### क्या होता है ई 20 पेट्रोल

20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को ई 20 पेट्रोल कहा जाता है। इथेनॉल गन्ना, मक्का या अतिरिक्त अनाज से बनाया जाने वाला जैव ईंधन होता है। भारत 2003 में ई5 से 2022 तक ई10 पर आ गया था, लेकिन ई20 का लक्ष्य तय समय सीमा 2030 से पांच साल पहले ही पूरा कर लिया गया है।

- **बीएस 3 और बीएस 4 वाहनों में जोखिम ज्यादा :** आटोमोबाइल सेक्टर के विशेषज्ञों का भी कहना है कि अगर आपकी कार, बाइक या स्कूटर ई20 पेट्रोल समर्थित नहीं है, तो यह ईंधन कुछ समय बाद गाड़ी के रबर और प्लास्टिक पार्ट्स को खराब कर सकता है। मेटल पार्ट्स में जंग पैदा कर सकता है। ई20 से वाहन में नुकसान की रफ्तार गाड़ी की उम्र और तकनीक पर निर्भर करेगी। मसलन, बीएस3 और बीएस4 गाड़ियों में जोखिम ज्यादा है, जबकि बीएस 6 गाड़ियों में कम नुकसान हो सकता है।

**समाधान का रास्ता**

- **टू व्हीलर में फ्यूल क्लीनर कारों के लिए अपग्रेड किट :** दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी बजाज ने वह तरीका बताया है, जिससे पुरानी गाड़ी 20 प्रतिशत एथेनॉल वाले पेट्रोल के साथ आसानी से दौड़ेगी। पुराने बीएस3 वाहन के पेट्रोल टैंक में फ्यूल क्लीनर लगाकर समस्या का समाधान किया जा सकता है। इसके लिए हर 1000 किलोमीटर पर फुल टैंक में 40 मिलीलीटर फ्यूल क्लीनर डालना होगा। इसकी वजह यह है कि 20 ई पेट्रोल के साथ चिपचिपा पदार्थ रह जाता है, जो गाड़ी के फ्यूल पंप, इंजेक्टर और थ्रोटल बॉडी में समस्या पैदा कर सकता है। इसी कारण वाहन के परफॉर्मेंस में कमी आती है। ऐसे में इस चिपचिपे पदार्थ का समाधान फुल टैंक में फ्यूल सिस्टम क्लीनर डालना है। उधर, जिन लोगों ने 2023 से पहले कार खरीदी है, ई20 पेट्रोल से उनकी परेशानी देखते हुए खबर है कि मारुति सुजुकी बाजार में ई20 अपग्रेड किट लाने वाली है। यह किट 10-12 साल पुरानी कारों के लिए उपलब्ध होगी।

समस्त जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं



समस्त जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
डॉ. भास्कर शर्मा
सुप्रसिद्ध होम्योपेथिक चिकित्सक
(गोल्ड मेडलिस्ट व विश्व रिकार्डधारी)
क्लीनिक एवं पता- औसानपुर रोड, डुमरियागंज, मो.: 9721625271



सिद्धार्थनगर के लिए हमारी मुख्य सेवाएं

| स्वास्थ्य के क्षेत्र में | शिक्षा के क्षेत्र में | पर्यटन के क्षेत्र में |
|---|---|---|
| पहला 100 बेड का हॉस्पिटल | चन्द्रावती कालेज ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिक साइंसेज | ए.सी. रूम |
| पहला प्राईवेट ब्लड बैंक | एडवांस पब्लिक स्कूल | ए.सी. बैंक्वेट हॉल |
| पहला आई.सी.यू. | लॉ कालेज | रूफटॉप बैंक्वेट |
| पहला 16 सलाईस सी.टी. स्कैन सेन्टर | निर्माणाधीन | खाना खजाना रेस्टोरेन्ट |
| पहला 1.5 टेस्ला एम.आर.आई. | | होटल राम रक्षा पैलेस |
| पहला फुल आटोमेटिक हारमोनल मशीन | | |




सभी जनपदवासियों को स्वतंतता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं



डा. चन्द्रेश उपाध्याय
प्रबन्धक
MBBS,M.S.,M.Ch (Orthopaedies)
हड्डी, जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
पूर्व प्रत्याशी लोकसभा डुमरियागंज

विनोद प्रकाश लाइफकेयर (VPL)
मल्टीस्पेस्लिटी हास्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
उसका रोड, बेलहिया, थरौली-नौगढ़, सिद्धार्थनगर
7388103508, 7398053508




डॉ. वरदान पाण्डेय
M.B.B.S., M.S., Mch (Neuro Surgery PGIMS)
Ex. Seniro Resident (Hallet- GSVM Kanpur)
डॉ. मोहम्मद साजिद
M.B.B.S., (JNMC), MS (Surgery) JNMC
Mch. Neuro Surgery (PGI Rohtak)
डॉ. सलोनी उपाध्याय
M.B.B.S., D.G.O. (Gynaecologist)
डॉ. संदीप कुमार राव
M.B.B.S., MD. (Medicine)
Ex. Resident of Safdarganj Hospital New Delhi
डॉ. जैद आरिफ अब्बासी
M.B.B.S., D.C.H., D. N. B. (Paediatrics)
डॉ. मुहम्मद तारिक अली
M.B.B.S., MD (MEDICINE)
DM CARDIOLOGY
हृदय रोग विशेषज्ञ एवं इंटरवेंशन कार्डियोलॉजिस्ट

आप सभी जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं

चिकित्सा क्षेत्र में अध्ययन कर उज्ज्वल भविष्य बनायें
प्रवेश प्रारम्भ सत्र-2025-26
श्री राम बिलास इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड मेडिकल साइंसेज
ABVMU COLLEGE CODE -2720165 ● UPSMF COLLEGE CODE-1196
हास्टल सुविधा उपलब्ध है। स्मार्ट क्लास की सुविधा वाई.फाई. कैम्पस
संबद्ध-अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ • उ.प्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी, आई.एन.सी.
Lush Green Eco Friendly Campus
A.N.M. (2 YEARS)
G.N.M. (3 YEARS)
B.Sc. NURSING (4 YEARS)



डा.वी.के.डी. इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी
संबद्ध-बी.टी.ई. (उ.प्र. प्राविधिक शिक्षा परिषद), पी.सी.आई. (फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया)
College Code-4103
D. Pharma (2 Years) Allopath
पी.एम.डी. इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल सांइसेज
College Code-0463
D.Opt. (2 Years), D.Pt. (2 Years)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। प्रबंध निदेशक- डा. अनिता द्विवेदी (MBBS, DGO)
जीवन ज्योति हॉस्पिटल
उसका रोड, सिद्धार्थनगर
मो.9935353559, 9935476400, 8115167634, 05545299092

डॉ0 सुनीता जायसवाल
24hr SERVICE
मेमोरियल हास्पिटल
सुपर मल्टी स्पेशिलिटी एण्ड ट्रामा सेन्टर




पता-ब्लाक रोड शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अग्रवाल मल्टीस्पेशलिटी
हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर





ICU 10 बेड



NICU 10 बेड

ICU - NICU
की सुविधा प्रारम्भ हो गया है।

डा. नितिन अग्रवाल
M.B.B.S., M.S.
ORTHOPEDIC SURGEON
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट सर्जन

डा. अनु अग्रवाल
M.B.B.S. DOMS
(नेत्र सर्जन)

डा. भावना वर्मा
B.D.S., M.D.S.
ओरल एण्ड मैक्सीलोफेसियल सर्जन
भूत-पूर्व सीनियर रेजीडेन्ट केजीएमयू, लखनऊ

सुविधायें
घुटना (TKR) एवं कूल्हा (THR) प्रत्यारोपण की विशेष सुविधा
- नसों की समस्या
- पीठ, गर्दन का दर्द
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- माइग्रेन
- मिर्गी का दौरा
- सायटिका
- हाथ पैर मे लकवा आना
- दिमाग व रीढ़ की हड्डी मे किसी भी प्रकार का गांठ एवं चोट व टी.बी.
- जन्मजात पीठ में फोड़ा होना
- दिमाग में पानी भरना व सिर का बड़ा होना आदि का इलाज।

डा. अमन अग्रवाल
MS, M.C.H.
(Neuro Surgery)
24/7 Emergency Services

हुसैनगंज-उसका रोड, सिद्धार्थनगर
(पुराना आरटीओ आफिस) से 50 कदम दक्षिण
7380400678, 8853600745, 7275092670

**अमेरिकी शुल्क से रोजगार पर असर को लेकर विशेषज्ञ बंटे**

मुंबई। अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर लगाए भारी शुल्क ने भारत में रोजगार को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। कुछ विशेषज्ञ तत्काल नौकरियों के संकट की चेतावनी दे रहे हैं, जबकि कुछ का मानना है कि भारत की घरेलू मांग और व्यापार में विविधता इस प्रभाव को कम करने में मदद करेगी। विशेषज्ञों के अनुसार अतिरिक्त शुल्क से कपड़ा उद्योग, वाहन कलपुर्जे बनाने वाले, कृषि और रत्न-आभूषण जैसे क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

अमृत विचार
अयोध्या, सोमवार, 18 अगस्त 2025
www.amritvichar.com



# पुतिन-ट्रंप वार्ता से प्रभावित होगा बाजार

## जीएसटी में बड़े बदलाव और भारत की साख में सुधार करने से भी घरेलू बाजार की बदलेगी चाल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिवाली तक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में बड़े सुधार, पुतिन-ट्रंप शिखर सम्मेलन और एसएंडपी के भारत की साख में सुधार करने से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल प्रभावित हो सकती है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक बाजारों के रुझान और विदेशी निवेशकों का रुख भी घरेलू निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिवाली तक जीएसटी व्यवस्था में बड़े सुधारों की घोषणा की, जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें कम होंगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, इस सप्ताह बाजार में उत्साह की संभावना है, क्योंकि बाजार प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संबोधन से आशान्वित हैं। दिवाली से पहले जीएसटी दरों में संभावित कटौती के उनके बयान से बाजार की धारणा में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है और शेयर बाजार



सुस्ती की गिरफ्त से बाहर आ सकते हैं। इस बीच, भारत ने शनिवार को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता का स्वागत किया। हालांकि, यह वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हुई।

एसएंडपी ने गुरुवार को मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय समेकन के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता और मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए 'अनुकूल' मौद्रिक नीति का हवाला देते हुए 18 वर्षों से अधिक समय के बाद स्थिर दृष्टिकोण के साथ भारत की साख को 'बीबीबी' कर दिया।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, आने वाले दिनों में एफआईआई की गतिविधियां शुल्क के मोर्चे पर होने वाली कार्रवाई से प्रभावित होंगी। अमेरिका और रूस के बीच तनाव कम होने और रूस पर आगे कोई प्रतिबंध न लगने की ताजा खबरें इस बात का संकेत हैं कि भारत पर लगाया 25 प्रतिशत का अतिरिक्त या दूसरा शुल्क 27 अगस्त के बाद भी लागू नहीं होगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के विवरण और अमेरिकी व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर भी बाजार की नजर रहेगी।

### शीर्ष पांच कंपनियों की पूंजी 60,675.94 करोड़ बढ़ी


नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 60,675 .94 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्र के सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 739 .87 अंक या 0 .92 प्रतिशत चढ़ा, वहीं निफ्टी 268 अंक या 1 .10 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस के मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

### एफपीआई ने निकाले 20,975 करोड़

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजार में 21,000 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। अमेरिका-भारत व्यापार तनाव, कंपनियों के पहली तिमाही के उम्मीद से कमजोर नतीजों तथा रुपये में गिरावट के बीच एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। डिपॉजिटरी के अनुसार, इसके साथ ही 2025 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 1.16 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। एफपीआई का रुख आगे शुल्क मोर्चे पर गतिविधियों से तय होगा। एंजल वन के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक (सीएफए) वकार जावेद खान ने कहा कि अमेरिका और रूस के बीच तनाव में हालिया कमी और नए प्रतिबंध नहीं लगने की वजह से प्रतीत होता है कि भारत पर प्रस्तावित 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क (सेकेंडरी टैरिफ) 27 अगस्त के बाद लागू होने की संभावना नहीं है। यह बाजार के लिए स्पष्ट रूप से सकारात्मक संकेत है।

# पेट्रोल पंप पर भूमिगत टैंक पूरी तरह हों सील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एथनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग से वाहनों में 'माइलेज' और अन्य समस्याओं को लेकर चर्चा के बीच क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि इस ईंधन के जल में घुलनशील होने की विशेषता से गाड़ियों में दिक्कतें आ सकती हैं। इससे निपटने के लिए अन्य बातों के अलावा पेट्रोल पंप पर स्थित भूमिगत ईंधन टैंक को पूरी तरह से सील करने की जरूरत है। सोशल मीडिया पर कई वाहन मालिकों ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित ईंधन को लेकर गाड़ियों को हो रहे नुकसान के बारे में लिखा है। लोगों ने कहा है कि इसके इस्तेमाल से वाहन के माइलेज में करीब 7% की गिरावट आई है जबकि



कुछ लोगों ने इससे ई-10 वाहनों में रबड़, धातु कलपुर्जों के खराब होने की आशंका जताई है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इन बातों को खारिज करते हुए कहा कि गन्ना या मक्का से निकाले गए 20% एथनॉल और 80% पेट्रोल के मिश्रण के राष्ट्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदूषण कम करना और किसानों की आय बढ़ाना है। ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि एथनॉल ईंधन का अच्छा विकल्प है, लेकिन पानी में घुलनशील होने की इसकी विशेषता से गाड़ियों में समस्याएं आ सकती हैं। जितने भी हमारे पेट्रोल पंप हैं, सब में अंडरग्रांउड टैंक हैं। टैंक में पानी नहीं जाए, उसके लिए उसे बेहतर तरीके से सील करना जरूरी है। एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल में अगर पानी आता है तो वह भी पानी बन जाता है, जिससे गाड़ियों में समस्याएं हो सकती है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लि. ने कहा कि एथनॉल की जो विशेषताएं हैं, उसको देखते हुए, ई-20 के उपयोग से माइलेज में थोड़ा-बहुत अंतर हो सकता है।

### एनसीडीआरसी ने 122% मामलों को निपटाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने पिछले महीने उपभोक्ता मामलों में 122 प्रतिशत की निपटान दर हासिल की है। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बताया कि 10 राज्यों ने भी जुलाई में 100 प्रतिशत से अधिक निपटान दर हासिल की है। इसका अर्थ है कि उस महीने उपभोक्ता मंचों ने दर्ज हुए मामलों से ज्यादा मामलों का समाधान किया। इससे लंबित पड़े पुराने मामलों का बोझ कम होगा। वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर एनसीडीआरसी काम कर रहा है।

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंतता दिवस
व श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं



संतोष यादव
ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि
कोयलसा जिला - आजमगढ़

# महिला के रोने मात्र से दहेज उत्पीड़न का मामला नहीं बनता : दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि केवल इस तथ्य से कि एक महिला रो रही थी, दहेज उत्पीड़न का मामला नहीं बन सकता। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने यह टिप्पणी एक व्यक्ति और उसके परिवार को क्रूरता एवं दहेज उत्पीड़न के आरोपों से मुक्त करने के खिलाफ दायर याचिका को खारिज करते हुए की।

अभियोजन पक्ष के अनुसार महिला का उसके पति और ससुराल वालों ने उत्पीड़न किया और दहेज की मांग की।



● उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज करते हुए की टिप्पणी

महिला का विवाह दिसंबर 2010 में हुआ था। महिला के परिवार ने दावा किया कि उन्होंने शादी पर लगभग चार लाख रुपये खर्च किए थे लेकिन पति और ससुराल वालों ने मोटरसाइकिल, नकदी और सोने के कंगन की मांग की। महिला की दो बेटियां थीं, उसकी 31 मार्च 2014 को मौत हो गई थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि मृतका की बहन का धारा 161 के तहत बयान दर्ज किया गया, जिसमें उसने यह भी कहा कि होली के अवसर पर उसने अपनी बहन को फोन किया था और उस दौरान उसकी बहन रो रही थी। हालांकि केवल इसलिए कि महिला रो रही थी, दहेज उत्पीड़न का कोई मामला नहीं बनता।

सभी देशवासियों व क्षेत्र वासियों को स्वतंतता दिवस
व श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं



गुडलक सिंह
समाज सेवी
नगर पंचायत बूढ़नपुर
जनपद-आजमगढ़
फोन नंबर 9452550555

आर॰के॰ ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन
प्रकाश नगर एव पी॰ पी॰ एस॰ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन भटौरा सठियाँव आजमगढ़
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आर॰ के॰ ग्रुप के उत्कृष्ट संस्थान

- आर॰के॰आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (बी॰ए॰एम॰एस॰) 60 सीट
- आर॰के॰ फार्मेसी कॉलेज (डी॰फार्मा,बी॰फार्मा,एम॰फार्मा) (चार विषय 1.फार्मास्युटिकल कमेस्ट्री 2. फार्माकोगनोसी 3. फार्मसुटिक्स 7.**फार्माकोलोजी**
- आर॰के॰इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल (जी॰एन॰एम॰,ए॰एन॰एम)
- आर॰के॰आयुर्वेदिक नर्सिंग एव फार्मेसी इंस्टीट्यूट |
- आर॰के॰होम्योपैथिक फार्मेसी कॉलेज बोर्ड ऑफ़ होम्योपैथिक मेडिसीन नबी उल्लाह मार्ग लखनऊ
- आर॰के॰ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई॰टी॰आई॰)एन॰सी॰वी॰टी॰मंत्रालय नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
- आर॰के॰पी॰जी॰कॉलेज-BCA/BBA संचालित है |
- आर॰एम॰ पी॰जी॰कॉलेज
- पी॰पी॰एस॰फार्मेसी कॉलेज (डी॰फार्मा 60 सीट, बी फार्मा 60 सीट प्रस्तावित)
- आर॰ के॰ ग्लोबल स्कूल (सी बी एस ई पैटर्न)





संस्थापक/प्रबंधक
प्रबन्धक :- डा. प्रेम प्रकाश यादव चेयरमैन
मो :- 6391000751 .9794356262

कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलरियागंज आजमगढ़

स्वच्छ सर्वेक्षण, 2025

हम सब ने ठाना है। बिलरियागंज को स्वच्छ बनाना है।।
वृक्ष धरा का भूषण है। करता दूर प्रदूषण है।।
मन में यह संकल्प जगाये। प्लास्टिक कभी प्रयोग में न लाये ।।
स्वच्छता अपनाये। बीमारी दूर भगाये ।।

स्वच्छ सर्वेक्षण, 2025 के अवसर पर नगर पालिका परिषद बिलरियागंज आज़मगढ़ के मस्त नगरवासियों को स्वतन्त्रा दिवस-2025 की हार्दिक शुभकामनायें तथा नगरवासियों से निम्न अपेक्षाऐ करती है।

1-प्लास्टिक / थर्माकोल का प्रयोग पूर्णतया प्रतिवन्धित है। इस का उपयोग करता हुआ पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही एंव अर्थदण्ड का प्राविधान है।
2-जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य कराये।
3-गृहकर व्यवसाय कर एंव जलमूल्य की अदायगी समय से करें।
4 पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु वृक्ष लगाये एंव नगर पालिका परिषद का सहयोग करें।
5-नं0पा0 प0 विलरियागंज आज़मगढ़ को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया गया है। खुले में शौच करना एवं गदगी फैलाना एक सामाजिक अपराध है। खुले में शौच करने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही एव अर्थदण्ड लगाया जायेगा।
6-जल ही जीवन है इसे अनावश्यक न बहाये।
7-सार्वजनिक पोखरी, तालाब, मैदान सड़क नाला नाली के उपर अवैध अतिक्रमण न करें।
8-प्रकाश बिन्दु को न तोडे, दिन में वल्व आदि जलता पाया जाने पर नगर पालिका परिषद को सूचित करें।
9-नगर पालिका परिषद द्वारा कूड़ा उठाने के उपरान्त सड़क पर कूड़ा न डाले। नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करें।
10-सूखा कूडा एंव गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टबीन में डाले।
11-कोई ऐसा कृत्य न करें, जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो तथा जनमानस को हानि हो।
12-(DCCC) टोल फ्री नं0-1533 सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए टोल फ्री नम्बर-14420

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बिलरियागंज आजमगढ़।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बिलरियागंज आजमगढ़।

पत्रांक : मेमो / न0पा0प0वि0/2025-26 दिनांक-12.08.2025

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ग्रेटर नोएडा: बीटेक के छात्र ने आत्महत्या की

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष के छात्र ने अपने छात्रावास के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अपने सुसाइड नोट में, शिवम डे ने अपनी मौत के लिए किसी को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया और विश्वविद्यालय से फीस उसके माता-पिता को वापस करने का अनुरोध किया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि छात्र ने यह भी लिखा कि वह पढ़ाई का दबाव नहीं झेल पा रहा था।

### बंधक इजराइलियों के परिजन ने की हड़ताल

**यरूशलम।** गाजा में बंधक बनाए गए इजराइल के लोगों के परिवारों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल के साथ अपना अभियान तेज कर दिया है। साथ ही पुलिस ने व्यवस्था में व्यवधान के आरोप में रविवार को 24 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वाले या सार्वजनिक व्यवस्था को खतरे में डालने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। ये गिरफ्तारियां ऐसे समय में हुई हैं जब कुछ व्यवसाय, थिएटर और रेस्तरां एकजुटता दिखाते हुए बंद किए गए हैं और इजराइल के नेता गाजा में नए हमले की योजना बना रहे हैं।

### आईएस के ठिकानों पर इराक के हवाई हमले

**बगदाद।** इराकी सुरक्षा बलों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के ठिकानों पर दो हवाई हमले कर वहां छिपे कुछ आतंकवादी मार गिराए हैं। इराकी संयुक्त अभियान कमान (जेओसी) ने ने एक बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर, पहला हमला मंगलवार को एफ-16 विमानों से सलाहुद्दीन प्रांत में आईएस के एक महत्वपूर्ण ठिकाने को निशाना बनाकर किया गया।

### सूडान में आरएसएफ के हमले में 31 की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के अल फशर शहर में रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) के हमले में शनिवार को कम से कम 31 लोग मारे गए जिनमें सात बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं। इस हमले में 13 अन्य लोग घायल हो गए।

# वाशिंगटन में जेलेंस्की के साथ ट्रंप की बैठक में यूरोपीय नेता भी होंगे शामिल

## यूरोपीय कमीशन की प्रमुख लेयेन, मैक्रों, मर्ज और मार्क रूटे जाएंगे बैठक में

**कीव, एजेंसी**


यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने रविवार को कहा कि यूरोपीय और नाटो नेता यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे। सोमवार को व्हाइट हाउस में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक के संबंध में यह कदम फरवरी में ट्रंप से मुलाकात के दौरान जेलेंस्की के साथ हुई तीखी झड़प की पुनरावृत्ति को रोकने का एक स्पष्ट प्रयास माना जा रहा है।

यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा की प्रमुख वॉन डेर लेयेन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, राष्ट्रपति जेलेंस्की के अनुरोध पर मैं कल व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप और अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक में शामिल होऊंगी। रविवार को एक के बाद एक कई यूरोपीय नेताओं ने भी घोषणा की कि वे वहां जा रहे हैं। इनमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और नाटो सैन्य गठबंधन के महासचिव मार्क रूटे शामिल हैं।



ईयू मुख्यालय में उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की।

### यूक्रेन में शांति के लिए ट्रंप की पत्नी मेलानिया का पुतिन को पत्र- बच्चों की मासूमियत की रक्षा करें



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नाम एक पत्र लिखकर यूक्रेन में शांति का अनुरोध किया है। ट्रंप ने मेलानिया का यह पत्र पुतिन को अलास्का में सौंपा। मेलानिया ट्रंप के इस पत्र में यूक्रेन का नाम नहीं लिया गया लेकिन पुतिन से बच्चों और उनकी उस मासूमियत के बारे में विचार करने की अपील की गई और इसे भौगोलिक सीमाओं, सरकार और विचारधारा से परे बताया गया। अमेरिकी प्रथम महिला ने संघर्ष का उल्लेख किया, बस पुतिन से इतना कहा कि वे अपने प्रयास से उन बच्चों की हंसी वापस ला सकते हैं जो इस संघर्ष में फंस गए हैं। उन्होंने पत्र में लिखा, इन बच्चों की मासूमियत की रक्षा करके आप न सिर्फ रूस की बल्कि पूरी मानवता की सेवा करेंगे।

### पुतिन यूक्रेन को नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी देने को सहमत: विटकॉफ

**न्यूयॉर्क।** विशेष अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संग शिखर वार्ता में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका व यूरोपीय सहयोगियों को यूक्रेन को नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी देने पर सहमति व्यक्त की है। विटकॉफ ने कहा यह गारंटी नाटो की सामूहिक रक्षा प्रतिबद्धता के समान होगी व साढ़े तीन साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी संभावित समझौते का हिस्सा है। विशेष अमेरिकी दूत ने कहा कि उन्होंने पहली बार पुतिन को इस पर सहमत होते सुना है। विटकॉफ ने अलास्का में शुक्रवार को हुई शिखर बैठक का पहला ब्योरा देते हुए कहा कि यूक्रेन के किसी भी अन्य क्षेत्र पर कब्जा न करने के लिए रूस कानूनी प्रतिबद्धता जताएगा। इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अगर युद्ध-विराम नहीं हुआ, तो इसके नतीजे भुगतने होंगे, जैसा कि ट्रंप ने पुतिन से मुलाकात से पहले चेतावनी दी थी।

### हड़ताल : एयर कनाडा की 700 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**ओटावा।** कनाडा की सबसे बड़ी एयरलाइन एयर कनाडा ने कहा है कि उसने अपने 10,000 फ्लाइट अटेंडेंट की हड़ताल के कारण एयर कनाडा और एयर कनाडा रूज के सभी परिचालन को फिलहाल रोक दिया है। कुल मिलाकर 700 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं। एयरलाइन ने कहा कि कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक एम्प्लॉइज के नेतृत्व में हड़ताल शनिवार को शुरू हुई। इसके बाद एयर कनाडा ने कहा था कि वह श्रमिक व्यवधान को प्रबंधित करने के लिए 700 दैनिक उड़ानें कम कर रहा है। एयरलाइन ने कहा कि हड़ताल से रोज लगभग 1,30,000 लोग प्रभावित होंगे। मुआवजे में वृद्धि, ग्राउंड वेतन, बेहतर पेंशन और लाभ तथा चालक दल के आराम संबंधी मुद्दों पर आठ महीने की बातचीत के बावजूद एयर कनाडा सीयूपीई के साथ समझौते पर पहुंचने में नाकाम रहा है।

# आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे भारत-नेपाल

**काठमांडू, एजेंसी**



विदेशमंत्री आरजू राणा मिले विक्रम मिसरी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने रविवार को नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से मुलाकात के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। मिसरी नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर सुबह काठमांडू पहुंचे। प्रधानमंत्री कार्यालय में ओली के साथ मिसरी की बैठक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए आपसी हितों के मामलों पर चर्चा की गई। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मिसरी ने गहरे सभ्यतागत संबंधों और मजबूत भारत-नेपाल साझेदारी की पुष्टि की तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव भी बैठक में उपस्थित रहे। विदेश सचिव ने राष्ट्रपति पौडेल से अलग से मुलाकात कर भारतीय नेतृत्व की ओर से शुभकामनाएं दीं, साथ ही द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी। मिसरी विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा से भी मिले। वह नेपाल के विदेश सचिव राय के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। वह नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी सेंटर चेयरमैन पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' सहित प्रमुख दलों के शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

## अंडमान में सामरिक जरूरत के लिए अतिरिक्त बल तैनात

**पोर्ट ब्लेयर, एजेंसी।** अंडमान और निकोबार कमान के कमांडर इन चीफ के लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा ने कहा कि इस द्वीपसमूह की रणनीतिक अहमियत को समझते हुए विभिन्न अतिरिक्त क्षेत्रीय बलों को यहां तैनात किया जा रहा है। उन्होंने आतंकवाद सहित किसी भी खतरे को नाकाम करने के लिए द्वीपों की 24 घंटे निगरानी की आवश्यकता पर भी बल दिया। सीआईएनसीएएन ने कहा कि अंडमान और निकोबार कमान अब सिर्फ एक द्वीप चौकी नहीं रह गई है, बल्कि यह एक रणनीतिक केंद्र बन रही है और आवश्यकता पड़ने पर सभी सैन्य जहाजों की निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि अंडमान के निकट 90 डिग्री और 85 डिग्री रिज के आसपास कई अनुसंधान पोत लगातार मौजूद रहते हैं। उन्होंने कहा, ये रिज न केवल पॉलीमेटेलिक नोड्यूल्स से समृद्ध हैं, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र से आने वाले कई समुद्री केबल भी इनसे होकर गुजरते हैं, जो दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को जोड़ते हैं।

## सैन्य प्रशिक्षण के दौरान दिव्यांग कैडेटों का सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उन कैडेट्स के समक्ष आ रही कठिनाइयों का स्वतः संज्ञान लिया है, जिन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान दिव्यांग होने के बाद चिकित्सा आधार पर सैन्य संस्थानों से बाहर कर दिया जाता है।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ सोमवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी। यह मामला 12 अगस्त को तब दर्ज किया गया था जब एक मीडिया रिपोर्ट में इन कैडेट्स के मुद्दे को उठाया गया था। ये कैडेट कभी राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) जैसे देश के शीर्ष सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षण का हिस्सा थे। रिपोर्ट के अनुसार, 1985 से अब तक लगभग 500 अधिकारी कैडेट्स को प्रशिक्षण के दौरान हुई दिव्यांगता के कारण न्य संस्थानों से बाहर कर दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार अब ये लोग बढ़ते चिकित्सा बिलों का सामना कर रहे हैं और उन्हें दी जा रही मासिक अनुग्रह राशि बेहद कम है।

- **सैन्य संस्थानों से बाहर किए गए कैडेट्स की अनुग्रह राशि बेहद कम**

# एक साथ चुनाव: संवैधानिक वैधता का मतलब वांछनीयता नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक की समीक्षा कर रही संसदीय समिति से कहा है कि किसी प्रस्ताव की संवैधानिक वैधता यह नहीं दर्शाती कि उसके प्रावधान वांछनीय या आवश्यक भी हैं। न्यायमूर्ति खन्ना ने स्पष्ट किया कि किसी प्रस्ताव को संविधान के अनुरूप मान लेने का यह अर्थ नहीं है कि वह समाज या लोकतंत्र के लिहाज से उचित या जरूरी भी है।

समिति को दिए अपने लिखित मत में न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के बारे में देश के संघीय ढांचे को कमजोर करने संबंधी तर्क उठाए जा सकते हैं। उन्होंने इस अवधारणा के समर्थन और आलोचना में किए गए दावों को सूचीबद्ध भी किया।



- **संसदीय समिति के सामने पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना का मत**

भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति के साथ अपने विचार साझा करने वाले अधिकांश विशेषज्ञों ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि प्रस्ताव असंवैधानिक हैं, लेकिन उन्होंने विधेयक के वर्तमान प्रावधानों के साथ कुछ मुद्दों को उठाया है। पूर्व प्रधान न्यायाधीश ने समिति से कहा, 'यह खंड मनमाना होने और संविधान के अनुच्छेद-14 का उल्लंघन करने के आधार पर संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करने तथा उस पर हमला करने के कारण प्रश्नगत होगा।

### चुनाव आयोग की असीमित शक्तियों पर चिंता

न्यायमूर्ति खन्ना भारत के कुछ अन्य पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के साथ मिलकर विधेयक में निर्वाचन आयोग को दी गई शक्तियों की सीमा पर चिंता जता रहे हैं। उन्होंने संसद की समिति को बताया कि प्रस्तावित विधेयक निर्वाचन आयोग को यह तय करने के मामले में असीमित विवेकाधिकार देता है कि किसी राज्य विधानसभा का चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ नहीं कराया जा सकता। साथ ही, इस संबंध में राष्ट्रपति को सिफारिश करने का अधिकार भी आयोग को दिया गया है। इस प्रकार का असीमित अधिकार किसी एक संस्था को देना संतुलित लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दृष्टिकोण से चिंताजनक हो सकता है।

- पूर्व प्रधान न्यायाधीश ने संसद की समिति को आगाह किया कि यदि निर्वाचन आयोग किसी राज्य में चुनाव स्थगित करता है तो इसका परिणाम अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रपति शासन के रूप में हो सकता है। यानी केंद्र सरकार राज्य सरकार के कार्यों का नियंत्रण संभाल सकती है। यह स्थिति न्यायिक दृष्टि से सवालों के घेरे में आ सकती है, क्योंकि यह संविधान द्वारा कल्पित संघीय ढांचे का उल्लंघन मानी जा सकती है।









> किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ खेलना कभी आसान नहीं होता जिसके बारे में आपको पता हो कि वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं है। यह और भी मुश्किल हो जाता है जब यह पता हो कि वह शानदार खिलाड़ी है और कोर्ट के बाहर इतना अच्छा इंसान है।
> -अल्काराज



## हाईलाइट

### सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में अल्काराज

**ओहियो (अमेरिका) :** स्पेन के स्टार कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन में अस्वस्थ एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर लगातार सातवें टूर-लेवल फाइनल में जगह बना ली। शनिवार रात खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में अल्काराज ने जर्मनी के अस्वस्थ चल रहे ज्वेरेव पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। इस जीत ने यह तय कर दिया कि अल्काराज टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में इटली के जैनिक सिनर से भिड़ेंगे। शुरुआती सेट का निर्णय अल्काराज के शानदार प्रदर्शन से हुआ, पर पसीने से लथपथ ज्वेरेव को दूसरे सेट में शारीरिक रूप से संघर्ष करना पड़ा।

### डायमंड हार्बर डूरंड कप के सेमीफाइनल में

**जमशेदपुर :** डायमंड हार्बर ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पदार्पण वर्ष को यादगार बनाते हुए क्वार्टर फाइनल में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ बड़ा उलटफेर करते हुए अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। रक्षापंक्ति के खिलाड़ी सैरुआटकिमा के दो गोल की मदद से डायमंड हार्बर ने यहां जेआरडी टाटा खेल परिसर में इंडियन सुपर लीग की टीम को 2-0 से हराया। सैरुआटकिमा ने मैच के तीसरे और 41वें मिनट में गोल कर स्टेडियम में मौजूद घरेलू टीम के दर्शकों को सन्न कर दिया। अंतरिम कोच स्टीवन डायस के नेतृत्व में जमशेदपुर एफसी ने ब्रेक के बाद गेंद पर दबदबा बनाए रखा, लेकिन डायमंड हार्बर के गोलकीपर मिरशाद कूट्टप्पुन्ना और रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों ने उन्हें गोल करने नहीं दिया।

### आईसीसी ने सिम्पसन को याद किया

**दुबई :** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन के निधन पर शोक व्यक्त किया और 1990 के दशक में टीम के विश्व क्रिकेट में शिखर तक पहुंचने के दौरान एक खिलाड़ी, कप्तान और कोच के रूप में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक सिम्पसन का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने एक बयान में सिम्पसन के योगदान की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें लंबे समय तक याद रखा जाएगा। शाह ने बयान में कहा बॉब सिम्पसन खेल के महान खिलाड़ियों में से एक थे और उनके निधन से बहुत दुख हुआ।

### अवसरों का फायदा उठाना चाहते हैं यश

**नई दिल्ली :** भारत के पूर्व अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान यश ढुल शीर्ष स्तर की क्रिकेट में जगह बनाने के अपने सपने को पूरा करने के लिए मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं, जैसा कि उन्होंने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार शतक जड़कर किया था। ढुल ने शनिवार को बारिश से प्रभावित इस मैच में शतक जमाया जिससे सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हराया। ढुल ने पीटीआई वीडियो से कहा मैं इस बारे में सोचता हूं कि मुझे जो अवसर मिला है उसका मैं कैसे फायदा उठाऊं। अगर आप भविष्य के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं तो आप वर्तमान में अच्छा नहीं खेल सकते।

# अपने अंतिम समय में भी मैक्सवेल जीत सकते हैं एक और विश्व कप

**केन्र्स (आस्ट्रेलिया), एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक टी20 मैच से पहले, ग्लेन मैक्सवेल से पूछा गया कि क्या वनडे से संन्यास लेने के बाद उन्हें अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की समाप्ति तिथि पर विचार करने का मौका मिला है। उन्होंने उत्साह से कहा, 'नहीं।' अगर वह चाहें, तो अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाला टी20 विश्व कप इस प्रारूप के महान खिलाड़ियों में से एक के लिए एक उपयुक्त शुरुआती बिंदु होगा।

यह विश्वास करना मुश्किल है कि वह दो साल और खेल पाएंगे, जबकि 2028 का विश्व कप ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। शनिवार शाम को उन्होंने बल्ले से दिखाया कि वह अब भी क्या कर सकते हैं, 36 गेंदों में नाबाद 62 रनों की शानदार पारी खेलकर एक अनिश्चित लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत की ओर ले गए। इससे पहले उन्होंने लॉन्ग-ऑन पर डेवाल्ड ब्रेविस की विनाशकारी पारी का अंत करने के लिए एक मैच-बदलने वाला कैच लपका था।

पिछले महीने सेंट किट्स में उन्होंने 18 गेंदों पर 47 रन की पारी खेली थी और इस सीरीज में उन्हें तीन अलग-अलग स्थानों पर इस्तेमाल किया गया। परिस्थिति के अनुसार थोड़ा लचीलापन तो हमेशा रहेगा, लेकिन विश्व कप के लिए छठा और सातवां नंबर उनके लिए सबसे उपयुक्त लग रहा है। बल्लेबाजी में कई बार मैक्सवेल असहज दिखते हैं और हमेशा की तरह, ऐसे पल भी आते रहेंगे जो उन्हें परेशान करते हैं: ओह, मैक्सी, तुमने ऐसा क्यों किया? शॉट। लेकिन फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक मैच जैसे मौके भी आते हैं, जब वह सटीक निशाना साधते हैं और सब कुछ सही निकलता है। जिस तरह से उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए खुद को संभाला, वह एक शानदार दिमाग की झलक थी। सिंगल्स लेने में




- **दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 36 गेंदों में नाबाद 62 रन बनाकर दिखाया उनमें अब भी है दम**

नाकाम रहे - यहां तक कि थोड़े समय के लिए, जब बेन ड्वारशुइस जैसे बेहद काबिल आठवें नंबर के बल्लेबाज़ उनके साथ थे - और आखिरी ओवर में लुंगी एनगिडी की गेंदबाजी को भांपने की कोशिश करते हुए उन्होंने शॉर्ट थर्ड पर एक फुलटॉस को रिवर्स करके मैच जीत लिया, जबकि पिछली दो गेंदों पर उन्होंने रन नहीं बनाए थे और जरूरत के दो ओवरों में से चार रन बच गए थे।

मैक्सवेल ने कहा मैं शायद पिछली गेंद पर ऐसा करने के बारे में सोच रहा था। (लेकिन) मुझे लगा कि वह पहले वाली गेंद धीमी करने वाला था ताकि मैं उसे मिडविकेट पर दो रन के लिए मार सकूं। जैसे ही गेंद तेज हुई, मुझे एहसास हुआ कि मैंने शायद गेंद न मारकर गलती की है। मैंने गेंद को इतनी अच्छी तरह मारा कि दो रन नहीं मिल पाए, इसलिए मैंने सोचा, कोई बात नहीं, मैं आखिरी दो गेंदों में से एक पर चौका मारूंगा , उम्मीद है कि चौका लग जाएगा।

मुझे लगा कि वह धीमी गेंद नहीं डालेगा। हालांकि मैं पहले उससे एक रन ले पाया था, मुझे नहीं लगा था कि यह इतना आसान होगा। मुझे लगता है कि बात थोड़ी ज्यादा बारीक थी। मुझे लगा कि गेंद को वहां तक पहुंचाने के लिए मुझे तेज गति की ज़रूरत है।

### अब बेहतर फार्म में हैं मैक्सवेल

- वनडे मैचों से संन्यास लेते समय, मैक्सवेल ने मैदान पर 50 ओवर नहीं टिक पाने का हवाला दिया था, लेकिन हाल ही में कुछ बाउंड्री कैचों से यह बात और पुख्ता हुई है कि वह शानदार पल बिताने में सक्षम हैं। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से पहले अच्छी फॉर्म में है और मैक्सवेल खेल के तीनों पहलुओं में, दूसरी बार खिताब जीतने की उनकी कोशिश का एक अहम हिस्सा होंगे। उनकी ऑफ स्पिन टीम के संतुलन का एक अहम हिस्सा है और विश्व कप में पावरप्ले में एक अच्छा विकल्प साबित हो सकती है। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली दो सीरीज में मैक्सवेल ने अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया है।

# बीसीसीआई ने घरेलू क्रिकेट में समान चोट स्थानापन्न नियम लागू किया

## इंग्लैंड टेस्ट में ऋषभ पंत और क्रिस वोक्स की चोट के बाद उठाया कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी खेल शर्तों में संशोधन करते हुए आगामी सत्र के लिए बहु-दिवसीय घरेलू टूर्नामेंटों में 'गंभीर चोटों के स्थानापन्न' खिलाड़ी का प्रावधान लागू किया है। यह कदम भारत और इंग्लैंड के बीच हाल में 2-2 से बराबर रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला के दौरान ऋषभ पंत और क्रिस वोक्स के चोटिल होने के बाद- उठाया गया है। राज्य संघों को सूचित किए गए नए नियम में कहा गया है अगर किसी खिलाड़ी को संबंधित मैच के दौरान गंभीर चोट लगती है तो निम्नलिखित परिस्थितियों में स्थानापन्न खिलाड़ी की अनुमति दी जा सकती है। इसमें आगे कहा गया है यह गंभीर चोट खेल के दौरान और अनुच्छेद 1.2.5.2 में वर्णित खेल क्षेत्र के भीतर लगी होनी चाहिए। इसके अनुसार चोट किसी बाहरी झटके के कारण लगी होनी चाहिए और इसके परिणामस्वरूप फ्रैक्चर



या गहरा कट या 'डिस्लोकेशन' (खिसकना) आदि हुआ हो। इस चोट के कारण खिलाड़ी बचे मैच के लिए अनुपलब्ध हो जाना चाहिए।

इसमें कहा गया स्थानापन्न खिलाड़ी की पहचान करें जो गंभीर चोट वाले खिलाड़ी के लिए समान प्रतिस्थापन होगा। यह नियम सीनियर और जूनियर घरेलू टूर्नामेंटों के बहु-दिवसीय मुकाबलों में लागू होगा तथा 28 अगस्त से दलीप ट्रॉफी और अंडर-19 सीके नायडू ट्रॉफी में इसकी शुरुआत होगी।

### नियम

- 1.2.8.1: यदि किसी खिलाड़ी को संबंधित मैच के दौरान गंभीर चोट लगती है तो निम्नलिखित परिस्थितियों में गंभीर चोट प्रतिस्थापन की अनुमति दी जा सकती है।
- 1.2.8.1.1: गंभीर चोट खेल के दौरान और ऊपर अनुच्छेद 1.2.5.2 में वर्णित खेल क्षेत्र के भीतर लगी होनी चाहिए। चोट किसी बाहरी झटके के कारण लगी होनी चाहिए और फ्रैक्चर या गहरा कट या 'डिस्लोकेशन' आदि के कारण हुई होनी चाहिए। चोट के कारण खिलाड़ी बचे हुए मैच में भाग के लिए अनुपलब्ध होना चाहिए।
- 1.2.8.1.2: गंभीर चोट की सीमा और गंभीर चोट प्रतिस्थापन की अनुमति पर निर्णय लेने का अंतिम अधिकार मैदानी अंपायर का होगा। वे बीसीसीआई मैच रेफरी या मैदान पर उपलब्ध डॉक्टर से परामर्श कर सकते हैं।
- 1.2.8.1.3: टीम मैनेजर बीसीसीआई मैच रेफरी को एक फॉर्म पर 'गंभीर चोट प्रतिस्थापन' अनुरोध प्रस्तुत करेगा जो : 1.2.8.1.3.1: उस खिलाड़ी की पहचान करें जिसे गंभीर चोट लगी है।
- 1.2.8.1.3.3: पुष्टि करें कि खिलाड़ी को गंभीर चोट लगी है और वह चोट के कारण मैच में आगे भाग नहीं ले पाएगा।
- 1.2.8.1.3.4: अनुरोध किए गए खिलाड़ी की पहचान करें जो गंभीर चोट वाले खिलाड़ी का समान होगा।
- 1.2.8.1.3.5 इन सभी परिस्थितियों में गंभीर चोट प्रतिस्थापन खिलाड़ी को टॉस के समय नामित स्थानापन्नों में से चुने (कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी के लिए खिलाड़ियों के नामांकन के समय से)। बस उस स्थिति में जब विकेटकीपर गंभीर रूप से चोटिल हो और उसे प्रतिस्थापन की आवश्यकता हो तब मैच रेफरी नामित प्रतिस्थापनों में से किसी अन्य खिलाड़ी को विकेटकीपर की अनुमति दे सकता है।

# बाबर और रिजवान एशिया कप के लिए टीम से बाहर

**लाहौर :** पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने इस महीने के आखिर में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला और उसके बाद एशिया कप के लिए रविवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को जगह नहीं दी गयी। बाबर और रिजवान ने 2021 में यूएई में आईसीसी विश्व कप में पाकिस्तान को भारत पर पहली जीत दिलाने में मदद की थी। यह जोड़ी पिछले कुछ समय से इस प्रारूप की टीम का हिस्सा नहीं है। बाबर और रिजवान दोनों ने दिसंबर 2024 में अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।

### पाकिस्तान की टीम

सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम।

# पीएम मोदी के मिशन ओलंपिक को लेकर शुरू हुई तैयारी

**राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या**

- चीन में आयोजित होगी अंडर-15 वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप
- खेलों को लेकर अभी से खिलाड़ी तैयार किए जाने का लक्ष्य
- चैंपियनशिप को राज्य स्तरीय चयन ट्रायल लखनऊ में आज से

**अमृत विचार:** पीएम मोदी के मिशन ओलंपिक को लेकर खिलाड़ी तैयार करने की कोशिश शुरू कर दी गई है। इसकी शुरुआत अंडर-15 वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप से किए जाने की खबर है। यह चैंपियनशिप चीन के शांग्लुओ शहर में चार से 16 दिसंबर के बीच प्रस्तावित है। अंडर 15 स्कूली भारतीय वॉलीबॉल टीम चयन से इसके संकेत हैं।

भारतीय टीम के चयन की प्रक्रिया के प्रथम चरण में राज्य स्तरीय चयन ट्रायल बालक वर्ग का 18 व बालिका वर्ग का 19 अगस्त से लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होने जा रहा है। भारत वर्ष 2036 में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी चाहता है। इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। इसके पहले वर्ष 2028 और वर्ष 2032 में होने वाले ओलंपिक की मेजबानी तय हो गई है। खेल विशेषज्ञों की मानें तो वर्ष 2036 में भारत में संभावित ओलंपिक के लिए खिलाड़ी तैयार करने पर ज्यादा फोकस है। इसीलिए 15 से 20 साल के खिलाड़ियों पर अंदर खाने में देश का खेल मंत्रालय और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने फोकस बढ़ा दिया है। तब तक देश से बड़ी संख्या में अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने का लक्ष्य है।

चीन में होने वाले अंडर 15 बालक/बालिका वॉलीबॉल पर फोकस इसी दृष्टि से बताया गया है। जल्द से जल्द चीन के



### चयन ट्रायल के लिए आज पहुंचेंगे खिलाड़ी

- राज्य स्तरीय चयन ट्रायल के लिए 18 अगस्त से खिलाड़ी लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम पहुंचेंगे। 18 अगस्त को बालकों को बुलाया गया है। 19 अगस्त को बालिका खिलाड़ियों को बुलाया गया है।

शांग्लुओ में आयोजित वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए जाने वाली टीम का चयन कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण दिया जाएगा। राष्ट्रीय टीम के चयन ट्रायल के लिए बाले बाडी पुणे में 25 अगस्त को बालक और 28 अगस्त को बालिका खिलाड़ियों को बुलाया गया है। इसके पहले राज्यों से खिलाड़ी चयन किए जाएंगे। इसको लेकर डॉ. भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान के प्राचार्य आरपी शर्मा ने संयुक्त शिक्षा निदेशक को पत्र भेजा है।

> वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप अंडर-15 चीन के शांग्लुओ शहर में चार से 16 दिसबंर के बीच आयोजित होगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के लिए खिलाड़ी तैयार करने के लिए खेल मंत्रालय भारतीय खेल प्राधिकरण और एसजीएफआई अच्छे खिलाड़ी तैयार करने की योजना पर काम कर रहे हैं। वर्ल्ड चैंपियनशिप की राष्ट्रीय टीम के लिए प्रदेश में चयन ट्रायल 18 अगस्त को शुरू हो रहा है। इसके लिए मंडल से वॉलीबॉल के सर्वश्रेष्ठ पांच बालक और पांच बालिका खिलाड़ी भेजे जा रहे हैं। चयन ट्रायल के प्रदेश से पांच बालक और पांच बालिका खिलाड़ी पुणे के चयन ट्रायल में भेजे जाएंगे।
> -धर्मेंद्र सिंह, मंडलीय क्रीड़ा सचिव, अयोध्या

# सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली :** भारत अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने भूटान के थिम्पू में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए रविवार को 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में चार टीमें भारत, भूटान, नेपाल और बांग्लादेश डबल राउंड-रॉबिन लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम छह मैच खेलेगी और सबसे अधिक अंक हासिल करने वाली टीम चैंपियन बनेगी। सभी मैच चांगलिमिथांग स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी को जीत दिलाई

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी**

लियोनेल मेसी ने चोट से उबरकर दशकों से भारी समर्थन के बीच एक गोल किया। जबकि एक गोल करने में मदद की जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) फुटबॉल टूर्नामेंट में एलए गैलेक्सी पर 3-1 से जीत दर्ज की।

मेसी चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। मैच के बाद मियामी के डिफेंडर मैक्सिमिलियानो फाल्कन ने मेस्सी की तारीफ करते हुए कहा हमें इसकी आदत हो गई है। आपने देखा होगा कि उसने क्या किया, गोल पर साफ़ नज़र रखते हुए गेंद हासिल की और गोल कर दिया। अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने हमवतन रोड्रिगो डी पॉल की मदद से गोल करके दर्शकों को रोमांचित किया। मेस्सी को दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। इंटर मियामी उनके बिना लीग कप क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया, लेकिन एमएलएस मुकाबले में उसे अपने राज्य के प्रतिद्वंद्वी ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा।



### बार्सिलोना की जीत से शुरुआत

- **मैड्रिड :** बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने खिताब के बचाव की शुरुआत मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत के साथ की। उसने मालोर्का को मिले दो रेड कार्ड का फायदा उठाया। पिछले सत्र में बार्सिलोना के शानदार आक्रमण का नेतृत्व करने वाले राफिन्हा और लामिने यामल को एक बार फिर अपना प्रभाव छोड़ने में सिर्फ़ सात मिनट लगे। यामल के कर्लिंग क्रॉस पर राफिन्हा ने टीम की तरफ से पहले गोल किया।



शॉट लगाती एलिसा हीली। एजेंसी

# एलिसा हीली का शतक, ऑस्ट्रेलिया ए ने अंतिम महिला वनडे में भारत को हराया

**ब्रिस्बेन, एजेंसी**

स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की नाबाद 137 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को यहां भारत ए के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने शुक्रवार को दूसरे मैच में दो विकेट से जीत हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली थी। भारतीय टीम ने पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की थी।

भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 52 और विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के 54 गेंदों में 42 रन की बदौलत 216 रन बनाए, लेकिन पूरी टीम 47.4 ओवर में आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ए की

- **तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर चुका है भारत**

कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने आठ ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने केवल 27.5 ओवर में एक विकेट पर 222 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। हीली ने 84 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और 23 चौके लगाए। इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को ताहलिया विल्सन के रूप में अच्छी जोड़ीदार मिली, जिन्होंने 59 रन बनाए। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। भारतीय टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं रही और उसने हीली को दो जीवनदान दिए। इससे पहले शेफाली ने अपनी पूरी लय में रहते हुए सात चौकों की मदद से अर्धशतक जड़ा।

### विश्व कप में स्पिन की होगी चुनौती : हीली

- **ब्रिसबेन :** ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी खिलाड़ी एलिसा हीली ने माना है कि रिकॉर्ड आठवीं बार विश्व कप जीतने के लिए उनकी टीम को भारतीय उपमहाद्वीप में स्पिन गेंदबाजों की चुनौती से बड़े पैमाने पर निपटना होगा। महिला विश्व कप का आयोजन अगले महीने भारत और श्रीलंका में होगा। इस विश्व कप में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज पर सबकी निगाहें होंगी। हीली ने भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन मैचों की सीरीज के आखिरी वनडे में नाबाद 137 रन की पारी के साथ लय में वापसी की।

**स्पष्टीकरण** — रविचंद्रन अश्विन बोले-आईपीएल अनुबंध की रकम के बारे में टिप्पणी नहीं की

# ब्रेविस की बल्लेबाजी के बारे में बात कर रहा था

**चेन्नई, एजेंसी**

दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स के डेवाल्ड ब्रेविस के साथ करार किए जाने के बारे में अपने बयान को स्पष्ट करते हुए कहा है कि इस मुद्दे पर उनकी मुख्य बात इस दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी के बल्लेबाजी प्रदर्शन को लेकर थी न कि उस कीमत पर जिस पर उन्हें आईपीएल 2025 के बीच में खरीदा गया था।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर संकेत दिया कि चेन्नई सुपर किंग्स ब्रेविस की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार थी जिसके बाद विवाद छिड़ गया। उनके इस बयान के बाद पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम को स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा था।



अश्विन ने अपने यू - ट्यूब चैनल पर कहा पुराने वीडियो में मेरा इरादा ब्रेविस की बल्लेबाजी के बारे में बात करना था, ना कि उनके आईपीएल अनुबंध से जुड़ी रकम के बारे में। हमें यह समझना होगा कि आईपीएल में खेलने वाले हर खिलाड़ी का फ्रेंचाइजी और इस लीग के साथ एक अनुबंध होता है। इसके साथ ही फ्रेंचाइजी और आईपीएल के बीच भी बाध्यकारी अनुबंध होता है और अगर कुछ भी असामान्य होता है तो भी इसमें बदलाव नहीं होगा। अश्विन ने अपनी बात को साबित करने के लिए ब्रेविस को विशेष प्रतिभा वाला खिलाड़ी करार दिया। उन्होंने कहा आईपीएल में खिलाड़ियों के चोटिल होने पर उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी को लेना बहुत आम है।

यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप नियमों की लचीलता का कैसे इस्तेमाल करते हैं। यही मुख्य बात है। अगर आप चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और दक्षिण अफ्रीका के प्रशंसक हैं तो आपको ब्रेविस को लेकर बहुत उत्साहित होना चाहिए। वह एक खास प्रतिभा के धनी हैं। अश्विन के इस मामले में शुरुआती बयान के बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने शनिवार को एक स्पष्टीकरण जारी किया।

### किसी की कोई गलती नहीं है

- अश्विन ने फिर अपने पहले के बयान पर स्पष्टीकरण जारी करने की आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा आज के समय में सही चीजों को भी स्पष्ट करने की आवश्यकता है। इस मामले में किसी की कोई गलती नहीं है। इस मामले पर स्पष्टीकरण इसलिए आया है क्योंकि बहुत से लोगों को संदेह है। उन्होंने कहा सच यह है कि फ्रेंचाइजी , खिलाड़ी और संचालन समिति से कोई गलती नहीं हुई है। भारत के इस पूर्व स्पिनर ब्रेविस के साथ टीम के अनुबंध को मास्टरस्ट्रोक करार दिया।